Springboard ACADEMY

समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम

सितम्बर: 2026

CURRENT AFFAIRS (September-2026)

PUBLISHER

MAHECHA PUBLICATION

PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026

E-mail: thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

The Notes Hub

+91 7300134518, +91 7610010054

MAHECHA PUBLICATION

विषय–सूची

विषय–वस्तु		पृष्ठ–संख्या
1. राजस्थान–समसामयिकी	→	1-21
2. राष्ट्रीय–समसामयिकी	→	22-40
3. अंतरराष्ट्रीय–समसामयिकी	→	41-48
4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी	→	49-60
5. खेल–समसामयिकी	→	61-65

Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये

नोटः–इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनःप्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम–से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।

महत्त्वपूर्ण व्यक्तित्व

- **जस्टिस संजय कुमार अग्रवाल: राजस्थान उच्च न्यायालय के 44वें मुख्य न्यायाधीश**
  - **शपथ: 7 सितंबर 2026** को राज्यपाल **हरिभाऊ बागड़े** ने **लोक भवन** में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ (भारतीय संविधान के अनुच्छेद 219 के तहत) दिलाई।

  - **स्थानांतरण: छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय** से।
  - **43वें** मुख्य न्यायाधीश **जस्टिस के. आर. श्रीराम** के 27 सितंबर 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद, नए नियमित मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति होने तक **जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा** को राजस्थान हाई कोर्ट का **'कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश'** बनाया गया था।
- **राजस्थान के तीन प्रमुख विश्वविद्यालयों: कुलगुरुओं (Vice-Chancellor) की नियुक्ति**
  - **आदेश:** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से।
  - **अवधि: कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष/70 वर्ष की आयु** प्राप्त करने तक।
    1. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ➔ डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत
    2. पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर ➔ डॉ. युद्धवीर सिंह
    3. महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर ➔ प्रो. नरसी राम विश्नोई

महत्त्वपूर्ण स्थल

- **पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, वेटरनरी वि.वि.-बीकानेर [RAJUVAS]**
  - **चर्चा में:** 24 सितम्बर। **ऊँटनी के दूध में प्रोटीन हाइड्रोलायसेट (Protein Hydrolysate)** की जैव क्षमता बढ़ाने की तकनीक का विकास।

  - **उपलब्धि: भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय** द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया।
  - **शोधकर्त्ता:** डॉ. अनीता तंवर, आर. के. बेरवाल, योगेश कुमार, डॉ. अनिल हर्ष
  - **मुख्य उद्देश्य:** यह तकनीक ऊँटनी के दूध में मौजूद प्रोटीन हाइड्रोलायसेट के **कार्यात्मक गुणों** और **जैव सक्रिय क्षमता को** उन्नत खाद्य जैव प्रौद्योगिकी द्वारा बढ़ाने से संबंधित है।
- **PBM अस्पताल [प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल: बीकानेर]**
  - अस्पताल स्थित **आचार्य तुलसी रीज़नल कैंसर ट्रीटमेंट एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट** में देश की अत्याधुनिक विधि **CAR-T Cell Therapy** शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यह सुविधा शुरू करने वाला यह **राजस्थान का पहला सरकारी अस्पताल** बनेगा।
  - **वित्तीय सहायता (RGHS):** राजस्थान सरकार द्वारा **RGHS** के तहत इलाज के लिए करीब **₹30 लाख की मंजूरी** दी गई है, जिससे **कैंसर रोगियों को आधुनिक इलाज** बहुत कम खर्च में मिल सकेगा।
  - **स्वदेशी 'NexCAR19' तकनीक:** भारत ने दुनिया की सबसे सस्ती CAR-T (Chimeric Antigen Receptor) थेरेपी विकसित की है—**IIT बॉम्बे और टाटा मेमोरियल अस्पताल** द्वारा संयुक्त रूप से विकसित **NexCAR19** को CDSCO (केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन) से कमर्शियल मंजूरी अक्टूबर 2023 में मिल चुकी है। विदेशों में इस थेरेपी का खर्च 3.5-4 करोड़ रुपए आता है, जबकि स्वदेशी तकनीक के चलते भारत में यह मात्र **30-40 लाख रुपए** में उपलब्ध।

योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान/समारोह

- **PM-SETU योजना: त्रिपक्षीय शेयरधारक समझौता करने वाला देश का पहला राज्य राजस्थान**
  - **पृष्ठभूमि:** केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, GoI के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित 5वीं राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक में **'प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड ITI'** योजना के तहत **राजस्थान के भिवाड़ी ITI समूह के लिए ₹241 करोड़** के निवेश को मंजूरी दी।
  - **त्रिपक्षीय MoU:** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (भारत सरकार), राजस्थान सरकार और निजी क्षेत्र के उद्योग भागीदार 'एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड' के बीच हस्ताक्षरित।
  - **त्रि-राज्यीय वित्त आवंटन:** राजस्थान (भिवाड़ी), उत्तर प्रदेश (मेरठ), तेलंगाना (मेडचल) के तीन ITI समूहों के लिए कुल **₹735.70 करोड़** के निवेश प्रस्ताव मंजूर किए गए है।
  - **हब-एंड-स्पोक मॉडल:** राजस्थान में **गवर्नमेंट ITI भिवाड़ी** को मुख्य केंद्र (हब) बनाया जाएगा। इसके साथ अलवर, नीमराना, तिजारा और किशनगढ़ बास के सरकारी ITI संस्थानों को जोड़ा गया है।
- **'क्रांतिकारी चारु चंद्र बोस आर्थिक सबलता पुरस्कार योजना'**-
  - **लागू:** वर्ष 2025-26 से। **संचालित:** बालिका शिक्षा फाउंडेशन, राजस्थान सरकार
  - **उद्देश्य एवं पात्रता:** राजकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक पढ़ने वाली शारीरिक अक्षमता युक्त, मूक-बधिर एवं नेत्रहीन (**CWSN-Children With Special Needs**) बालिकाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना।
  - **लाभ: दो अलग-अलग योजनाओं के मर्जर से कागजी जटिलताएं खत्म होंगी** और पात्र दिव्यांग बालिकाओं को समय पर वित्तीय मदद मिल सकेगी।
    1. **शारीरिक अक्षमता युक्त बालिकाओं हेतु-** वर्ष 2004-05 से शुरू।
    2. **मूक-बधिर एवं नेत्रहीन बालिकाओं हेतु-** वर्ष 2005-06 से शुरू।
  - **वित्तीय सहायता स्वरुप-**
    - कक्षा **1 से 8 तक** अध्ययनरत पात्र बालिकाओं को:- **₹2,000 प्रतिवर्ष**
    - कक्षा **9 से 12 तक** अध्ययनरत बालिकाओं को:- **₹5,000 प्रतिवर्ष**
    - **Note:** राजकीय विद्यालयों को शाला दर्पण के बेनिफिशरी स्कीम पोर्टल पर पात्र बालिकाओं की सूचना दर्ज कर **15 अक्टूबर-2026** तक अप्रूव व लॉक करनी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया **31 अक्टूबर-2026** तक पूरी की जाए।
- **राजस्थान फूड पार्क डेवलपमेंट पॉलिसी-2026: मंजूरी-7 अगस्त 2026 को कैबिनेट बैठक में।**
  - मुख्य सचिव श्रीनिवास की अध्यक्षता में **9 सितंबर** को बैठक में **एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर्स** की समीक्षा की गई।
  - पॉलिसी के तहत प्रदेश में **39 फूड पार्क प्रस्तावित** है, जिनमें से **35 स्थानों पर भूमि आवंटित**।
  - वर्तमान में प्रदेश में **02 मेगा फूड पार्क, 04 एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर्स संचालित।**
  - **प्रमुख फसल क्लस्टर:** मूंग, सरसों, सोयाबीन, किन्नू, अनार, अमरुद, संतरा, इसबगोल, जीरा और लहसुन पर आधारित **10 एग्रो-प्रोसेसिंग क्लस्टर्स** विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।
  - **बागवानी क्लस्टर:** प्रस्तावित 10 क्लस्टर्स में से 07 **राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के 'क्लस्टर विकास कार्यक्रम' (CDP 2.0) के तहत पात्र** है। **अमरुद, अनार, जीरा** के तीन क्लस्टर्स की अवधारणा प्रस्ताव प्रस्तुत जबकि **इसबगोल, किन्नू, लहसुन, संतरा** के चार क्लस्टर्स को आगामी चरण में।

- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY): राजस्थान की प्रगति**
  - PMFBY के **प्रभावी एवं तकनीक आधारित क्रियान्वयन** (सितंबर 2026 तक)
  - भारत सरकार द्वारा तैयार रैंकिंग में **राजस्थान ने 43.5 अंक** प्राप्त कर देश में **चौथा स्थान** प्राप्त किया है।
  - **शीर्ष राज्य- प्रथम स्थान:** असम (55.5 अंक) **द्वितीय स्थान:** उत्तर प्रदेश (47.5 अंक)
  - **राजस्थान का तकनीकी प्रदर्शन-**
    - **फसल कटाई प्रयोग (CCE) ऐप के माध्यम से ऑनलाइन:** 10 में से 10 अंक (लगभग 90% फसल कटाई प्रयोग ऐप के माध्यम से ऑनलाइन हुए, जो देश में सर्वाधिक)
    - **Yes-Tec**- 'प्रौद्योगिकी आधारित उपज अनुमान प्रणाली' का क्रियान्वयन: 10 में से 10 अंक
    - **KCC खातों का नामांकन:** 7.5 अंक, **शिकायत निवारण:** 6 अंक
    - **भूमि अभिलेख एकीकरण:** राजस्थान फसल बीमा पोर्टल के साथ भूमि अभिलेख का एकीकरण करने वाला देश का **तृतीय राज्य** बना। राज्य के 89% गाँवों के भू-अभिलेख का एकीकरण जिसके तहत् 52946 गाँवों में से 47028 गाँवों के भू-अभिलेख का पोर्टल के साथ एकीकरण किया जा चुका है।
- **'जल संचय जन भागीदारी: कैच द रेन-2026' अभियान की समीक्षा बैठक: 30 सितंबर 2026**
  - **आयोजन:** शासन सचिवालय, जयपुर में मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** की अध्यक्षता में आभासी माध्यम से।
  - **राष्ट्रीय उपलब्धि: 30 सितंबर 2026 तक-**
    - जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण कार्यों के आधार पर **राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है**।
    - राष्ट्रीय स्तर पर **चूरू जिला-दूसरे, राजसमंद-चौथे, बालोतरा-पाँचवें** स्थान पर है।
    - प्रदेश में **कुल 1,33,605** जल संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण कार्यों में से **1,14,443 कार्य पूर्ण**।
    - प्रत्येक गाँव में स्थानीय आवश्यकता के अनुसार कम लागत वाली प्रभावी जल संरक्षण संरचनाओं (जैसे-छतों से वर्षाजल संग्रहण, रिचार्ज शाफ़्ट, तालाब आदि) को प्राथमिकता दी जाए।
- **फैटी लिवर की स्क्रीनिंग: राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर**
  - **बैठक अध्यक्षता:** इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली (निदेशक-**डॉ. शिव सरीन**)
  - **शुभारंभ**: 'मिशन लिवर स्माइल' **+** 'मिशन OV (Obesity Volume) लॉस' का।
  - **स्कूलों में W जोन** (Weight, Waist, Watch)**:** स्कूली बच्चों में मोटापे और मेटाबॉलिक जोखिम की समय पर पहचान के लिए स्कूलों में बनाए जाएंगे, जहाँ वजन, ऊंचाई और कमर की नाप ली जाएगी।
  - **स्क्रीनिंग आँकड़े:** वर्ष 2025-26 में 2.61 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 31.02 लाख संदिग्ध मिले; वहीं वर्ष 2026-27 में अब तक 1.32 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग में 17.44 लाख संदिग्ध पाए गए।
- **किसान रजिस्ट्री में राजस्थान की उपलब्धि: 30 सितंबर 2026 तक**
  - **उपलब्धि**: राजस्थान ने कृषि क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन के तहत भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित **90.19 लाख किसान ID** के लक्ष्य को 100% हासिल कर लिया है।
  - **राष्ट्रीय रैंकिंग:** राजस्थान **100% किसान ID लक्ष्य हासिल करने वाला उत्तर भारत का पहला तथा देश का छठा राज्य** बन गया है।

- **ऑपरेशनल होल्डिंग तुलना:** वर्ष 2015-16 की कृषि गणना के अनुसार प्रदेश में 76.54 लाख ऑपरेशनल होल्डिंग के मुकाबले किसान आईडी की उपलब्धि करीब **118%** तक पहुंच गई है, जिसके आधार पर राजस्थान **देश में तीसरे स्थान** पर है।
  - प्रदेश के कुल बोए गए क्षेत्र का करीब **62% हिस्सा** किसान ID के तहत कवर।
  - लगभग **99% गांवों का जियो-रेफरेंसिंग** कार्य पूरा हो चुका।
  - **एग्रीस्टैक आयुक्तालय:** राज्य में इसकी स्थापना कृषि विभाग में की जा रही है तथा **कृषि आयुक्त (नरेश कुमार गोयल)** को एग्रीस्टैक आयुक्त के रूप में नामित किया गया है।

‘टीबी मुक्त भारत अभियान’ में राजस्थान की बड़ी उपलब्धि

- **प्रमुख घोषणा:** प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य **गायत्री राठौड़** द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राजस्थान ने टीबी मुक्त भारत टीमों के गठन में **100% लक्ष्य** पूरा कर लिया है।
- **ब्लॉक स्तर पर गठन:** **प्रदेश के सभी 361 ब्लॉकों** में टीबी मुक्त भारत की टीमें तैयार कर ली गई।
- **युवाओं की भागीदारी:** इन टीमों से **1,805 'माय भारत' वॉलंटियर्स** और **1,805 NCC कैडेट्स** को जोड़ा गया है, जो टीबी के लक्षणों, जांच और समय पर इलाज के प्रति जागरूकता फैलाएंगे।
- **राष्ट्रीय तुलना: 21 सितंबर 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार,** देशभर में 7,026 ब्लॉकों में से 4,686 टीमें गठित हुई हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर गठन का औसत **67%** है, जबकि राजस्थान ने इसमें **100%** की उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है।

राज उन्नति (Raj. UNNATI) की 9वीं बैठक-

- **पूरा नाम:** **Rajasthan Unified Network for New Acceleration and Timely Implementation**
- **आयोजन:** 24 सितम्बर 2026 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कार्यालय में।
- **स्कूल अवसंरचना (12,500 करोड़ रुपये का निवेश):** प्रदेश के 65,308 राजकीय विद्यालयों के तकनीकी सर्वे के आधार पर जर्जर भवनों, बुनियादी सुविधा सुधार - सितंबर 2026 तक 2,973 करोड़ रुपये स्वीकृत।
- **उच्च शिक्षा (RIT स्थापना): भरतपुर, बीकानेर, अजमेर** के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को अपग्रेड कर **राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (RIT)** के रूप में विकसित।
- **स्वास्थ्य (ट्रोमा सेंटर): प्रदेश में 6 नए ट्रोमा सेंटरों** (कोलाना, दलोत, देसूरी, RUHS जयपुर, सांडेराव, दूदू) के निर्माण व उन्नयन की समयसीमा तय।

11वाँ राज्य स्तरीय आयुर्वेद दिवस-23 सितम्बर 2026

- **आयोजन:** कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान-जयपुर
- **आयोजक:** आयुष विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा।
- **थीम 2026: ‘स्वस्थ भविष्य के लिये आयुर्वेद’**

विकसित भारत-जन सेवा अभियान-आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

- ‘विकसित भारत जन सेवा अभियान’ (17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत 25-27 सितम्बर 2026 तक **प्रदेश के समस्त 63,000** आंगनबाड़ी केंद्रों पर **'आंगन मिलन सेवा'** का आयोजन हुआ।
- **नोडल विभाग:** समेकित बाल विकास सेवाएँ (ICDS), राजस्थान सरकार

- **ज्ञान भारतम मिशन: राजस्थान में पाण्डुलिपि डिजिटलीकरण कार्यशाला**
  - **आयोजन:** 28 सितंबर 2026, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर-जयपुर
  - **संचालित:** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
  - **अध्यक्षता:** उप-मुख्यमंत्री एवं पर्यटन तथा कला एवं संस्कृति मंत्री **दिया कुमारी**।
  - मिशन का **4-सूत्री मास्टर प्लान**-
    - हर जिले में बनेंगे संरक्षण केंद्र।
    - निजी संग्रहकर्ताओं को जोड़ा जाएगा।
    - यूनिवर्सिटीज तैयार करेंगी संस्कृत शब्दावली।
    - शोधार्थियों के लिए रहेंगे ओपन एक्सेस।
  - **ज्ञान भारतम मिशन प्रमुख प्रगति- राजस्थान**
    - लगभग **23 लाख पांडुलिपियों का सर्वे**।
    - लगभग **1.24 लाख पांडुलिपि डिजिटाइज्ड**।
    - **नोडल विभाग:** राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर एवं **राज्य नोडल अधिकारी:** राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर की निदेशक
    - **राजस्थान समन्वयक:** डॉ. सुरेन्द्र शर्मा

सबसे प्राचीन वि.सं 1730 की पांडुलिपि

RIC में डिजिटलाइजेशन के दौरान जयपुर के सोडाला से सबसे प्राचीन विक्रम संवत 1730 की पांडुलिपि सामने आई। गोस्वामी तुलसीदास के 50 साल बाद हिंदी-अवधी में लिखी यह पांडुलिपि रामचरितमानस के बालकांड की है।

विक्रम संवत् 1881 की पांडुलिपि: 'शूद्र' व नारी नहीं, 'अरनारी' का जिक्र: सोडाला से ही लाई गई अवधी-हिंदी की एक अन्य पांडुलिपि के 26वें पृष्ठ पर 'ढोल गंवार पशु अरनारी' दर्ज है। यहां 'अरनारी' का अर्थ शत्रु की नारी से है, हर स्त्री से नहीं। प्रचलित चौपाई में जहां शूद्र व नारी का उल्लेख है, वहीं इसमें शूद्र शब्द ही नहीं है।

5 से.मी. की सबसे छोटी पांडुलिपि: बीकानेर के अभय जैन ग्रंथालय से संवत 1770 में लिखी सबसे छोटी पांडुलिपि पहुंची है। 5 सेमी लंबी और 2.5 सेमी चौड़ी यह पांडुलिपि भवानी सहस्रनाम की है।



पांडुलिपियों के संरक्षण + डिजिटलीकरण के लिए क्लस्टर एवं स्वतंत्र केंद्रों का चयन – राजस्थान	
क्लस्टर केंद्र = 02	**स्वतंत्र केंद्र = 03**
1. राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर 2. विश्व गुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर	1. अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर 2. राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान (RORI), जोधपुर ('**आर्ष रामायण**' संरक्षित-**Ārṣa Rāmāyaṇa**) 3. पद्मश्री नारायण दास पांडुलिपि शोध संस्थान, जयपुर

प्रमुख पुरस्कार प्रकाशन एवं लेखक

- **जैन विश्व भारती-लाडनूं में उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी को 'आचार्य श्री तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार'**
  - **पुरस्कार:** नागौर जिले के लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में **51वें वार्षिक महिला अधिवेशन** में 23 सितंबर 2026 को दिया गया।
  - **योगदान:** नारी जागरण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान एवं जनसेवा के क्षेत्र में।

❑ क्यूएस एशिया रैंकिंग 2026 में राजस्थान यूनिवर्सिटी ने पहली बार बनाई जगह

- पहली बार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: एशिया 2026 के लिए आवेदन किया था और इसमें सफलता हासिल की है।
- **राष्ट्रीय स्तर (भारत) पर रैंक:** देश के 294 उच्च शिक्षण संस्थानों में राजस्थान यूनिवर्सिटी को **195वीं रैंक** मिली है।
  - **एशिया स्तर पर रैंक बैंड:** 1001-1100 रैंक बैंड
  - **दक्षिण एशिया क्षेत्र में रैंक:** 330वीं रैंक

❑ 'ले पैसेज टू इंडिया' को 'IATO पुरस्कार-2026'

- **पुरस्कार:** "IATO Award for Extraordinary Contribution in the Tourism Field – 2026"
- **विजेता संस्था:** 'ले पैसेज टू इंडिया' (LPTI), जयपुर
- **योगदान:** भारतीय पर्यटन के विकास में उत्कृष्ट योगदान, आतिथ्य और पर्यटन उद्योग में बेहतरीन कार्य ।
- **ग्रहण**: CEO **ललित मेहरा** , जबकि जयपुर में LPTI के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर **खालिद खान**।
- **प्रदाता:** भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं महानिदेशक **सुमन बिल्ला** द्वारा। यह पुरस्कार **भारतीय टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन (IATO) के <u>41वें वार्षिक सम्मेलन</u>** के दौरान प्रदान किया गया था। यह राष्ट्रीय सम्मेलन 10-13 सितंबर 2026 को विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) में आयोजित।

❑ <u>मिशन कर्मयोगी</u>: रैंकिंग में राजस्थान लगातार दूसरे माह प्रथम- [अगस्त एवं सितंबर माह]

- **आधार:** राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की **<u>क्षमता निर्माण और लर्निंग आउटकम</u>**।
- **श्रेणी:** <u>राज्य श्रेणी</u> **'C'** (**जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़े राज्य**)
- **कम्पोजिट स्कोर: 62.49 , नेतृत्व:** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास
- **मार्गदर्शन:** HCM RIPA की महानिदेशक **श्रेया गुहा**
- **नोडल विभाग:** हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान-जयपुर
- **Note: <u>मिशन कर्मयोगी</u>- शुरुः सितंबर 2020**
  - **ध्येय वाक्य-"लोकहितं मम करणीयम्"**
  - **मुख्य उद्देश्य: <u>सिविल सेवकों</u>** - **क्षमता निर्माण** पारंपरिक 'नियम-आधारित' प्रशिक्षण प्रणाली को बदलकर 'भूमिका-आधारित' और कौशल-आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना।
  - **<u>iGOT कर्मयोगी</u> (<u>Integrated Government Online Training</u>)** एक डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जिसके माध्यम से सरकारी कर्मचारी ऑनलाइन पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण प्राप्त करते है।

❑ राजस्थान की दो <u>नवाचारी शैक्षिक पहलों</u> → 'स्कॉच गोल्ड पुरस्कार'

- **पुरस्कार: 26 सितंबर** को **इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली** में **110वाँ स्कॉच सम्मेलन** के दौरान दिया।
- **भेंटकर्ता:** स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त मुख्य सचिव **राजेश यादव** एवं राज्य परियोजना निदेशक तथा आयुक्त **डॉ. रश्मि शर्मा** ने मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** को सम्मान पत्र भेंट किए। [शिक्षा श्रेणी]
- राजस्थान स्कूल शिक्षा विभाग की दोनों पहलों- [शिक्षा श्रेणी]

1. **'खुशीशाला खुद की खोज':** विद्यार्थियों में आत्म-जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य।
2. **'एआई आधारित दक्षता आंकलन':** सीखने की प्रगति का आंकलन कर आवश्यकता के अनुसार सुधारात्मक शिक्षण को प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

- **राजस्थान के स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग → 'स्कॉच गोल्ड पुरस्कार'**

पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में राजस्थान को राष्ट्रीय पहचान
स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग को मिला
गोल्ड स्कॉच अवार्ड
स्कॉच फाउंडेशन ने विभाग को ऑडिट मैनेजमेंट सिस्टम (AMS) के सफल क्रियान्वयन पर किया सम्मानित

  - **दिनांक:** 26 सितंबर को इंडिया हैबिटेट सेंटर-नई दिल्ली (109वाँ स्कॉच सम्मेलन)
  - **सम्मानित विभाग:** स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, राजस्थान सरकार
  - **आधार:** ऑडिट मैनेजमेंट सिस्टम (AMS) का क्रियान्वयन, पारदर्शिता।
  - **प्रदानकर्त्ता:** स्कॉच फाउंडेशन अध्यक्ष **समीर कोचर** द्वारा।
  - **ग्रहणकर्त्ता:** विभाग निदेशक **अपूर्व जोशी** तथा विभागीय प्रतिनिधि (ओम प्रकाश, गौरव गुप्ता एवं सुनीता बराड़)
  - **AMS सॉफ्टवेयर के लाभ**: इसके माध्यम से पंचायती राज, नगरीय निकाय, विश्वविद्यालय और देवस्थान विभाग से संबंधित संस्थाओं की पारदर्शी ऑडिट का सिस्टम विकसित किया गया है।
  - **अन्य पुरस्कार:** कार्यक्रम में पर्यावरणविद् एवं सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की महानिदेशक **सुनीता नारायण** को पर्यावरण एवं संपोषणीय कार्यों के लिए **'लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार'** प्रदान किया।

- **कृषि फीडरों का सौरीकरण: जोधपुर डिस्कॉम→'स्कॉच गोल्ड पुरस्कार'**
  - **दिनांक:** 26 सितंबर को सिल्वर ओक हॉल, इंडिया हैबिटेट सेंटर-नई दिल्ली (109वाँ स्कॉच सम्मेलन)
  - **पुरस्कार:** **स्कोच गोल्ड अवॉर्ड-2026** (पावर एंड एनर्जी श्रेणी)
  - **सम्मानित:** स्कोच फाउंडेशन अध्यक्ष **समीर कोचर** द्वारा जोधपुर डिस्कॉम के MD **डॉ. भंवरलाल** को।
  - **राजस्थान की राष्ट्रीय रैंकिंग: PM-KUSUM** के **कंपोनेंट-A और कंपोनेंट-C की संयुक्त प्रगति में राजस्थान देश में पहले नंबर पर है**। राजस्थान के तीनों बिजली वितरण निगमों में जोधपुर डिस्कॉम इस अभियान में सबसे आगे है। **जोधपुर डिस्कॉम की प्रमुख उपलब्धियाँ-**
    - कुसुम-A और कुसुम-C के तहत अब तक **3821 मेगावॉट** क्षमता के **1663 सौर संयंत्र** चालू कर दिए।
    - कृषि फीडरों का सौरीकरण से **1.50 लाख से ज्यादा कृषि पंपों** को लाभ मिला।
    - डिस्कॉम में **'आई-DSM (Demand Side Management) प्रकोष्ठ'** बनाया तथा **GIS (Geographic information systems)** आधारित भूमि चिह्नीकरण की व्यवस्था लागू।

- **योगापीस संस्था:'बेस्ट एसोसिएट सेंटर एंगेजमेंट अवॉर्ड'**
  - **आयोजन:** भारतीय योग एसोसिएशन की ओर से **'संगोष्ठी 2026'** का आयोजन **अध्यात्म साधना केंद्र, छतरपुर, नई दिल्ली** में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के योग विशेषज्ञ शामिल हुए।
  - **विजेता:** योगापीस संस्था- जयपुर (संस्थापक-**योगाचार्य ढाकाराम**)
  - **आधार:** योग परंपरा के प्रसार और स्वास्थ्य जन-जागरूकता में सक्रिय सहभागिता।

- **सेवानिवृत्त इंजीनियर दामोदर शर्मा: तीन पुस्तकों का विमोचन**
  - **लेखक/अनुवादक:** सेवानिवृत्त एडिशनल चीफ इंजीनियर **दामोदर शर्मा**
    1. **'परस्तिश-ए-हनुमान':** हनुमान चालीसा का पहली बार उर्दू में काव्य अनुवाद।
    2. **'गीता कलेमात':** श्रीमद्भगवद्गीता के 50 श्लोकों का हिंदी-उर्दू काव्यात्मक अनुवाद।
    3. **'हदीस':** इस्लाम के पवित्र संदेशों का सरल हिंदी अनुवाद।

❑ 8वाँ PM मेमेंटोज़ ई-ऑक्शन: 2026 → राजस्थान की उपलब्धियाँ

- **शीर्षक:** संस्कृति मंत्रालय, GoI के तहत आयोजित **'PM मेमेंटोज़ ई-ऑक्शन 2026'** में राजस्थान की कला, आस्था, शाही विरासत से जुड़ी **37 विशिष्ट यादगार वस्तुओं** को प्रदर्शित किया गया है।
- **आयोजन: 17 सितंबर से 31 अक्टूबर 2026** तक संचालित।
- **प्रमुख प्रदर्शित वस्तुएँ एवं विशेषताएँ-**
  - **काष्ठ कला:** पारंपरिक **'अंबाबारी हाथी'** (हौदा निर्मित)
  - **वीर तेजाजी महाराज** की चांदी की मूर्ति।
  - **चित्रकला शैलियाँ- श्रीनाथजी की पिछवाई पेंटिंग**, लक्ष्मी और नारायण को दर्शाती **फड़ पेंटिंग,** कृष्ण की रासलीला **पट्टचित्र-शैली** की कलाकृति।
  - **अजमेर शरीफ दरगाह:** कलाकृति और फ्रेम की हुई तस्वीर।
  - **धार्मिक स्थल:** करौली की **कैला माता**, **सुंधा माता**, बायतू के **खेमा बाबा**, पुष्कर का **ब्रह्मा मंदिर**, श्री कल्याण रायजी महाराज, तथा बांसवाड़ा का **मानगढ़ धाम**, अयोध्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़े अखबारों के फ्रेम किए गए संस्करण और बीजेपी राजस्थान की सजावटी प्लेट।

राजस्थान के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण समझौते

❑ क्वांटम कंप्यूटिंग:DRDO + राजस्थान के डीप-टेक स्टार्टअप 'जीरो एमके' के बीच

- **विषय:** क्वांटम अनुप्रयोगों हेतु राजस्थान (अलवर) के एक डीप-टेक स्टार्टअप **'जीरो एमके' (Zero MK-** स्टार्टअप के फाउंडर **कपिल बंसल)** को **देश में पहली बार स्वदेशी 20 मिलिकेल्विन डायल्यूशन रेफ्रिजरेटर** विकसित करने की जिम्मेदारी मिली है। **हस्ताक्षर: 24 सितंबर 2026** को नई दिल्ली में संपन्न।
- **समझौता:** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की प्रौद्योगिकी विकास निधि (TDF) योजना और स्टार्ट-अप **'जीरो एमके इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'** (अलवर, राजस्थान) के मध्य।
- **निगरानी:** SSPL-सॉलिड स्टेट फिजिक्स लैबोरेट्री, नई दिल्ली
- **उद्देश्य:** क्वांटम कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म के लिए आवश्यक बेहद कम तापमान (20 मिलीकेल्विन) उत्पन्न करने वाली क्रायोजेनिक प्रणाली (डाइल्यूशन रेफ्रिजरेटर) का देश में ही विकास करना।
- **20 मिलिकेल्विन डायल्यूशन रेफ्रिजरेटर:** एक अत्यधिक उन्नत **क्रायोजेनिक प्रशीतन प्रणाली** है, जो किसी भी पदार्थ या चिप को **परम शून्य तापमान (-273.15° C) के करीब** तक ठंडा करने की क्षमता रखती है।

❑ शहरी अवसंरचना विकास: HUDCO + IIM-उदयपुर के बीच

- **हस्ताक्षर: 22 सितंबर 2026** को हुआ जिसमें शहरी अवसंरचना विकास के क्षेत्र में **अनुसंधान, शिक्षण और क्षमता निर्माण** को बढ़ावा देना है।
  - HUDCO की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख **सुधीर भटनागर**।
  - IIM उदयपुर की ओर से **प्रो. एन. विनाथन**।
- **Note: HUDCO** का पूरा नाम-**हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**: यह भारत सरकार के **आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय** के तहत एक प्रमुख केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।

- **वैश्विक शिक्षा: बियानी ग्रुप-जयपुर + ओसाका कॉलेज-जापान के बीच**
  - **समझौता:** जयपुर के बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में आयोजित **21वीं इंडो-जापान इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस BICON-2026** के **22 सितंबर 2026** को हुआ।
  - **साझेदार: बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, जयपुर** और जापान का **ओसाका कॉलेज ऑफ टूरिज्म एंड बिजनेस**
  - **उद्देश्य:** भारतीय स्टूडेंट्स के लिए **'इंडो-जापान ग्लोबल कोर्स'** शुरू करना। इसके तहत **'T2C' (Training to Career)** 'प्रशिक्षण से करियर' संयुक्त शिक्षा और जॉब फ्रेमवर्क तैयार किया गया है।
  - **लाभ:** इस योजना के माध्यम से स्टूडेंट्स को न केवल अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर मिलेगा, बल्कि सीधे **जापान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने और वहां प्रतिष्ठित कंपनियों में जॉब करने के अवसर** भी प्राप्त होंगे।
  - **व्यक्तित्व: डॉ. राजीव बियानी**, ओसाका कॉलेज की ओर से **मि. क्यों** और **मि. नवीन** मौजूद रहे।

- **केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो + ब्रह्माकुमारीज, माउंट आबू के बीच**
  - **हस्ताक्षर:** माउंट आबू में **18 सितम्बर 2026** को केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN), राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार तथा **प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय** के बीच।
    - **CBN:** नारकोटिक्स कमिश्नर डॉ. दिनेश बिसेन।
    - **ब्रह्माकुमारीज:** मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसीलाल साह।
  - **उद्देश्य:** नशीले पदार्थों की मांग में कमी लाना, नशा-मुक्ति जागरूकता, युवा सशक्तिकरण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना। ब्रह्माकुमारीज के नेटवर्क के माध्यम से **राजयोग ध्यान, योग, तनाव प्रबंधन** और चरित्र निर्माण कार्यक्रमों को नशा-निवारण से जोड़ना।

- **फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ राजस्थान + सनराइजिंग सिनेविजन अकादमी-जयपुर के बीच**
  - **हस्ताक्षर**: 16 सितंबर FTIR के निदेशक **सोमेंद्र हर्ष** और सनराइजिंग निदेशक **अनमोल अग्रवाल** द्वारा।
  - **उद्देश्य:** राजस्थान के युवाओं और फिल्म-टेलीविजन में करियर बनाने वाले प्रशिक्षुओं/प्रतिभागियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना।
  - **प्रशिक्षण प्रारूप:** इसमें 4 दिवसीय वर्कशॉप, 6 और 12 वीकेंड कोर्स, वन मंथ क्रैश कोर्स, 3 महीने का सर्टिफिकेट और 6 माह का एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स शामिल है।
  - **क्षेत्र:** फिल्म-टेलीविजन शिक्षा, कंटेंट क्रिएशन और मीडिया कौशल विकास।

- **जगदगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय: त्रिपक्षीय MoU**
  - **संस्थान:** जगदगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर
  - **अध्यक्षता:** कुलपति **प्रो. मदनमोहन झा**
  - **उद्देश्य:** आधुनिक जीवनशैली जनित मानसिक तनाव, अवसाद व हृदय रोगों के समाधान के लिए पारंपरिक वैदिक पद्धतियों और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का साझा अध्ययन करना। विश्वविद्यालय परिसर में एक **स्क्रीनिंग केंद्र** खुलेगा, जहाँ मंत्र चिकित्सा और गो-आधारित थेरेपी का वैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाएगा।
  - **त्रिपक्षीय MoU—** जगदगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, आधुनिक चिकित्सा / शोध विशेषज्ञ , संबंधित R & D / गो-आधारित शोध एवं विकास संगठन।

प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक घटनाक्रम

- **राजससंघ: 'वनगिरि' ब्रांड के तहत पहला शहद उत्पाद 'आदिपराग' लॉन्च**
  - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रतापगढ़ दौरे के दौरान उदयपुर संभाग के 7 जिलों के लिए 924 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण (26 सितंबर-2026)
  - **लॉन्च:** राजससंघ द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के वन उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'वनगिरि' ब्रांड के तहत पहला शहद उत्पाद **'आदिपराग' (Wild Forest Honey)** 26 सितंबर को मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया।
  - **संस्था:** राजस्थान जनजाति क्षेत्रीय विकास सहकारी संघ लिमिटेड (**राजससंघ**)
  - **पहल:** जनजातीय क्षेत्र की लघु वन उपज के संग्रहण, मूल्य संवर्धन और विपणन को प्रोत्साहन।
  - **महत्त्वपूर्ण MoU:** प्रदेश के **वन धन विकास केंद्रों** द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन एवं बिक्री को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **राजससंघ + कॉनफैड (CONFED)** के मध्य MoU का आदान-प्रदान किया गया। इस पहल से जनजातीय भाई-बहनों को उत्पादों का उचित मूल्य, बेहतर बाजार, आजीविका अवसर प्राप्त होंगे।
- **सीकर-अलवर में लगेंगी प्रदेश की पहली प्याज प्रोसेसिंग यूनिट**
  - राज्य सरकार की **'एक जिला-एक उत्पाद'** (**ODOP**) योजना के तहत।
  - **उत्पाद निर्माण:** प्याज की प्रोसेसिंग कर **Onion पाउडर** और **Onion फ्लेक्स** तैयार किए जाएंगे।
  - **लागत:** दोनों जिलों में **25-25 लाख रुपये** के प्रोजेक्ट को प्रशासनिक और अंतिम स्वीकृति मिल चुकी।
  - **स्थान:** राजीविका की ओर से **सीकर के याल्सर गांव** में यूनिट लगाने की जमीन और रूपरेखा तय कर ली गई है। इस यूनिट का संचालन राजीविका के **'नई उमंग CLF, ढूढवा'** के अधीन किया जाएगा।
  - **महिला सहभागिता:** प्रथम चरण में दोनों जिलों से **500-500 महिला किसानों** को जोड़ा गया।
- **जोधपुर के निर्यातकों के लिए 'फर्नीचर एक्सप्रेस' रेल सेवा**
  - **पहल:** दी राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (**राजसिको**) द्वारा **मैसर्स दून लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड** के सहयोग से **जोधपुर से मुंद्रा बंदरगाह, गुजरात तक फर्नीचर एक्सप्रेस** रेल सेवा का संचालन।
  - **उद्देश्य:** राजस्थान के फर्नीचर, हस्तशिल्प, ग्वार गम और अन्य निर्यातकों को विश्वसनीय, प्रतिस्पर्धी तथा नियमित कंटेनर परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स सुविधा उपलब्ध कराना।
  - **उपलब्धि:** 28 फरवरी 2026 से प्रारंभ हुई इस सेवा के तहत अब तक **36 रेलगाड़ियों के माध्यम से 2,100 से अधिक TEU** कंटेनरों का परिवहन किया जा चुका।
- **रामनिवास बाग: राजस्थान की प्रथम फूड ट्रक चौपाटी**
  - **स्थान:** रामनिवास बाग, जयपुर में **15 फूड ट्रक वाली चौपाटी विकसित** की जा रही है।
  - **विकसित:** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित। **अनुमानित लागत:** 637.50 लाख रुपये।
  - **प्रमुख विशेषताएँ-** लगभग 1804 वर्गमीटर का पैदल भ्रमण ट्रैक (पाथवे), 1200 वर्गमीटर का ओपन गार्डन, 600 वर्गमीटर का चिल्ड्रन प्ले एरिया, और 200 वर्गमीटर का ओपन एम्फीथिएटर प्रस्तावित है।
  - **नेतृत्व:** नगरीय विकास एवं आवासन: जयपुर विकास आयुक्त **सिद्धार्थ महाजन**

- **नवाचार पहल: वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए: 30 सितंबर 2026**
  - **पहल:** लघु नवीकरणीय ऊर्जा पार्क एवं परियोजनाएँ विकसित करना।
  - **क्रियान्वयन एजेंसी:** राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड
  - **प्रथम चरण का केंद्र:** जोधपुर जिला (**50 मेगावॉट सौर परियोजना**)
  - **उद्देश्य:** वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं (विशेषकर **MSME इकाइयों** को सम्मिलित करते हुए) की बढ़ती हरित ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करना तथा उनके नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को सुगम बनाना।
  - **विशेष प्रावधान एवं मॉडल-**
    - निगम द्वारा उपयुक्त स्थानों पर **Small RE Parks/RE Projects** विकसित करवाए जाएंगे।
    - उपभोक्ताओं को स्वयं बड़े प्रोजेक्ट विकसित करने की आवश्यकता को कम करते हुए दीर्घकालिक आधार पर ग्रीन पावर की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

- **राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के कार्यकाल में विस्तार**
  - **गठन:** स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से **9 मई 2025** को इस आयोग का गठन किया गया था। **अध्यक्ष:** सेवानिवृत्त न्यायाधीश **मदनलाल भाटी**
  - **सदस्य:** मोहन मोरवाल, प्रो. राजीव सक्सैना, एडवोकेट गोपाल कृष्णा, पवन मंडाविया
  - **विस्तार:** आयोग का कार्यकाल अब बढ़ाकर **31 मार्च 2027 तक** कर दिया गया है।
  - **प्रगति:** आयोग ने हाल ही में **5 अगस्त** को राज्य सरकार को निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से जुड़ी अपनी अनुशंसाएँ प्रस्तुत की, जिसके समयावधि बढ़ाई गई।

- **भुवनेश्वर (ओडिशा) 'प्रवासी राजस्थानी मीट'**
  - **संवाद:** ACS उद्योग एवं वाणिज्य शिखर अग्रवाल के नेतृत्व में प्रवासी समुदाय + उद्योग जगत।
  - **आयोजन: 15 सितंबर 2026** (होटल मेफेयर, भुवनेश्वर-ओडिशा)
  - **प्रतिनिधि:** BIP एवं राजस्थान फाउंडेशन, RIICO, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग।
  - **उद्योग भागीदारी: 'प्रवासी राजस्थानी दिवस 2026'** (प्रथम आयोजन: 2025-जयपुर) के लिए **CII (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री)** 'इंडस्ट्री पार्टनर' के रूप में सहभागी है।

विविध-घटनाक्रम

- **राजस्थान: 'ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक' ADTT एवं 'ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर' DTT का विस्तार**
  - सितंबर 2026 में सड़क सुरक्षा एवं डिजिटल गवर्नेंस: भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु **रोड सेफ्टी फंड से करीब ₹25 करोड़ से 07 ऑटोमेटेड टेस्ट ट्रैक और 11 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर्स की प्रशासनिक मंजूरी**।
  - राजस्थान परिवहन विभाग **ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की ट्रायल प्रक्रिया को पूरी तरह मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त, तकनीकी आधारित पारदर्शी बनाने** जा रहा है। लाइसेंस कंप्यूटराइज्ड सिस्टम से मिलेंगे।
  - **निर्माण एजेंसी:** परिवहन विभाग ने जिम्मेदारी **"राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड"** को सौंपी।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की प्रगति समीक्षा बैठक-29 सितंबर 2026

- **आयोजन:** शासन सचिवालय-जयपुर में मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** की अध्यक्षता।
- **राजस्व अर्जन:** चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में **27 सितंबर 2026 तक परिवहन विभाग द्वारा 3,594.73 करोड़ रुपये** का राजस्व अर्जित किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में **13.82% अधिक**।
- **ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (ATS):** प्रदेश में **वर्तमान में 55 एटीएस** संचालित हैं, और इस मामले में राजस्थान **गुजरात के बाद देश में दूसरे स्थान पर** है।
- प्रदेश के सभी **35 ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक** ऑटोमेटेड जिसमें **23 स्थानों** पर यह कार्यशील हो चुके।
- राजस्थान संपर्क पोर्टल पर विभाग की **ग्रीवेंस रिड्रेसल परफॉर्मेंस (GRPF) रैंकिंग** मई 2026 की 18वीं रैंक से सुधरकर **अगस्त 2026 में 6वीं रैंक** पर पहुंच गई है।
- विभाग द्वारा शिकायतों के निस्तारण का औसत समय **23 दिन से घटकर 13 दिन** रह गया है।
- **राजस्थान व्हीकल स्क्रैपिंग नीति-2025:** इसके तहत स्क्रैपिंग सर्टिफिकेट के आधार पर नया वाहन खरीदने पर **16 से 26% तक (अधिकतम 1 लाख रुपये)** की टैक्स छूट का प्रावधान।

'द इंडियन मास्टर्स-आर्ट कैंप: 15-20 सितंबर 2026

- **आयोजन:** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), जयपुर में देश के **8 प्रमुख कलाकार** एक साथ मिलकर।
- **उद्घाटन:** WZCC, उदयपुर के निदेशक **डॉ. अश्विन दलवी** और RICके निदेशक **निहाल चंद गोयल** द्वारा।
- **भाग लेने वाले देश के 8 प्रमुख कलाकार और उनकी विशेषताएँ-**
  - **शैल चोयल** (उदयपुर) **समीर एच** (कोलकाता) **अखिलेश वर्मा** (इंदौर) **रघु नवारे** (नागपुर)
  - **जयंत रबाड़िया** (गुजरात) ➔ कला में पौराणिक कथाओं, मानव और पशु-पक्षी आकृतियों का प्रभाव।
  - **नंद लाल ठाकुर** (हिमाचल प्रदेश) ➔ गाँव का जीवन और हिमाचल के प्राकृतिक दृश्य।
  - **अजीत सील** (असम) ➔ प्रिंटमेकिंग के लिए जाने जाते है।
  - **संजीव कुमार गोगोई** (असम) ➔ असम की संस्कृति के साथ फिगरेटिव और एब्स्ट्रैक्ट एक्सप्रेशन।

प्रदेश के सभी 1,040 पुलिस थानों में राजनेट (Raj.NET) कनेक्टिविटी

- राजस्थान के सभी **1,040 पुलिस थानों में कनेक्टिविटी** सुनिश्चित की जा चुकी है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (ICJS), साइबर सुरक्षा तथा नवीन आपराधिक कानून समीक्षा बैठक **8 सितंबर** में यह जानकारी सामने आई।
- नवीन आपराधिक कानूनों से राष्ट्रीय डैशबोर्ड पर **ICJS इंटीग्रेशन में राजस्थान को 10/10 अंक प्राप्त हुए।**
- **नवाचार:** ई-साक्ष्य ऐप के लिए 8,500 डिवाइस और डिजिटल प्लेटफॉर्म का एकीकरण।

मुख्य सचिव + IMF-SARTTAC निदेशक के मध्य बैठक-

- **बैठक:** 21 सितंबर 2026 को **दक्षिण एशिया क्षेत्रीय प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता केंद्र (SARTTAC-IMF)** के निदेशक **हेराल्ड फिंगर** ने जयपुर में **वी. श्रीनिवास** से।
- **चर्चा के विषय:** राज्य में सार्वजनिक निवेश प्रबंधन को सुदृढ़ करने, **GST सुधारों**, **SNA-Sparsh व्यवस्था** तथा राज्य कोषागार के डिजिटलीकरण पर विचार-विमर्श किया गया।

- **'पब्लिक इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट–इंडियन स्टेट्स' प्रशिक्षण कार्यक्रम–**
  - ⇨ **तिथि:** 21-25 सितंबर 2026 तक जयपुर में **IMF-SARTTAC** द्वारा।
  - ⇨ **उद्देश्य:** सार्वजनिक निवेश का बेहतर प्रबंधन, परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेश से अधिकतम परिणाम सुनिश्चित करना।
  - ⇨ **SARTTAC का परिचय:** निदेशक **हेराल्ड फिंगर** ने बताया कि SARTTAC, IMF और दक्षिण एशिया के सदस्य देशों (भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, श्रीलंका) की सहयोगात्मक पहल है, जो संस्थागत क्षमता और तकनीकी सहायता प्रदान करती है।

❑ पश्चिम अंचल राजभाषा सम्मेलन-2026

- **आयोजन:** **1 सितम्बर** को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में EPFO क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा **राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और महाराष्ट्र** के राजभाषा अधिकारी के साथ।
- **फोकस:** प्रशासनिक और तकनीकी कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना।
- **अध्यक्षता:** क्षेत्रीय आयुक्त-प्रथम **परितोष कुमार, मुख्य अतिथि:** HJU के कुलगुरु प्रो. एन.के. पांडेय

❑ शेखावाटी हवेलियाँ: यूनेस्को की Tentative सूची में शामिल-

- **आधिकारिक प्रविष्टि:** "The Printed Haveli Towns of Shekhawati"
- **शामिल 14 क्षेत्र: अलसीसर, बिसाऊ, चिड़ावा, चूरू, डूंडलोद, फतेहपुर, झुंझुनू, खेतड़ी, लक्ष्मणगढ़, मंडावा, महंसर, नवलगढ़, रामगढ़ और सीकर** की हवेलियों को **अस्थायी सूची में** जगह मिली है।
- **भित्तिचित्र कला:** हवेलियों की मुख्य पहचान **अनूठी भित्तिचित्र कला** और स्थापत्य शैली है। जिस कारण इस क्षेत्र को दुनिया की सबसे समृद्ध **ओपन आर्ट गैलरी** माना जाता है।

❑ पशुपालन विभाग-राजस्थान सरकार की समीक्षा बैठक: 30 सितंबर 2026

- **आयोजन:** शासन सचिवालय, जयपुर में मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** की अध्यक्षता में।
- **निर्देश:** पशुपालन क्षेत्र के विकास के लिए **'स्टेट वेटरनरी पॉलिसी'** तैयार।
- **मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स:** राज्य में **वर्तमान में संचालित सभी 536 यूनिट** की दैनिक मॉनिटरिंग।
- **मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना-**
  - **राजस्थान 'सर्वाधिक पशु बीमा पॉलिसियां जारी' करने में देश में प्रथम स्थान** पर।
  - इसके तहत **43 लाख+ पशुओं का पंजीकरण** एवं **26 लाख+ बीमा पॉलिसियां** जारी की जा चुकी।

❑ प्रो. राम आहूजा स्मृति व्याख्यान: समाजशास्त्रीय विमर्श

- **आयोजन स्थल:** राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (समाजशास्त्र विभाग द्वारा)
- **परंपरा:** यह व्याख्यान वर्ष 2003 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है।
- **मुख्य विषय: "भारतीय समाज की परिकल्पना: सिद्धांत, व्यवहार (प्रैक्सिस) और संभावनाएँ"**
- **मुख्य वक्ता:** JNU, नई दिल्ली के सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ सोशल सिस्टम्स के अध्यक्ष **प्रो. मनोज कुमार जेना** ने **"थ्योरी + प्रैक्सिस = पॉसिबिलिटी"** को सामाजिक परिवर्तन का सूत्र बताया।
- **पुरस्कार:** अकादमिक सत्र 2025–26 में समाजशास्त्र स्नातकोत्तर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली **पायल विजयवर्गीय** को **'राम आहूजा स्मृति स्वर्णपदक'** प्रदान किया गया।

- **प्रदेश में निःशुल्क डायलिसिस सेवाओं का विस्तार: (सितंबर 2026 तक)**
   - **शीर्षक:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में किडनी रोगियों को निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराने के तहत **16 हजार + मरीजों को कुल 1,17,258 डायलिसिस सेशन** निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। **अनुमानित मूल्य:** ₹21.11 करोड़
   - **PM नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम:** प्रदेश के **35** जिला चिकित्सालयों में **149** मशीनें संचालित।
   - **हंस फाउंडेशन (गुरुग्राम) का सहयोग:** जिला चिकित्सालय नदबई (भरतपुर) एवं उपजिला चिकित्सालय सिवाना (बालोतरा) में हंस फाउंडेशन के सहयोग से सुविधा संचालित है।
   - **सितंबर माह का लक्ष्य: 78** चिकित्सा संस्थानों में डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ होगी।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- **अल्पज्ञात एवं संकटग्रस्त भाषाओं पर ➔ IIT जोधपुर का शोध**

डॉ. गुरुजेगन मुरुगेसन

   - **जानकारी साझा:** 23 सितंबर 2026
   - **शोधकर्त्ता: डॉ. गुरुजेगन मुरुगेसन** (स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स)
   - **अध्ययन क्षेत्र:** ओसियां (**थार क्षेत्र**-राजस्थान) के भील समुदाय की संस्कृति, मुंडारी भाषा (झारखंड) की संख्या प्रणाली, स्विट्जरलैंड में प्रवासी तमिल भाषा।
   - **तीनों शोध क्षेत्र:** मैदानी भाषा विज्ञान, सैद्धांतिक भाषा विज्ञान, समाज भाषा विज्ञान।
   - **वैश्विक संदर्भ:** दुनिया की लगभग **7,164 भाषाओं** में से करीब **44% भाषाओं को 1,000 से भी कम लोग बोलते हैं**, जिससे उनके विलुप्त होने का गंभीर खतरा है।
   - **प्रमुख शोध:** मैदानी अध्ययन, भाषा दस्तावेजीकरण, भाषा के संरक्षण एवं पुनर्जीवन पर विशेष ध्यान।
     1. **थार क्षेत्र का भील समुदाय (राजस्थान):** कठिन जलवायु में जीवित रहने के पारंपरिक तरीकों और स्थानीय ज्ञान का भाषा के साथ संबंधों का अध्ययन।
     2. **मुंडारी भाषा (झारखंड):** ऑस्ट्रो-एशियाटिक भाषा परिवार से संबंधित इस भाषा में एक विशिष्ट और दुर्लभ संख्या प्रणाली की खोज, जो व्याकरणिक विकास को समझने में सहायक है।
     3. **प्रवासी समुदायों में विरासत की भाषा (स्विट्जरलैंड):** यूनिवर्सिटी ऑफ लॉज़ेन की प्रो. अनिता ऑयर के सहयोग से दूसरी पीढ़ी के प्रवासी तमिल समुदाय के बीच बहुभाषी वातावरण में भाषा विकास का अध्ययन (समर्थन: स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन व ICSSR)

- **आदिवासी परंपराओं + पारंपरिक ज्ञान में छिपे पर्यावरणीय समाधान ➔ IIT जोधपुर का शोध**

   - **जानकारी साझा:** 01 सितंबर 2026
   - **संस्थान:** IIT Jodhpur के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स द्वारा।
   - **शोधकर्त्ता:** असिस्टेंट प्रोफेसर **डॉ. भास्कर कुमार काकती**
   - **शोध के प्रमुख आयाम-**
     - **जनजातीय खगोल ज्ञान:** आकाश, तारों, ऋतुओं और प्रकृति के चक्रों को समझने की जनजातीय प्रणालियों का अध्ययन तथा 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' (IKS) के तहत इनका शब्दकोश तैयार करना।

- **पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ और 'स्पिरिचुअल इकोलॉजी':** खेती और प्रकृति से जुड़ी परंपराओं का जैव विविधता व प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन पर प्रभाव का अध्ययन। **Ex:- <u>नांदिया कलां</u>:** राजस्थान के **इस गाँव** की खराब हो चुकी सामुदायिक भूमि पर पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय भागीदारी और आधुनिक पुनर्स्थापन के जरिए **'नक्षत्र वाटिका'** का विकास।
- **ग्रामीण आजीविका एवं उद्यमिता:** MSME मंत्रालय की **ASPIRE योजना** (नवाचार, ग्रामीण उद्योग एवं उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की योजना) के तहत IIT जोधपुर के <u>Livelihood Business Incubation Centre</u> के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान को कौशल विकास, आजीविका से जोड़ना।

<u>PAVITRA सॉफ्टवेयर</u> के माध्यम से वायु प्रदूषण नियंत्रण: IIT बॉम्बे की पहल

- **एक दिवसीय कार्यशाला:** 18 सितंबर 2026
- **स्थल:** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (RSPCB), जयपुर
- **विषय: भारत के लिए वायु प्रदूषण प्रबंधन एवं हस्तक्षेप उपकरण'**
- **उद्देश्य:** वायु प्रदूषण के स्रोतों की पहचान, उत्सर्जन का आकलन तथा प्रदूषण नियंत्रण उपायों के संभावित प्रभावों का वैज्ञानिक एवं डेटा-आधारित विश्लेषण करना।
  - **<u>PAVITRA:</u>** यह एक उन्नत **निर्णय-सहायक मंच** है, जिसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावित नीतिगत और नियंत्रण उपायों के कारण उत्सर्जन में कमी तथा सूक्ष्म कण **<u>PM-2.5</u>** <u>की सांद्रता</u> में होने वाले बदलावों का सटीक आकलन किया जाता है।
  - **प्रमुख तकनीकी घटक-** बहु-प्रदूषक उत्सर्जन सूची—**स्मॉग इंडिया**— वायुमंडलीय परिवहन एवं रसायन विज्ञान आधारित मॉडल, **इनमैप-पवित्रा** तथा **<u>ISRM-PAVITRA</u>** सहित PAVITRA के विभिन्न तकनीकी घटकों की जानकारी दी गई।
  - **<u>PAVITRA</u>** = (**<u>Air Pollution Management and Intervention Tool for India</u>**

परमाणु ऊर्जा: रावतभाटा परमाणु बिजलीघर (RAPS-2)

- **चर्चा में: <u>भारी पानी आधारित</u>** तकनीक वाले **राजस्थान परमाणु बिजलीघर की दूसरी इकाई (RAPS-2)** ने **<u>लगातार 400 दिन तक बिजली उत्पादन करने का नया रिकॉर्ड</u>** 20 सितंबर को बनाया।
- **उत्पादन:** इकाई ने **1795 मिलियन यूनिट** (यानी 179.5 करोड़ यूनिट) बिजली बनाई।
- **मूल्य:** उत्पादित बिजली की कुल कीमत **590.56 करोड़ रुपये** आंकी गई है। इस पूरी बिजली का **100% हिस्सा राजस्थान को** सबसे सस्ती दर (**3.29 रुपये प्रति यूनिट**) पर मिला है।
  - **पृष्ठभूमि:** RAPS-2 की पहली कंक्रीट 1969 में हुई थी और 1981 में व्यावसायिक उत्पादन शुरू। शुरुआत में इस प्रोजेक्ट में **कनाडा का तकनीकी सहयोग** था, लेकिन **1974 में पोखरण परमाणु परीक्षण** के बाद कनाडा ने सहयोग रोक दिया और अपने विशेषज्ञ वापस बुला लिए। इसके बाद भारतीय वैज्ञानिकों ने आत्मनिर्भरता के बल पर इसे पूरा किया।
  - **संचालक संस्था: न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL)**
  - **रिएक्टर: दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (PHWR - Pressurized Heavy Water Reactor)** है, जिसे सामान्य भाषा में 'कैंडू' (<u>CANDU</u>) डिजाइन आधारित रिएक्टर भी कहा जाता है।

- **स्वास्थ्य + शिक्षा + उद्योग- स्मार्ट AI असिस्टेंट विकसित ➔ IIT जोधपुर का शोध**





  - **जानकारी साझा:** 15 सितंबर 2026
  - **संस्थान:** IIT Jodhpur के मशीन इंटेलिजेंस लैब (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग)
  - **नेतृत्व:** सहायक प्रोफेसर **डॉ. दिव्या सक्सेना**
  - **मुख्य उद्देश्य:** AI को अधिक तेज, किफायती और वास्तविक जरूरतों के अनुरूप बनाना ताकि यह केवल सवाल का जवाब न दे बल्कि जटिल और बहु-स्रोत डेटा को समझकर कार्य पूरा करने में मदद कर सके।
  - **यह शोध तीन प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित- Multimodal Learning, Efficient AI, AI Agents.**

- **जोधपुर एम्स फाउंडेशन डे समारोह-(17 सितंबर 2026) वर्ष 2012 में स्थापित-**
  - **मुख्य अतिथि:** मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास**
  - **संकल्प:** एम्स को चिकित्सा अनुसंधान, क्लिनिकल एक्सीलेंस का **वैश्विक केंद्र** बनाना।
  - **देश में चिकित्सा शिक्षा:** देश में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2014 के 181 से बढ़कर 2026 में **441** हो गई है, तथा स्नातक मेडिकल सीटें 51,348 से बढ़कर **1,36,939** हो गई है।
  - वी. श्रीनिवास ने इस अवसर पर एम्स जोधपुर के लिए **10-वर्षीय विजन रूपरेखा के प्रमुख स्तंभ:** **अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी-** जीनोमिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), डिजिटल थेरेप्यूटिक्स, मेडिकल रिकॉर्ड का डिजिटाइजेशन, इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड, डिजिटल अस्पताल प्रणाली, और रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग पर जोर। **AIIMS जोधपुर-अनुसंधान एवं नवाचार-**
    - **एक्स्ट्राम्यूरल रिसर्च ग्रांट:** वर्ष 2025–26 में संस्थान को **₹115 करोड़ से अधिक** प्राप्त हुए।
    - **पेटेंट एवं नवाचार:** अनुसंधान सहयोग के तहत **31 पेटेंट दाखिल** किए गए, जिनमें से **5 स्वीकृत** हुए। साथ ही, स्वास्थ्य सेवा व एआई (AI) पर केंद्रित **AIIMS Jodhpur Innovation & Entrepreneurship Foundation** की स्थापना की गई।

- **'ह्यूमन एग्जोसूट' (हनुमंता एक्सो 1.2)**

  - **विकास: इंजीनियर गौरव (कोटा)**
  - **पृष्ठभूमि:** रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (**आत्मनिर्भर-भारत**) के **IDEX-** (Innovations for Defence Excellence) और **ADITI-** (Acing Development of Innovative Technologies with iDEX) प्रोग्राम के तहत 'ह्यूमन एग्जोसूट' का स्वदेशी उन्नत वर्जन तैयार, जिसकी मदद से फौजी सरहद पर भारी हथियार और सामान आसानी से ढो सकेंगे।
  - **क्षमता:** एग्जोसूट पहनने के बाद सैनिक **100-200 किलो** तक के भारी हथियार, गोला-बारूद और सामान लादने पर भी थकान या अत्यधिक भार महसूस नहीं करेंगे और दौड़ सकेंगे। सिर्फ डेढ़ माह में तैयार इस नए वर्जन का वजन पहले 11.1 किलो था, जिसे घटाकर अब मात्र **7.5 किलो** कर दिया गया है।
  - **परीक्षण :** लैब टेस्टिंग और तकनीकी सुधार **सोनीपत (अटल इनक्यूबेशन सेंटर, IIT दिल्ली से जुड़ा गौरव का 'डिफेंस स्टार्टअप')** में किए जाते है।

- **प्रदेश के कृषि क्षेत्र में AI आधारित तकनीकी क्रांति: 'Wadhwani AI'**

- ♦ प्रदेश के कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए **13 जिलों के कृषि अधिकारियों को 'Wadhwani AI' के विशेषज्ञों द्वारा** 25 सितंबर को **प्रशिक्षण** दिया गया।
- ♦ **आयोजन स्थल:** पंत कृषि भवन सभाकक्ष, जयपुर।
- ♦ **प्रशिक्षणदाता:** वधवानी इंस्टीट्यूट फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ।
- ♦ **राज किसान पोर्टल:** इसे AI आधारित तकनीकों से और अधिक सक्षम बनाकर 'One-to-One Farmer Service Delivery' सुनिश्चित करना।
- ♦ **समझौता ज्ञापन:** राजस्थान कृषि विभाग द्वारा कृषि को आधुनिक और टिकाऊ बनाने हेतु कुल **38 संगठनों** के साथ समझौते किए गए। इसमें टैफे–जेफॉर्म सर्विसेज, मणिपाल यूनिवर्सिटी, वधवानी एआई, रामशान्ताय जैविक कृषि एवं प्रशिक्षण केंद्र, NIAM सहित **10 अग्रणी एग्रीटेक स्टार्टअप्स** और **20 सिविल सोसाइटी संगठन** शामिल है।

- **रावतभाटा परमाणु बिजलीघर (RAPS-8) में ईंधन लोडिंग का शुभारंभ**
- ♦ स्वदेशी **700 मेगावाट** क्षमता वाली RAPS-8 इकाई में प्रथम ईंधन लोडिंग (IFL) का शुभारंभ (**19 सितंबर 2026**) और ग्रिड एकीकरण का लक्ष्य। निर्माणाधीन **8वीं इकाई (RAPS-8)** के कोर (रिएक्टर के दिल) में पहला यूरेनियम फ्यूल बंडल सफलतापूर्वक लोड कर दिया गया है, जिसके साथ ही यह परियोजना आधिकारिक तौर पर **न्यूक्लियर कमिशनिंग चरण** में प्रवेश कर गई है।
- ♦ यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आधारित **दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर** है। इसके अंतर्गत 392 चैनलों में कुल **4,704 यूरेनियम फ्यूल बंडल्स** लोड किए जा रहे है।
- ♦ **नियामक मंजूरी:** परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (**AERB - Atomic Energy Regulatory Board**)

- **12वीं राष्ट्रीय ENT कॉन्फ्रेंस: (IAOHNS-2026)**



- ♦ **आयोजन:** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC), झालाना-जयपुर
- ♦ **आयोजक:** 'इंडियन एकेडमी ऑफ ओटोलैरिंगोलॉजी एंड हेड नेक सर्जरी'
- ♦ **अवधि:** 25 से 27 सितंबर 2026
- ♦ **मुख्य प्रतिभागी:** देश-विदेश से 800 से अधिक **कान-नाक-गले** की सर्जरी से संबंधित विशेषज्ञ। **आयोजन अध्यक्ष:** डॉ. पवन सिंघल
- ♦ **प्रशिक्षण: रोबोटिक 3-D** ट्रेनिंग- पहली बार डॉक्टरों को रोबोट के जरिए 3-डी मॉडल पर प्रशिक्षण।

- **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026**
- ♦ **'कचरा नहीं, संसाधन बनेगा'** की थीम के तहत **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026** के प्रावधानों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन **25 सितंबर 2026**, जयपुर
- ♦ **आयोजक: राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल** और **प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो** (PIB) का संयुक्त प्रयास।
- ♦ **नियम:** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 (प्रभावी: 1 अप्रैल, 2026)
- ♦ **मुख्य सिद्धांत:** चार-धारा पृथक्करण: 1. गीला कचरा 2. सूखा कचरा 3. स्वच्छता संबंधी कचरा 4. विशेष/घरेलू खतरनाक कचरा और 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत'

- **CAZRI: जोधपुर-मोठ की चार उन्नत किस्में (काजरी मोठ-4, 5, 6, 7)**
  - **सफल प्रदर्शन:** केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर द्वारा विकसित मोठ की नई किस्मों का अनुसंधान फार्म पर सफल प्रदर्शन देखा गया, जहाँ लगभग 30 दिनों तक वर्षा न होने के बावजूद फसल हरी-भरी और फलियों से युक्त रही। **नेतृत्व:** काजरी के निदेशक **डॉ. एच. एस. जाट**
  - **विशेषता (विकासीय प्लास्टिसिटी):** ये किस्में लगभग 30 दिन में फूल देना शुरू कर देती हैं और मिट्टी में उपलब्ध नमी के अनुसार अपनी वृद्धि अवधि व परिपक्वता को समायोजित कर सकती है।
  - **बीज उत्पादन व व्यावसायीकरण:** वर्तमान में इनका बीज उत्पादन **7 हेक्टेयर क्षेत्र** में किया जा रहा है। साथ ही, इनके त्वरित गुणन के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) पर जोर दिया गया है।

महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- **लंपी स्किन डिजीज (LSD):** राजस्थान में गोवंश को बचाने तथा मक्खी-मच्छरों व वायरस के नियंत्रण के लिए पशुपालन विभाग द्वारा **'साइपरमेथ्रिन एवं सोडियम हाईपोक्लोराइट'** दवाओं का नि:शुल्क वितरण किया।
- **फेसलेस और रैंडमाइज्ड स्क्रूटनी व्यवस्था:** राजस्थान देश का **पहला** ऐसा राज्य बन गया जिसने कर संग्रहण प्रणाली में पारदर्शिता के लिए वाणिज्यिक कर विभाग में व्यवस्था को पूरी तरह लागू किया है।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा (MGNREGA) के स्थान पर लाए गए नए अधिनियम **'VB-G RAM-G'** के तहत क्षमता निर्माण, स्टाफिंग और मैदानी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन के लिए **प्रशासनिक व्यय की सीमा को 6%** से **बढ़ाकर 9%** कर दिया गया है।
- **642वाँ बाबा रामदेवरा मेला:** जैसलमेर के पोकरण (रामदेवरा) में अंतर्प्रान्तीय वार्षिक भादवा मेले की विधिवत शुभारंभ भादवा शुक्ल पक्ष द्वितीया (बाबे री बीज- 13 सितंबर 2026) को हुआ।
- राजस्थान में संचालित **1962 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (MVU)** व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिलने के कारण इसके मॉडल का विस्तृत अध्ययन करने के लिए **एशियाई विकास बैंक (ADB)** को अधिकृत किया गया है।
- AIIMS नई दिल्ली की तर्ज पर जयपुर स्थित **राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) अस्पताल** को अपग्रेड करके **'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' (RIMS - रिम्स)** के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- **ललित कला अकादमी** द्वारा **65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कारों** की घोषणा (27 सितंबर 2026): जयपुर, राजस्थान के टेराकोटा **कलाकार चंद्र शेखर सैन** की कलाकृति **'माई एंटायर वर्ल्ड - I'** (माध्यम: टेराकोटा, श्रेणी: प्रतिमा) को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया।
  - इस बार देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2,495 कलाकारों ने हिस्सा लिया, जिनसे कुल 6,175 कलाकृतियाँ प्राप्त हुईं। प्रदर्शनी के लिए 270 कलाकृतियों को चुना, जिनमें चित्रकला, मूर्तिकला, प्रिंटमेकिंग, ड्राइंग और मिक्स्ड-मीडियम शामिल है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए **20 कलाकारों की 20 कलाकृतियों** को 'ललित कला अकादमी पुरस्कार' के लिए चुना है।

- **मेजर नव्या शेखावत-सीकर**: भारतीय थल सेना की **पहली महिला अधिकारी** जिन्हें भारत के राष्ट्रपति का **ए-डी-कैंप (ADC - सहायक)** नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति की एडीसी टीम में शामिल होने वाली वह कुल मिलाकर देश की **दूसरी महिला सैन्य अधिकारी** (2025 में नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर यशस्वी सोलंकी पहली महिला ADC बनी थी।)
- **अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन:** जोधपुर के खेजड़ली में 20-22 सितंबर तक पर्यावरण रक्षक बलिदानी 363 शहीदों की भूमि पर **'प्रकृति से प्रेरित, गुरु जांभोजी के दर्शन से निर्देशित:जलवायु संरक्षण एवं सतत भविष्य'** थीम पर आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जलवायु संरक्षण और सतत विकास पर चर्चा करना था।
- **फिल्मकार राधेश्याम पीपल्वा:** फतेहपुर (शेखावाटी) निवासी लेखक, निर्माता एवं निर्देशक को उनकी कोंकणी भाषा की फीचर फिल्म **'मोग आसुम'** के लिए **72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** वर्ष 2024 से सम्मानित किया गया है। वे अब तक **पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** प्राप्त करने वाले **राजस्थान के एकमात्र फिल्मकार** हैं। इसके अलावा वे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की राष्ट्रपति जूरी के सदस्य भी रह चुके है।
- **समृद्धि मिल्क एंड एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड**: जयपुर की कंपनी है। कंपनी ने अब तक **तीन मिल्क चिलिंग सेंटर (MCC)** स्थापित कर लिए तथा वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक दूध संग्रह को बढ़ाकर करीब 1 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा है।
- **नेशनल स्पाइस कॉन्फ्रेंस**: द वर्ल्ड स्पाइस ऑर्गेनाइजेशन की ओर से **19 व 20 सितंबर** को जयपुर कन्वेंशन सेंटर में ऑल इंडिया स्पाइसेस एक्सपोर्टर्स फोरम के टेक्निकल पार्टनर डब्ल्यूएसओ की इस कॉन्फ्रेंस की थीम **'किसानों को मजबूत बनाना, ग्राहकों की सुरक्षा'**।
- **राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और इजरायली उप-राजदूत की मुलाकात:** 25 सितंबर 2026 को IIHMR यूनिवर्सिटी, जयपुर में 'विश्रम' द्वारा आयोजित **'हाइफा हाउस समिट'** में भारत में इजरायल के उप-राजदूत **फारेस साएब** से मुलाकात की।
- **जल संसाधन विभाग के ACS अभय कुमार-राज्य समन्वयक:** जल संसाधन विभाग, राजस्थान सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव को **"विकसित भारत-जन सेवा अभियान"** (अवधि: 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026) का **राज्य समन्वयक** नियुक्त किया गया। **नोडल विभाग:** राज्य स्तर पर **आयोजना विभाग, राजस्थान सरकार**
- **6वें राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह-2026** की राज्य स्तरीय कार्यशाला SMS मेडिकल कॉलेज, जयपुर में चिकित्सा शिक्षा विभाग और SMS मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में **"फार्माकोविजिलेंस के माध्यम से दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देना—सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक कदम" थीम पर मनाया गया।**
- **जैसलमेर: इंदिरा गांधी नहर परियोजना क्षेत्र में एस्केप चैनल निर्माण:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जैसलमेर में इंदिरा गांधी नहर परियोजना (IGNP) क्षेत्र के अंतर्गत **बाबा रामदेव सब ब्रांच** की बुर्जी पर प्रस्तावित एस्केप चैनल के निर्माण हेतु **785.87 हेक्टेयर भूमि** के आवंटन की स्वीकृति।
- **वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति-राजस्थान अध्ययन दौरा:** 23 सितंबर 2026 को लोकसभा सांसद **भर्तृहरि महताब** की अध्यक्षता में वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति का दो दिवसीय राजस्थान अध्ययन दौरा, जिसके तहत जयपुर में मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** के साथ उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। राजस्थान में **आकांक्षी जिला कार्यक्रम** एवं **आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम** के क्रियान्वयन तथा विभिन्न socio-economic विकास संकेतकों की प्रगति की समीक्षा।

- **31वाँ 'भारतीय युवा संसद'- अधिवेशन:** 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' [15 सितंबर] के अवसर पर इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान-जयपुर में 15-17 सितंबर 2026 तक राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, **रिवाबा जाडेजा** (गुजरात सरकार में राज्य मंत्री) की अध्यक्षता में जिन्होंने लोकतंत्र को साझा समझ विकसित करने और देश के विकास में 'युवा धन' की महत्ता पर जोर दिया।
- **श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय का 14वाँ स्थापना दिवस:** सितंबर 2026 को श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर-जयपुर में आयोजित हुआ जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित **'कृषि मौसम पोर्टल'** का शुभारंभ किया गया। **विश्वविद्यालय के कुलगुरु:** प्रो. पी.एस. चौहान
- **110वीं पं० दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं संगोष्ठी:** 25 सितंबर 2026 (जन्म **25 सितंबर 1916** को उत्तर प्रदेश) को धानक्या (राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय), जयपुर में शांति एवं अहिंसा विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में **'एकात्म मानववाद से मानव कल्याण'** थीम पर की गई।
- **स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0** के तहत केंद्र सरकार का लक्ष्य 'सितंबर 2026 तक भारत को जीरो डंपसाइट (कचरा मुक्त)' बनाना है, **डंपसाइट रेमिडिएशन एक्सीलरेटर प्रोग्राम** (DRAP) संचालित किया जा रहा है।
- **टेली-मानस:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार: मानसिक स्वास्थ्य सहायता को आमजन तक आसानी से पहुँचाने के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित देशव्यापी 'टेली-मानस' हेल्पलाइन का **टोल-फ्री नंबर 14416** है। टेली-मानस' का नाम Tele-**M**ental Health **A**ssistance and **N**etworking **A**cross **S**tates है।
- **राजस्थान और डेनमार्क 'ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप': 28 सितंबर 2026** को जयपुर स्थित शासन सचिवालय में मुख्य सचिव **वी. श्रीनिवास** और भारत में डेनमार्क के राजदूत **रासमस अबील्डगार्ड क्रिस्टेंसन** ने प्रमुख रूप से भाग लिया। वर्ष 2020 में स्थापित **'इंडिया-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप'** ने हाल ही में अपने प्रथम पाँच-वर्षीय कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया।
- **नारकोटिक्स कंट्रोल विजन 2026-29' की समीक्षा बैठक: 25 सितंबर 2026**
  - **अध्यक्षता:** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास (शासन सचिवालय-जयपुर)
  - **विषय:** प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी एवं दुरुपयोग की रोकथाम के लिए 'नारकोटिक्स कंट्रोल विजन 2026-29' के तहत निर्धारित लक्ष्यों और राज्य रोडमैप की समीक्षा।
  - **विजन के चार प्रमुख स्तंभ-** प्रवर्तन, पूर्ववर्ती रसायन एवं सिंथेटिक ड्रग्स पर रोक, मांग एवं हानि न्यूनीकरण, क्षमता निर्माण एवं समन्वय।
- **UNICEF इंडिया के उप-प्रतिनिधि जेस्पर मोलर:** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ से 15 सितंबर 2026 को।

  - **उद्देश्य:** प्रदेश में मातृ, नवजात, शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील/वंचित वर्गों तक समान रूप से सुलभ बनाना।
  - **'प्री-सर्विस मेडिकल एजुकेशन में बाल अधिकारों के दृष्टिकोण'** को यूनिसेफ़ द्वारा शामिल करने का प्रस्ताव किया गया, जेस्पर मोलर ने किशनगढ़ स्थित **स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट (SNCU)** का क्षेत्रीय दौरा किया। यूनिसेफ़ के आगामी **कंट्री प्रोग्राम 2028–2032** को लेकर प्रारंभिक चर्चा।

➲ **<u>नमो भारत रेल कॉरिडोर</u> (दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी-अलवर RRTS)-**

- **समीक्षा बैठक:** 2 सितंबर 2026 को राजस्थान शासन सचिवालय, जयपुर में वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में की गई। RRTS कॉरिडोर के **<u>बावल से बहरोड़ खंड</u> की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट। <u>सराय काले खां (दिल्ली) से बहरोड़ तक</u>** प्रस्तावित इस रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की कुल **<u>लम्बाई 129.05</u>** किलोमीटर है, जिसमें से <u>राजस्थान में **25.16 किलोमीटर** हिस्सा शामिल होगा।</u>
- **राजस्थान सीमा के अंतर्गत चार एलिवेटेड स्टेशन प्रस्तावित**—शाहजहांपुर-नीमराणा-बहरोड़, शाहजहांपुर, नीमराणा, एवं बहरोड़। बावल से बहरोड़ खंड की अनुमानित लागत 7,747 करोड़ रुपये है। बावल से राजस्थान सीमा तक की लागत राजस्थान और हरियाणा दोनों राज्यों द्वारा संयुक्त रूप से वहन की जाएगी।

❑ **राजस्थान पर्यटन विभाग के अनुसार महत्त्वपूर्ण पेनोरमा एवं स्थान-**

महत्त्वपूर्ण-पेनोरमा	**स्थान-ज़िला**
वीर हसन खाँ	अलवर
राजा भर्तृहरि	अलवर
कृष्ण भक्त अलीबख्श	मुन्डावर, अलवर (<u>वर्तमान: खैरथल-तिजारा</u>)
राष्ट्रीय जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय	मानगढ़, बांसवाड़ा
हाड़ौती पेनोरमा	बारां
भगवान देवनारायण	मालासेरी, भीलवाड़ा
श्री करणी माता	देशनोक, बीकानेर
संत शिरोमणि रैदास	**चित्तौड़ीखेड़ा, चित्तौड़गढ़**
वीर झाला मन्ना	बड़ी सादड़ी, चित्तौड़गढ़
संत सुन्दरदास	दौसा
गुरु गोविन्द सिंह जी	**नरेना, जयपुर**
लोकदेवता बाबा रामदेव जी	रामदेवरा, जैसलमेर
महाकवि माघ एवं गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त	भीनमाल, जालोर
सन्त पीपाजी पेनोरमा	झालावाड़
सैन्य शक्ति स्मारक (वॉर मेमोरिअल)	दोरासर, झुन्झुनू
लोकदेवता पाबूजी पेनोरमा	कोळू पाबूजी, जोधपुर (<u>वर्तमान: फलौदी</u>)
गुरु जम्भेश्वर जी	पीपासर, नागौर
1857 स्वतंत्रता संग्राम	**आऊवा, पाली**
महाराणा राजसिंह पेनोरमा	राजसमन्द
महाबलिदानी पन्नाधाय पेनोरमा	कमेरी, देवगढ़, राजसमन्द
महाराणा कुंभा पेनोरमा	माल्यावास देवगढ़, राजसमन्द
धन्ना भगत पेनोरमा	**धुवांकला, टोंक**
बप्पारावल पेनोरमा	मठाठा, उदयपुर

02 राष्ट्रीय समसामयिकी

भारत के 9 सांस्कृतिक धरोहर स्थल UNESCO विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल-

❒ **वर्तमान में कुल स्थल:** 78

क्र.सं.	स्थल	विशेषता
1.	शेखावाटी की चित्रित हवेली नगर	• **स्थानः** राजस्थान
2.	अंडमान द्वीप समूह का औपनिवेशिक दंड बंदोबस्त (Colonial Penal Settlement)	• **स्थानः** श्री विजय पुरम (अटलांटा पॉइंट), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह। • औपनिवेशिक दंड बस्ती (सेलुलर जेल, **वाइपर द्वीप**, नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप/रॉस द्वीप, चौथम द्वीप)
3.	कामोर्ता हार्बर एवं निकोबारी संस्कृति (निकोबारी सांस्कृतिक निरंतरता, सेंट्रल ग्रुप ऑफ निकोबार आइलैंड्स)	• **स्थानः** निकोबार द्वीप समूह • निकोबारी सांस्कृतिक निरंतरता, **कामोर्ता हार्बर** प्राचीन काल से एक सुरक्षित बंदरगाह रहा है, जो **भारत–चीन व्यापार मार्ग** पर स्थित है।
4.	रंगपुर–शिवसागर ऐतिहासिक समूह	• **स्थानः** असम (शिवसागर) • अहोम राजवंश की ऐतिहासिक राजधानी
5.	बाघ गुफा चित्रकारी	• मध्य प्रदेश– 9 बौद्ध गुफाओं का समूह की भित्ति चित्रकला
6.	गुप्त काल की उदयगिरि गुफाएँ	• मध्य प्रदेश–गुप्त काल की शैल–कृत गुफाएँ
7.	गिन्नोरगढ़ की जनजातीय विरासत	• मध्य प्रदेश–गोंड शासकों का किला
8.	चंबल घाटी के मंदिर समूह	• मध्य प्रदेश–बटेश्वर, पदावली और ककनमठ मंदिर
9.	सत्याग्रह के स्थलः अहिंसक आंदोलन का उदय और संस्थागतकरण	• भारत और दक्षिण अफ्रीका को जोड़ने वाला क्रमिक अंतरराष्ट्रीय नामांकन प्रस्ताव–महात्मा गांधी के सत्याग्रह से जुड़े स्थल

गोल्लाला गुड़ी मंदिर, तेलंगाना

❒ **स्थान:** पालमपेट गाँव, मुलुगु जिला, तेलंगाना

❒ **चर्चा में:** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा प्राचीन स्मारक तथा पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत् **'राष्ट्रीय महत्त्व का स्मारक'** घोषित।

❒ यह काकतीय काल (लगभग 12वीं-13वीं शताब्दी) का त्रिकुटालय शैली का मंदिर है।

जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2026

❒ यह अधिनियम **जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969** (जो 2023 में भी संशोधित हुआ था) में और संशोधन करता है।

❒ **उद्देश्य:** विलंबित पंजीकरण को अधिक कठोर बनाना और समय पर जन्म-मृत्यु की सूचना देने को बढ़ावा देना है।

❒ **लागू:** 1 अक्टूबर 2026 से (रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया, गृह मंत्रालय-भारत सरकार)।

❒ **प्रमुख प्रावधान (धारा 13 में संशोधन):** विलंबित पंजीकरण को दो श्रेणियों में बाँटा गया है:

♦ **1 वर्ष से अधिक लेकिन 2 वर्ष के भीतर:** पंजीकरण केवल **जिला मजिस्ट्रेट (DM), उप-मंडल मजिस्ट्रेट (SDM) या जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अधिकृत कार्यकारी** मजिस्ट्रेट के आदेश से संभव।

♦ **2 वर्ष से अधिक विलंब:** पंजीकरण केवल **प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (JMFC)** के आदेश से संभव।

चर्चित-व्यक्तित्व

अभिनेता अनंत नाग, कर्नाटक

❒ **दादासाहेब फाल्के पुरस्कार-2024 से सम्मानित।**

- पुरस्कार **72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह** में दिया गया।
- **अन्य सम्मान:** 5 फिल्मफेयर, 5 कर्नाटक राज्य सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार, **पद्म भूषण (2025)।**
- कन्नड़ फिल्म **संकल्प** से अभिनय की आरंभिक यात्रा; **अंकुर** से हिंदी सिनेमा में पदार्पण।
- 6 भाषाओं (कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, मराठी) में 300+ फिल्में; उल्लेखनीय कार्य: **मालगुडी डेज।**
- **दादा साहेब फाल्के पुरस्कार–**

प्रारम्भ	1969 (प्रथम प्राप्तकर्त्ता–देविका रानी)
श्रेणी	सिनेमा का सर्वोच्च सम्मानः 'भारतीय सिनेमा के विकास और संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान'
स्वरूप	स्वर्ण कमल, शॉल, ₹15 लाख

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह (72वाँ संस्करण)

- **आयोजन:** 22 सितंबर 2026, एकता नगर (केवड़िया),गुजरात (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास)
- 72 वर्षों में पहली बार यह समारोह नई दिल्ली से बाहर आयोजित किया ।
- **पुरस्कार प्रदाता :** राष्ट्रपति **द्रौपदी मुर्मू**
- **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता :** जुलाई 2026 की मैग्जीन में पृष्ठ संख्या 34 पर विस्तृत विवरण देखे।

नियुक्तियाँ

उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति

- 5 सितंबर 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश पर आठ उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए।

क्र.सं.	नया मुख्य न्यायाधीश	नया उच्च न्यायालय	पूर्व न्यायालय
1.	न्यायमूर्ति वल्लूरी कामेश्वर राव	पटना उच्च न्यायालय	दिल्ली उच्च न्यायालय
2.	न्यायमूर्ति रवींद्र विट्ठलराव घुगे	कलकत्ता उच्च न्यायालय	बॉम्बे उच्च न्यायालय
3.	न्यायमूर्ति संजय कुमार अग्रवाल	राजस्थान उच्च न्यायालय	छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय
4.	न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी	बॉम्बे उच्च न्यायालय	इलाहाबाद उच्च न्यायालय
5.	न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा	पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय	पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश
6.	न्यायमूर्ति कृष्ण राम मोहापात्रा	छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय	ओडिशा उच्च न्यायालय
7.	न्यायमूर्ति अलपेश यशवंत कोग्जे	मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय	गुजरात उच्च न्यायालय
8.	न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र सिंह भाटी	जम्मू–कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय	राजस्थान उच्च न्यायालय

डॉ. दिनेश शर्मा, (उत्तरप्रदेश)

- **नियुक्ति:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का **14वें उपराज्यपाल** नियुक्त किया।
- पूर्ववर्ती एडमिरल (रिटायर्ड) डी.के. जोशी का स्थान लिया, जो अक्टूबर 2017 से इस पद पर थे।

एयर मार्शल (रिटायर्ड) जितेंद्र मिश्रा, उत्तरप्रदेश

- **नियुक्ति:** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)
- **नियोक्ता:** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट।
- **कार्यकाल:** 3 वर्ष

मनदीप के. भंडारी

- **पद:** केंद्रीय माधयमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के नए अध्यक्ष नियुक्त।
- इनसे पहले CBSE अधयक्ष पद का अतिरिक्त प्रभार **लोखंडे प्रशांत सीताराम** के पास था।

भगवत प्रसाद मकवाना

- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष।
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) 1994 में NCSK एक्ट, 1993 द्वारा एक सांविधिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया था। 2004 में NCSK एक्ट की अवधि

समाप्त होने के पश्चात यह MoSJ&E (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) के अन्तर्गत एक गैर वैधानिक निकाय के रूप में कार्य करता है।

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) का पुनर्गठन

- **कार्यकाल: तीन वर्ष की अवधि** के लिए, या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो)।
- पुनर्गठित बोर्ड में **18 सदस्य** शामिल हैं। (इससे पूर्व संगठन अगस्त 2017 में किया गया।)
- यह पुनर्गठन **चलचित्र अधिनियम, 1952** की **धारा 3 की उप-धारा (1)** (सिनेमैटोग्राफ (प्रमाणन) नियमावली, 2024 के नियम 3 के साथ पठित) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत किया गया है।
- **मुख्यालय:** मुंबई, महाराष्ट्र।
- **अध्यक्ष:** शशि शेखर वेंपति।
- CBFC सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन एक सांविधिक निकाय है।

अवॉर्ड्स/सम्मान

ICAR इनोवेटिव किसान पुरस्कार 2025-26

- **विजेता:** प्रवीण देहरी, राजापारा गाँव, कांकेर जिला, छत्तीसगढ़
- **योगदान:** देहरी को कड़कनाथ तथा अन्य पोल्ट्री नस्लों के लिए कम लागत और, ऊर्जा-कुशल **अंडा इनक्यूबेटर-सह-हैचिंग मशीन** विकसित करने और उसका व्यावसायीकरण करने के लिए उन्हें इससे पहले **कृषि रत्न** और **'इनोवेटिव कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार'** भी प्राप्त हो चुके हैं।
- **स्थान:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (NAARM), हैदराबाद, में (**'स्वर्ण जयंती एवं 51वें स्थापना दिवस'** के अवसर पर)।
- **नोट:** Farmers Vault Portal का शुभारंभ किया गया।

ग्रीन हाईवेज एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2026

- **उद्देश्य:** राष्ट्रीय राजमार्गों पर लैंडस्केपिंग (सौंदर्यीकरण) एवं वृक्षारोपण प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रथाओं को मान्यता देना।
- **शुरूआत:** 2025 में, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI), द्वारा।
- **नोडल मंत्रालय:** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय।

श्रेणी 1	सड़क के किनारे वृक्षारोपण	प्रथम पुरस्कार	• परियोजनाः आंध्र प्रदेश में NH-16 के चिलकलुरिपेट बाईपास का छह-लेन निर्माण, RO-विजयवाड़ा के अंतर्गत।
		तृतीय पुरस्कार	• परियोजनाः NH-925 के गागरिया-बाखासर खंड तथा NH-925A के सट्टा-गंधव खंड का निर्माण, RO-जयपुर के अंतर्गत।
श्रेणी 2	सड़क के बीच वृक्षारोपण	प्रथम पुरस्कार	• परियोजनाः NH-163 के हैदराबाद-यदगिरी खंड को चार लेन का बनाना। RO हैदराबाद के अंतर्गत
श्रेणी 3	भूखंडों पर वृक्षारोपण	प्रथम पुरस्कार	• परियोजनाः NH-44 पर जामठा क्लोवर लीफ, ऑक्सीजन बर्ड पार्क। RO नागपुर के अंतर्गत

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 (5 सितंबर)

- **समारोह :** 5 सितंबर 2026, विज्ञान भवन, नई दिल्ली।
- **प्रदानकर्त्ता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू
- **आयोजक:** शिक्षा मंत्रालय।
- **कुल पुरस्कार विजेता:** 82
- इनमें विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के 48 शिक्षक, उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षक/संकाय सदस्य और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षक शामिल हैं।

5वाँ स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार

- **आयोजनकर्त्ता :** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा 'स्वच्छ वायु दिवस एवं नीले

आसमान के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस' के अवसर पर, **7 सितंबर** को।

- **शुरूआत:** 2022-2023 से।
- **प्रदानकर्ता :** न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव (अध्यक्ष, राष्ट्रीय हरित अधिकरण-NGT)।
- **इस अवसर पर** MoEFCC द्वारा **''राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP)''** के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में ''सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरों एवं वार्डों'' को सम्मानित किया गया। **(कुल शामिल शहर-130)**
- **विभिन्न श्रेणियों में विजेता शहर एवं वार्ड:**

पुरस्कार	श्रेणी 1 (दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर) : 48 शहर	श्रेणी 2 (3 लाख से 10 लाख के बीच जनसंख्या): 42 शहर	श्रेणी 3 (3 लाख से कम जनसंख्या): 40 शहर
प्रथम स्थान	लखनऊ (उत्तर प्रदेश)	राउरकेला (ओडिशा)	कलिंगनगर (ओडिशा)
द्वितीय स्थान	इंदौर (मध्य प्रदेश)	संयुक्तः फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) और गुंटूर (आंध्र प्रदेश)	अंगुल (ओडिशा)
तृतीय स्थान	जबलपुर (मध्य प्रदेश)	अमरावती (महाराष्ट्र)	तालचेर (ओडिशा)

श्रेणी	आबादी	पहला स्थान
श्रेणी 1	30,000 से ज्यादा	वार्ड 70, लखनऊ
श्रेणी 2	10,000–30,000	वार्ड 30 और 36, भुवनेश्वर
श्रेणी 3	10,000 से कम	वार्ड 13, राउरकेला

- **स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 में राजस्थान के शहरों का प्रदर्शन।**

श्रेणी 1 (10 लाख से ज्यादा आबादी)	श्रेणी 2 (3–10 लाख आबादी)
• जयपुर 174 के स्कोर के साथ 20वें स्थान पर रहा। • जोधपुर 163.2 के स्कोर के साथ 24वें स्थान पर रहा। • कोटा 146.3 के स्कोर के साथ 37वें स्थान पर रहा।	• अलवर 192 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहा। • उदयपुर 187.5 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहा।

- **राज्य-स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित तीन सर्वश्रेष्ठ वार्ड ।**

श्रेणी	आबादी	पहला स्थान
श्रेणी 1	> 30,000	जयपुर, JPWARD135
श्रेणी 2	10,000–30,000	जयपुर, JPWARD41
श्रेणी 3	< 10,000	अलवर, ward64alwar

27वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता पुरस्कार, (जवाहर नवोदय विद्यालयों के लिए), 2025-26

- **राष्ट्रीय विजेता:** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उखरुल-1, मणिपुर-शिलांग क्षेत्र।
- **आयोजन:** 10 सितंबर 2026, संसद भवन परिसर, नई दिल्ली।
- **आयोजक :** संसदीय कार्य मंत्रालय।
- **नोट:** जयपुर क्षेत्र से विजेता-पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरतगढ़, श्रीगंगानगर, राजस्थान।

6वाँ अंतरराष्ट्रीय कवरिंग क्लाइमेट नाउ (CCNOW) पत्रकारिता पुरस्कार 2026

- **घोषणा:** 17 सितंबर 2026
- **विजेताओं की संख्या:** 49
- **विशेष पुरस्कार:**
  - ♦ जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर: किम मिन-वूक, रोली श्रीवास्तव (मुम्बई), और सैमी रोथ।
    - • रोली श्रीवास्तव : **'द माइग्रेशन स्टोरी'** की संस्थापक
  - ♦ लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार: 'द गार्जियन' की फियोना हार्वे
- **नोट:** CC Now, 2019 में स्थापित किया गया सैकडों न्यूज आउटलेट्स का एक वैश्विक संगठन है।

प्लेटफॉर्म पुरस्कार 2026 (Platform Prize 2026)

- **विजेता फिल्म:** अंघ (Angh)
- **निर्देशक:** थेजा रियो, नागालैंड, भारत
- **प्रस्तुतकर्ता:** टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (TIFF)
- **विशेष तथ्य:** इस वर्ष पहली बार TIFF का **'प्लेटफॉर्म पुरस्कार'** जीतने वाली गैर-अंग्रेजी भाषा की फिल्म को **'अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म'** श्रेणी के लिए सीधे पात्रता प्रदान की गई है।

Springboard Academy

16वाँ सांसद रत्न पुरस्कार

- **आयोजन:** 9 सितंबर 2026 को डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में
- **आयोजक संस्था:** प्राइम पॉइंट फाउंडेशन / संसद रत्न पुरस्कार समिति
- **प्राप्तकर्त्ता:** 10 सांसद + 4 संसदीय स्थायी समितियाँ
- **व्यक्तिगत सांसद पुरस्कार विजेता**

श्रेणी	विजेता
समग्र कुल तालिका–लोकसभा	प्रवीण पाटिल पी. पी. चौधरी (राजस्थान)
प्रश्न–लोकसभा	बिद्युत बरन महतो
बहस (Debate) की पहल	जगदम्बिका पाल डॉ. निशिकान्त दुबे
गैर सरकारी विधेयक	डॉ. श्रीकांत शिंदे
पहली बार निर्वाचित सांसद –लोकसभा	लुंबराम (राजस्थान) हेमंत विष्णु सावरा नरेश गणपत म्हस्के
महिला सांसद–लोकसभा	स्मिता उदय वाघ
समग्र कुल तालिका–राज्यसभा	मेधा विश्राम कुलकर्णी नरहरि अमीन

समिति	आयोजक का मानदंड	अध्यक्ष (Chairperson)
कृषि, पशुपालन एवं खाद्य प्रसंस्करण	सबसे अधिक कुल रिपोर्टें प्रस्तुत	रणजीत सिंह चन्नी
वित्त	सबसे अधिक कुल रिपोर्टें प्रस्तुत	भर्तृहरि महताब
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज	सबसे अधिक मूल रिपोर्टें प्रस्तुत	सप्तगिरि शंकर उलाका
कोयला, खान एवं इस्पात	सबसे अधिक मूल रिपोर्टें प्रस्तुत	अनुराग सिंह ठाकुर

- इस पुरस्कार की स्थापना **2010** में **''प्राइम पॉइंट फाउंडेशन''** द्वारा पूर्व राष्ट्रपति ''डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम'' के सुझाव के बाद की गई थी।
- इसके चयन में संसदीय प्रदर्शन से संबंधित आँकड़ों का उपयोग किया जाता है, जिनमें **'लोकसभा, राज्यसभा और PRS Legislative Research'** के आँकड़े शामिल हैं।

अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन (AGU) पुरस्कार 2026

- **थीम:** Where Science Connects
- यूनियन मेडल और पुरस्कारों के 43 विजेताओं में 2 भारतीय शामिल हैं।
    - **देवेंद्र लाल मेमोरियल मेडल:** डॉ. नीलिमा सत्यम, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर (IIT इंदौर) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में इंस्टीट्यूट चेयर प्रोफेसर।
    - **पावेल एस. मोलचानोव क्लाइमेट कम्युनिकेशंस प्राइज:** रॉक्सी मैथ्यू कोल्ल, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे के जलवायु वैज्ञानिक।

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार 2025–26 एवं राजभाषा गौरव पुरस्कार–2025

- **आयोजन:** सिडको प्रदर्शनी केंद्र, नवी मुंबई, महाराष्ट्र।
- **प्रदानकर्त्ता:** अमित शाह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
- **अवसर:** 14 सितंबर-हिंदी दिवस 2026 एवं 6वाँ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन (आयोजन-मुंबई)
- **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार** गृह मंत्रालय द्वारा संस्थागत **सरकारी कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन** एवं प्रगतिशील प्रयोग के लिए दिया जाने वाला राष्ट्रीय सम्मान है। इस योजना को 2025–26 से संशोधित किया गया है। इसके अंतर्गत छह व्यापक समूह शामिल हैं-
    1. मंत्रालय/विभाग
    2. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम
    3. बोर्ड/स्वायत्त निकाय/ट्रस्ट
    4. राष्ट्रीयकृत बैंक
    5. गृह-पत्रिकाएँ (हिंदी)
    6. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ-

श्रेणी	पद	विजेता
300 से अधिक कार्मिक वाले मंत्रालय/विभाग	प्रथम	रक्षा मंत्रालय
300 से कम कार्मिक वाले मंत्रालय/विभाग	प्रथम	वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय
विशेष सम्मान	–	प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) राजभाषा उत्कृष्टता सम्मान

राजभाषा गौरव पुरस्कार 2025

- **'राजभाषा गौरव पुरस्कार'** मुख्यत: **लेखकों और व्यक्तियों** को उच्च गुणवत्ता वाली मूल या अनूदित हिंदी कृतियों के लिए प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य हिंदी में मूल ज्ञान-सृजन तथा उच्च गुणवत्ता वाले लेखन को प्रोत्साहित करना है।

Springboard Academy

श्रेणी	प्रथम पुरस्कार	द्वितीय पुरस्कार	प्रोत्साहन पुरस्कार
ज्ञान–विज्ञान	• आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः यंत्रबुध्दि **लेखकः** श्री बालेन्दु शर्मा दाधीच	• बीमारियाँ शिशुओं और बच्चों की **लेखकः** डॉ. प्रेमचन्द्र स्वर्णकार	
विधि एवं पुलिस अनुसंधान, अपराधशास्त्र, पुलिस प्रशासन और न्यायालयिक विज्ञान	—	—	विधिक शिक्षा एवं विधिक शोध पद्धति **लेखकः** ▪ प्रो. अशोक कुमार राय ▪ डॉ. संतोष कुमार
संस्कृति, धर्म, कला, धरोहर	भारतीय कला और अंतरानुशासन **लेखकः** श्री नर्मदा प्रसाद उपाध्याय	अतीत से वर्तमान तकः नैनीताल का सफर और गॉथिक राजभवन के निर्माण की अद्भुत गाथा **लेखकः** डॉ. गिरीश रंजन तिवारी	दण्डपाणि च भैरवम् **लेखकः** ▪ प्रो. (डॉ.) विजय नाथ मिश्र ▪ श्री यतीन्द्र नाथ चतुर्वेदी
हिन्दी में अनूदित पुस्तक	रॉबिन्सन क्रूसो **लेखकः** डॉ. रामसनेही लाल शर्मा श्यायावर	—	रॉबर्ट बर्न्सः 20 कालजयी कविताएँ **लेखकः** श्रीमती अंजु रंजन

1st डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जन सेवा पुरस्कार 2026

- संसद रत्न समारोह'' के दौरान प्रदान किया गया।
- **विजेताः** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC)
- **प्राप्तकर्त्ताः** किशोर मकवाना, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC)
- यह नया पुरस्कार ''उल्लेखनीय जनसेवा से जुड़े संगठनों या व्यक्तियों को सम्मानित करने'' के लिए स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2026

- **विजेताः** संगीतकार शांतनु मोइत्रा
- **आयोजकः** मध्य प्रदेश सरकार का संस्कृति विभाग, भारत रत्न लता मंगेशकर की 28 सितंबर को जयंती के अवसर पर।
- **नोटः** मोइत्रा को 2014 में तेलुगु फिल्म **'ना बंगारु तल्लि'** के लिए **''सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन (पृष्ठभूमि संगीत)''** का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

FAO 100 वुमन हीरोज पुरस्कार 2026

- भारत से विजेताः लालरितांगी, मिजोरम की स्ट्रॉबेरी किसान।
- **नोटः** उन्हें 12-16 अक्टूबर तक रोम स्थित **'FAO मुख्यालय'** में आयोजित होने वाले 'विश्व खाद्य मंच (WFF)' के दौरान यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

SASTRA (शन्मुघा कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं अनुसंधान अकादमी) रामानुजन पुरस्कार, 2026

- **विजेताः** सारा पेलुस, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में गणित की एसोसिएट प्रोफेसर।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष यूनिवर्सिटी द्वारा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 22 दिसंबर को होने वाली जयंती के उपलक्ष्य में दिया जाता है।
- 2005 से दिए जा रहे इस पुरस्कार में दुनिया भर के 32 साल से कम उम्र के बेहतरीन रिसर्चर्स को US $10,000 और एक प्रशस्ति-पत्र (साइटेशन) दिया जाता है।
- **नोटः** SASTRA, तंजावुर (तमिलनाडु) में स्थित एक 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' है।

प्रथम 'कूल लीडर्स अवॉर्ड'

- **आयोजनकर्त्ताः** UNEP के नेतृत्व वाली पहल 'कूल कोएलिशन' (COOL Coalition) द्वारा

Shubham ACADEMY

- **विजेता:** संयुक्त अरब अमीरात (UAE), सिंगापुर और चीनी बिजनेस लीडर **'सुश्री डोंग मिंगझू'**

4th इको वॉरियर पुरस्कार

- **आयोजक:** इंडियन फॉरेस्ट सर्विस एसोसिएशन (IFSA) एवं इंडियन मास्टरमाइंड्स
- **स्थान एवं तिथि:** 29 सितंबर 2026, नई दिल्ली
- **अध्यक्षता:** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव
- **लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के विजेता:** श्री बृज किशोर सिंह, 1976 बैच के कर्नाटक कैडर के IFS अधिकारी, **'चंदन की लकड़ी की तस्करी से निपटने'** के लिए।
- बाड़मेर की DCF (Deputy Conservator of forest) सविता दहिया विशेष जूरी पुरस्कार श्रेणी की विजेता रही।
- भारत के प्रोजेक्ट एलीफेंट के साथ राजस्थान का ग्रेट इंडियन बस्टर्ड संरक्षण प्रोजेक्ट खास प्रोजेक्ट के लिए पहचान की श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।

राष्ट्रीय सम्मेलन/बैठकें

जल सुरक्षा पर राष्ट्रीय विभागीय शिखर सम्मेलन

- **आयोजन:** 1-2 सितंबर 2026, नई दिल्ली
- **आयोजक:** जल शक्ति मंत्रालय।
- **अध्यक्षता:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने (समापन सत्र)।
- **महत्व:** विभागीय शिखर सम्मेलनों की नई श्रृंखला का पहला सम्मेलन

5वाँ e-FAST इंडिया शिखर सम्मेलन

- **पूर्ण नाम:** Electric Freight Accelerator for Sustainable Transport - India
- **आयोजन:** 7 सितंबर 2026, द अशोक, नई दिल्ली
- **आयोजक:** नीति आयोग के नेतृत्व वाला e-FAST इंडिया प्लेटफॉर्म
- **थीम:** 'बाजार निर्माण से बाजार परिवर्तन की ओर बढ़ना'
- **प्रमुख लॉन्च:**
  - PACT (Platform for Accelerating Clean Transport)प्लेटफॉर्म-स्वच्छ परिवहन को गति देने के लिए।
  - जीरो एमिशन ट्रक मार्केटप्लेस (ZET)।

9वाँ राष्ट्रीय पोषण माह 2026

- **शुभारंभ :** 9 सितंबर 2026, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
- **अवधि:** 9 सितंबर-8 अक्टूबर 2026
- **थीम:** 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी'
- **आयोजक:** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- **शुभारंभ:** केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी
- **नोट: प्रमुख 5 विषयगत क्षेत्र**
  1. आहार में विविधता और पर्याप्त प्रोटीन का सेवन
  2. ताजा और गर्म पका हुआ भोजन (HCM) और गुणवत्ता सुनिश्चित करना
  3. सामुदायिक स्वामित्व और जवाबदेही
  4. पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ECCE)
  5. मातृ स्वास्थ्य और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)

62वाँ APNIC सम्मेलन

- **अवधि:** 4-10 सितंबर 2026
- **आयोजन:** 8-10 सितंबर 2026, मुंबई, महाराष्ट्र
- **आयोजक:** एशिया पैसिफिक नेटवर्क इंफॉर्मेशन सेंटर (APNIC)
- **मेजबान:** नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (NIXI) + इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स असोसिएशन (ISPAI)
- **सरकारी सहयोग:** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) और महाराष्ट्र सरकार
- **नोट:** APNIC का प्रमुख सम्मेलन 14 वर्षों के बाद भारत में आयोजित हुआ। इसमें एशिया-प्रशांत क्षेत्र के इंटरनेट विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के नेताओं ने भाग लिया।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती सम्मेलन 2026

- **अवधि:** 9-11 सितंबर 2026
- **स्थान:** उमियम, मेघालय
- **थीम:** 'प्राकृतिक खेती: आत्मनिर्भर कृषि और ग्रामीण समृद्धि की दिशा में'
- **आयोजक:** केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल

6वाँ राष्ट्रीय औषधि-सतर्कता सप्ताह 2026

- **अवधि:** 17-23 सितंबर 2026, IPC, गाजियाबाद में।
- **थीम:** औषधि-सतर्कता के माध्यम से दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देना-सुरक्षित स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक कदम।
- **आयोजक:** भारतीय फार्माकोपिया आयोग (Indian Pharmacopoeia Commission - IPC), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
- **उद्देश्य:** प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रिया (ADR) की रिपोर्टिंग, औषधि-सतर्कता तथा दवाओं के सुरक्षित एवं तर्कसंगत उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना।
- **नोट:** नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय औषधि-सतर्कता सप्ताह कार्यक्रम में **'नेशनल फॉर्मुलरी ऑफ इंडिया (NFI) 2026 के 7वें संस्करण'**, **'चिकित्सा उपकरणों से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं की रिपोर्टिंग हेतु अस्पताल मार्गदर्शन दस्तावेज'**, तथा iOS के लिए ADR-PvPI 2.0 मोबाइल ऐप'' लॉन्च किए गए।

9वां इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक (IIWW) 2026

- **आयोजन:** 22-26 सितंबर 2026,भारत मंडपम, नई दिल्ली
- **आयोजक:** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार
- **उद्घाटन:** भारत के उपराष्ट्रपति **श्री सी. पी. राधाकृष्णन** द्वारा
- **थीम:** 'जलवायु-सुदृढ़ जल प्रबंधन' (Climate Resilient Water Management)
- **भागीदार देश:** नीदरलैंड और जर्मनी
- **पार्टनर राज्य/केंद्र शासित प्रदेश: 14**
- दूसरे इंडिया इंटरनेशनल WASH कॉन्फ्रेंस 2026 का आयोजन (22-24 सितम्बर)।

- **IIWW 2026 के दौरान दो त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन भारत और नीदरलैंड के बीच** कालपसर प्रोजेक्ट, गुजरात के लिए तकनीकी सहयोग और क्षमता निर्माण के विषय में हस्ताक्षरित किए गए।
- **समझौताकर्त्ता:**
  - **सेंट्रल वॉटर कमीशन (CWC)**-कालपसर डिपार्टमेंट, गुजरात सरकार-**डच संस्थान: Deltares,** TU Delft (Delft University of Technology)

औद्योगिक संबंध एवं श्रम पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन:** 28 सितंबर,नई दिल्ली
- **आयोजक:** भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) एवं एम्प्लॉयर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (EFI)
- **थीम:** 'एआई युग में औद्योगिक संबंधों एवं कार्यस्थल सहभागिता का पुनर्गठन'
- **नोट:** डॉ. मनसुख मांडविया ने **'28 सितंबर से'** लेबर कोड्स पर **'श्रम संवाद'** नामक एक मेगा जागरूकता अभियान शुरू करने की घोषणा की। इसके अंतर्गत अगले **'90 दिनों'** में सभी **'36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 316 जिलों'** में औद्योगिक क्लस्टरों को शामिल किया जाएगा।

सम्मेलन	विवरण
4th भारत–जर्मनी पर्यावरण मंच आयोजनः 1 सितंबर 2026, नई दिल्ली	• **थीमः** "अधिक लचीलेपन के लिए साथ" (Together For More Resilience) • **आयोजकः** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC), भारत एवं संघीय पर्यावरण मंत्रालय, जर्मनी • **अध्यक्षताः** भूपेंद्र यादव एवं जर्मनी के पर्यावरण मंत्री कार्स्टन नाइडर • **प्रमुख परिणामः** आर्द्रभूमियों/रामसर स्थलों के संरक्षण एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर संयुक्त आशय घोषणा (Joint Declaration of Intent)
7वाँ ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 आयोजनः 8–11 सितंबर 2026, मुंबई	• **थीमः** प्रभाव उत्पन्न करने की क्षमताः एजेंटिक AI द्य टोकनाइजेशन द्य क्वांटमः समावेशी वित्त के लिए विश्वसनीय, कनेक्टेड एवं वैश्विक प्रणालियाँ • **आयोजकः** पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया, NPCI और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल, सरकारधनियामक संस्थाओं की भागीदारी के साथ • **उद्घाटनः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा। • **महत्त्वः** फिनटेक, डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन के लिए प्रमुख वैश्विक मंच।

पर्यावरण एवं जलवायु गतिशीलता के भविष्य पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजनः 19–20 सितंबर 2026, नई दिल्ली	• **आयोजकः** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) • **उद्घाटनः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा। • **नोटः** 17 देशों की भागीदारी • **प्रमुख बिंदुः** NGT ऐप का शुभारंभ
INNOPROM India 2026 आयोजनः 9–11 सितंबर 2026 भारत मंडपम, नई दिल्ली	• **प्रकृतिः** भारत–रूस औद्योगिक प्रदर्शनी • **मुख्य पूर्ण सत्र की सह–अध्यक्षताः** पीयूष गोयल एवं रूस के उद्योग एवं व्यापार मंत्री एंटोन अलीखानोव • **महत्वः** भारत में पहली बार INNOPROM अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक व्यापार मेले का आयोजन; मुख्य फोकसः विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, निवेश तथा भारत–रूस औद्योगिक सहयोग।
वैश्विक शुष्कभूमि कांग्रेस 2026 आयोजनः 10–12 सितंबर 2026 राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (NASC), नई दिल्ली	**थीमः** "दक्षिण–दक्षिण सहयोग के साथ शुष्कभूमि कृषि का रूपांतरण" **आयोजकः** ICAR (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) **एवं** ICRISAT (अंतर्राष्ट्रीय अर्ध–शुष्क उष्णकटिबंधीय फसल अनुसंधान संस्थान) **प्रमुख परिणामः** शुष्कभूमि पर दिल्ली घोषणा (3D)-छह विषयों परः 1. **प्रजनन (Breeding)** 2. **जलवायु अनुकूलन क्षमता (Climate Resilience)** 3. **पोषण एवं बाजार** 4. **कृषि प्रणालियाँ** 5. **बीज प्रणालियाँ** 6. **लैंगिक एवं युवा समावेशन**
विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच 2026 आयोजनः 15–18 सितंबर 2026 गांधीनगर, गुजरात	• **थीमः** "चक्रीय अर्थव्यवस्थाः लोगों और समृद्धि के लिए परिवर्तन" • **आयोजकः** CPCB, MoEFCC, फिनलैंड सरकार, गुजरात सरकार एवं GPCB • **संयुक्त रूप से उद्घाटनः** भूपेंद्र यादव एवं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल • **महत्वः** दक्षिण एशिया में पहली बार WCEF की मेजबानी।

अभियान/पहल/महोत्सव

विशेष अभियान 6.0

- **नोडल विभागः** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG), कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय।
- **विशेष अभियानः** वर्ष 2021 से प्रतिवर्ष आयोजित।
- **मुख्य उद्देश्यः** सरकारी कार्यालयों में 'स्वच्छता को संस्थागत रूप देना' तथा 'लंबित मामलों को कम करना'।
- **तैयारी चरणः** 16–30 सितंबर 2026
- **मुख्य क्रियान्वयनः** 2–31 अक्टूबर 2026
- **कवरेजः** मंत्रालय/विभाग, संबद्ध/अधीनस्थ/स्वायत्त कार्यालय, क्षेत्रीय/दूरस्थ कार्यालय तथा विदेशों में स्थित भारतीय मिशन।

स्वच्छता ही सेवा (SHS) 2026

- **अवधिः** 17 सितंबर–17 अक्टूबर 2026
- **थीमः** स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत
- **Note : स्वच्छता ही सेवा** 2017 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। **अभियान** की शुरुआत स्वच्छ भारत मिशन (SBM) के जन भागीदारी दृष्टिकोण से हुई तथा यह **2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस** से पहले आयोजित किया जाता है।

स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर 5.0

- **शुभारंभ तिथिः** 1 सितंबर 2026
- **अवधिः** 12–19 सितंबर 2026
- **आयोजकः** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
- **शुभारंभः** डॉ. जितेंद्र सिंह, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
- मुख्य फोकसः तटीय स्वच्छता एवं महासागर संरक्षण
- **विशेषः** ओशन ओलंपियाड का भी आयोजन किया गया।

दत्तक ग्रहण जागरूकता अभियान 2026

- **शुभारंभः** 1 सितंबर 2026 (वर्षभर चलने वाला अभियान)

- **आयोजक:** केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- **थीम:** कानूनी दत्तक ग्रहण, सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य, अवैध दत्तक ग्रहण को ना कहें! (Legal Adoption. Safe Childhood. Secure Future. Say No to Illegal Adoption!")
- **नोट: CARA, किशोर न्याय अधिनियम, 2015** के तहत एक **'वैधानिक निकाय'** है।

नशा मुक्त भारत अभियान / नशा मुक्त युवा

- विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा-100 सप्ताह का नशा मुक्त युवा अभियान
  - **मूल शुभारंभ:** 2 अगस्त 2026
  - **मंत्रालय:** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय
  - **प्लेटफॉर्म:** MY Bharat + राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
  - **100 सप्ताह का अभियान शुरू:** 18 सितंबर 2026
  - **उद्घाटन कार्यक्रम:** राष्ट्रीय संकल्प समारोह
  - **चार स्तंभ:**
    1. रोकथाम (Prevent) 2. सुरक्षा (Protect)
    3. पुनर्प्राप्ति (Recover) 4. नेतृत्व (Lead)

कार्यक्रम	मंत्रालय	मुख्य फोकस
नशा मुक्त भारत अभियान (15 अगस्त, 2020)	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	मादक पदार्थों की मांग में कमी
विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा (2 अगस्त, 2026)	युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय	युवाओं की लामबंदी
100 सप्ताह नशा मुक्त युवा अभियान (18 सितम्बर 2026)	युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय	100 सप्ताह का युवा अभियान

साधना श्रृंखला पहल 2026

- Strengthening Adaptive Development and Humane Aptitude for National Advancement **(SADHANA)**
- **आयोजक:** क्षमता निर्माण आयोग (CBC), कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय।
- **प्रकृति:** क्षेत्रीय परामर्शात्मक सहभागिताओं की राष्ट्रव्यापी श्रृंखला। **(29 सितंबर-17 नवम्बर)**
- **उद्देश्य:** मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण संस्थानों के परिवर्तन को आगे बढ़ाते हुए उन्हें रणनीतिक एवं दक्षता-आधारित क्षमता निर्माण संस्थानों के रूप में विकसित करना।
- **चार क्षेत्रीय कार्यशालाएँ** –
  - दक्षिणी क्षेत्र: विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश
  - पूर्वोत्तर क्षेत्र: गुवाहाटी, असम
  - उत्तरी क्षेत्र: लखनऊ, उत्तर प्रदेश
  - पश्चिमी क्षेत्र: पुणे, महाराष्ट्र

PRAGATI-50 पहल

- **प्रारंभ:** 29 सितंबर, नई दिल्ली
- **उद्देश्य:** स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत लक्षित, KPI-आधारित कार्रवाई तथा गहन और प्रौद्योगिकी-सक्षम निगरानी का उपयोग करके **स्वच्छता के लिए 50 मॉडल शहरों** का विकास करना।
- **अंतर्गत:** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA)

> - CSIR- Central Mechanical Engineering Research Institute (CMERI) के सहयोग से MoHUA ने **दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल में स्वच्छ भारत टेस्ट बेड एवं इनोवेशन सेंटर** का शुभारंभ किया। यह स्वच्छता प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय सुविधा है।
> - **स्वच्छता व्यवहार परिवर्तन डिजिटल कोष (Swachhata Behaviour Change Digital Kosh):** विचारों को एक साथ लाने वाला एक डिजिटल भंडार।
> - **स्वच्छता ही सेवा 2026** के तहत केंद्रीय मंत्री **श्री मनोहर लाल** ने नई दिल्ली के **संकल्प भवन** में Reduce, Reuse and Recycle (RRR) Centre का उद्घाटन किया।
> - **नोट:** राजस्थान से **जयपुर और उदयपुर** का चयन किया गया है।

17वाँ कथकली महोत्सव

- **आयोजन:** 18-20 सितंबर 2026, भारत कलाक्षेत्र सभागार, तिरुवन्मियूर, चेन्नई, तमिलनाडु
- **थीम:** कथा रस संगम-कहानियों के सार का संगम
- **आयोजक:** कलाक्षेत्र फाउंडेशन (1936 में रुक्मिणी देवी अरुंडेल द्वारा स्थापित)

- **मंत्रालय:** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
- **नोट:** कथकली-केरल की शास्त्रीय नृत्य-नाट्य परंपरा।

38वाँ पुणे महोत्सव

- **आयोजन:** 18 सितंबर 2026, श्री गणेश कला क्रीड़ा रंगमंच, पुणे, महाराष्ट्र
- **उद्घाटनकर्त्ता:** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन
- **पुरस्कार:** संस्थापक सुरेश कलमाडी पुणे महोत्सव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड
  - **2026 के पुरस्कार विजेता:** मोहन जोशी, वरिष्ठ अभिनेता
  - **सम्मान:** भारतीय सिनेमा और प्रदर्शन कला में योगदान

79वाँ हैदराबाद मुक्ति दिवस

- **आयोजन:** 17 सितंबर, परेड ग्राउंड, सिकंदराबाद, तेलंगाना
- **मुख्य अतिथि:** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन
- **ऐतिहासिक तिथि:** 17 सितंबर 1948
- **प्रमुख घटना:** ऑपरेशन पोलो के बाद तत्कालीन हैदराबाद राज्य का भारतीय संघ में विलय।

पोर्टल

डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग (DCR) प्लेटफॉर्म

- **शुभारंभ:** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) ने 25 सितंबर 2026 को।
- एक **ऑनलाइन रेटिंग प्लेटफॉर्म** तथा डिजिटल कनेक्टिविटी का परीक्षण करने के लिए **फील्ड-टेस्टिंग मोबाइल ऐप** भी शामिल है।
- **उद्देश्य:** ग्राहकों को विभिन्न संपत्तियों (भवनों) की डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग की जानकारी उपलब्ध करना और संपत्तियों की डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग की पूरी प्रक्रिया को सरल बनाना।

नेट जीरो पोर्टल एवं NAPCC डैशबोर्ड

- **शुभारंभ :** विश्व ओजोन दिवस 2026 (16 सितम्बर) के अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने मुंबई में।

नेट जीरो पोर्टल

- संस्थाओं द्वारा **स्वैच्छिक नेट जीरो प्रतिबद्धताओं** के पंजीकरण व प्रकटीकरण हेतु केंद्रीकृत डिजिटल मंच।
- इसमें भाग लेने वाली संस्थाएँ अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का विवरण, नेट जीरो लक्ष्य व वार्षिक प्रगति दे सकती हैं।
- संस्थाएँ अपने नेट जीरो लक्ष्यों की सफलतापूर्वक घोषणा करेंगी, उन्हें पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से एक **स्वीकृति पत्र (एक्नॉलेजमेंट)** प्रदान किया जाएगा।

NAPCC डैशबोर्ड

- **जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC)** के अंतर्गत राष्ट्रीय मिशनों के कार्यान्वयन व प्रगति का समेकित डिजिटल दृश्य।
- अंतर-मंत्रालयी समन्वय, साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन एवं क्षेत्रवार कमियों की पहचान में सहायक।

पर्यावरण

देश का प्रथम बंदरगाह-आधारित ई-मेथनॉल संयंत्र

- **आधारशिला:** सर्बानंद सोनोवाल (केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री), गुजरात CM भूपेंद्र पटेल व असम CM हिमंत बिस्वा सरमा (26 सितम्बर)।
- **स्थान:** दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण (DPA), कांडला, (गुजरात)।
- **क्षमता:** 150 टन/दिन (TPD)
- DPA और असम पेट्रो-केमिकल्स लिमिटेड (APCL), नामरूप की संयुक्त पहल।
  - **पूँजी अनुपात:** DPA:APCL = 76:24
- **उत्पादन:** नवीकरणीय ऊर्जा, पानी और जैविक स्रोतों की CO_2 से ई-मेथनॉल का उत्पादन करेगा
- **उपयोग: एशिया-यूरोप व्यापार गलियारे** के जहाजों को आपूर्ति

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB) संरक्षण

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 13-14 सितम्बर 2026 को गुजरात के कच्छ (भुज, नलिया) में GIB संरक्षण, घासस्थल पुनर्स्थापना और प्रोजेक्ट चीता की समीक्षा की।
- **GIB संरक्षण के लिए 'गुजरात एक्शन प्लान' जारी :** भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा गुजरात वन विभाग के सहयोग से तैयार।

- **GIB सॉफ्ट रिलीज सेंटर का उद्घाटन: नालिया, गुजरात** में विकसित
  - यहाँ राजस्थान से लाए गए कैद-प्रजनित (कैप्टिव ब्रीड) पक्षियों को अनुकूलन हेतु अस्थायी रूप से रखा जाएगा।

चीता संरक्षण कार्यक्रम (प्रोजेक्ट चीता)

- 17 सितंबर 2026 को भारत के प्रोजेक्ट चीता के चार वर्ष पूरे हुए।
- **शुरुआत:** 17 सितंबर 2022 को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान, मध्यप्रदेश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को जंगल में छोड़ा था।
- **वर्तमान स्थिति (सितंबर 2026 तक)**
  - **कुल चीतों की संख्या:** 52 (भारत में जन्मी मादा KGP-12 के 4 शावकों के जन्म से बढ़कर 56 हो गई)।
  - **वर्तमान चीता स्थल: कूनो नेशनल पार्क, गांधी सागर अभयारण्य, मध्यप्रदेश**
  - भविष्य के रिलीज स्थल: **बन्नी घासस्थल, गुजरात व नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य, मध्य प्रदेश।**
- **चीतों का आगमन**
  - नामीबिया से: 8 (सितंबर 2022)
  - दक्षिण अफ्रीका से: 12 (फरवरी 2023)
  - बोत्सवाना से: 9 (फरवरी 2026)

बाघ बहुल क्षेत्र: आजीविका और आय सृजन के स्तंभ के रूप में संरक्षण, जैव अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिक पर्यटन' विषय पर अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला

- **शुभारंभ:** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने नई दिल्ली में इस विषय पर दो-दिवसीय (2-3 सितंबर) अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया।
- **आयोजन:** IBCA (अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस), ADB (एशियाई विकास बैंक) व NTCA (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) द्वारा संयुक्त रूप से।
- **अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA)- एशियाई विकास बैंक समझौता ज्ञापन (MoU):** भूदृश्य संरक्षण, सतत विकास, क्षमता निर्माण, ज्ञान आदान-प्रदान व प्रकृति-अनुकूल वित्तपोषण में सहयोग हेतु हस्ताक्षरित।
- IBCA - बड़ी बिल्ली की 7 प्रजातियों के संरक्षण हेतु काम करने वाले देशों-संस्थानों का वैश्विक मंच है।

कृषि कार्बन बाजार: मृदा कार्बन का पहला किसान भुगतान

- लुधियाना में पंजाब-हरियाणा के **2,550 छोटे किसानों** को कार्बन क्रेडिट का पहला **DBT (Direct Benefit Transfer)** जारी हुआ।
- यह भुगतान **ग्रो इंडिगो** के कार्बन प्रोग्राम **'आदि'** के तहत पुनर्योजी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए किया गया।
  - प्रोग्राम की शुरुआत : **2019** में, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR)की तकनीकी मदद से।
- यह भारत में मिट्टी में जमा कार्बन के लिए किसानों को दिया गया **पहला भुगतान** है।

महत्त्वपूर्ण समझौते (MoUs)

किशाऊ बहुउद्देशीय बाँध परियोजना-6 राज्यों के बीच समझौता

- **अध्यक्षता:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में 15 सितम्बर 2026 को एमओयू संपन्न हुआ।
- **हस्ताक्षरकर्ता:** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और 6 राज्यों के मुख्यमंत्री।
- **शामिल 6 राज्य:** राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली।
- **उद्देश्य:** भागीदार 6 राज्यों में पेयजल, सिंचाई और अन्य आवश्यक आवश्यकताओं के लिए दीर्घकालिक जलापूर्ति।
- **परियोजना की विशेषताएँ-**
  - **लागत:** 15,000 करोड़ रुपये
  - नदी: **टोंस** (उत्तराखंड-हिमाचल सीमा)-यमुना की सहायक नदी
  - **232.6 मीटर ऊँचा कंक्रीट ग्रेविटी बाँध का निर्माण**
  - जल भंडारण क्षमता: **1,562 मिलियन घन मीटर**
  - सिंचाई क्षेत्र: **97 हजार हेक्टेयर।**
  - **विद्युत उत्पादन क्षमता:** 660 मेगावाट (1476 मिलियन यूनिट)।
  - **निर्माण व संचालन:** हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड द्वारा गठित किशाऊ कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा।

- ♦ **निगरानी:** अपर यमुना रिवर बोर्ड।
- ♦ **सर्वाधिक लाभ: दिल्ली** को (कुल जल का लगभग **25%** हिस्सा दिल्ली और यमुना के लिए लाभकारी)।

❐ **वित्त पोषण:** परियोजना **राष्ट्रीय परियोजना** घोषित

- ♦ **90% भार केंद्र: 10% भार राज्य।**

❐ **जल बंटवारा अनुपात**

- ♦ किशाऊ बांध से हिमाचल प्रदेश के हिस्से के 95% पानी में से **दिल्ली और राजस्थान को 75:25** के अनुपात में जल मिलेगा।
- ♦ हिमाचल प्रदेश के लिए 5% पानी स्थानीय उपयोग हेतु सुरक्षित रहेगा।

सोन नदी जल विवाद: बिहार-झारखंड के बीच समझौता

❐ 31 अगस्त को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोन नदी बंटवारे को लेकर हुए समझौते पर हस्ताक्षर किए।

❐ **सोन नदी जल आवंटन**

राज्य	आवंटित सोन जल
बिहार	5.75 MAF (मिलियन एकड़ फीट)
झारखंड	2.00 MAF
कुल	7.75 MAF

❐ सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर बिहार और झारखंड के बीच विवाद 1973 के बंसागर समझौते (मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व अविभाजित बिहार के मध्य त्रिपक्षीय समझौता) से जुड़ा है, जिसके तहत बिहार को कुल बेसिन उत्पादन का 7.75 MAF सोन जल आवंटित हुआ था।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) और तीन उद्योग साझेदारों के बीच MoU

❐ **तीन उद्योग साझेदार:** मेसर्स पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड।

- ♦ मेसर्स वेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड।
- ♦ मेसर्स एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड।

❐ **उद्देश्य:** कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में जनहितकारी पहलों के लिए कॉर्पोरेट CSR का लाभ उठाना।

❐ **हस्ताक्षर में सहायता:** एग्रीइनोवेट इंडिया लिमिटेड।

ड्राईडॉक्स वर्ल्ड और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) के बीच संयुक्त उद्यम समझौता

❐ कोचीन में **इंटरनेशनल शिप रिपेयर फैसिलिटी (ISRF)** के संचालन एवं विस्तार हेतु।

❐ **हिस्सेदार- 50:50 संयुक्त उद्यम**

❐ यह भारत के पोत मरम्मत क्षेत्र में अपनी तरह की **प्रथम सार्वजनिक-निजी भागीदारी** है।

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) और नेशनल शिपबिल्डिंग एंड हेवी इंडस्ट्रीज पार्क-आंध्र प्रदेश (NSHIP-AP) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU)

❐ डुग्गाराजपट्टणम, आन्ध्रप्रदेश में नया ग्रीनफील्ड शिपयार्ड विकसित करने के लिए।

❐ यह परियोजना प्रस्तावित डुग्गाराजपट्टणम शिपबिल्डिंग-कम-पोर्ट क्लस्टर का हिस्सा है।

- ♦ इसे केन्द्रीय **जहाज निर्माण विकास योजना** के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है।

समझौता	साझेदार संस्थान	योजना	उद्देश्य
थर्ड-पार्टी निगरानी	भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (IIMB)	प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) योजना	दक्षिण क्षेत्र में प्रशिक्षण की स्वतंत्र निगरानी
थर्ड-पार्टी मूल्यांकन	CUBE (सेंटर फॉर अर्बनाइजेशन, बिल्डिंग्स एंड एनवायरनमेंट), IIT मद्रास	**प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK)**	तकनीकी और सामाजिक गुणवत्ता का मूल्यांकन
प्रधानमंत्री अल्पसंख्यक वेंचर फंड (PM-MVF) फ्रेमवर्क के अंतर्गत त्रिपक्षीय समझौता 1	FSID (फाउंडेशन फॉर साइंस इनोवेशन एंड डेवलपमेंट), IISc बेंगलुरु, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (NMDFC)		स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास, टेक्नोलॉजी कमर्शियलाइजेशन
त्रिपक्षीय समझौता 2	IIMB इनोवेशंस (NSRCEL), भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु का उद्यमिता एवं इनक्यूबेशन केंद्र, NMDFC		कौशल विकास और क्षमता विकास, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना

महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **दक्षिणी राज्यों का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन** 18 सितंबर 2026 को **हैदराबाद, तेलंगाना** में आयोजित किया गया तथा इसका उद्घाटन **केंद्रीय कृषि मंत्री** ने किया।
- **'राज्य वित्त मंत्रियों एवं वित्त सचिवों का सम्मेलन'** 18-19 सितंबर 2026 को **नई दिल्ली** में आयोजित किया गया। इसका विषय था- **'विकसित भारत की यात्रा के वित्तपोषण की दिशा में।**
- **UPASI टी रिसर्च फाउंडेशन शताब्दी सम्मेलन** 21 सितंबर 2026 को **कुन्नूर, तमिलनाडु** में उपराष्ट्रपति की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन ने **1926 से शुरू हुए 100 वर्षों के चाय अनुसंधान** को चिह्नित किया।
- **43वाँ भारतीय तटरक्षक कमांडर्स सम्मेलन** 17-19 सितंबर 2026 को **तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली** में आयोजित किया गया और इसे **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ** ने संबोधित किया। यह भारतीय तटरक्षक का ''शीर्ष वार्षिक पेशेवर मंच'' है।
- **ग्लोबल कोएलिशन फॉर सोशल जस्टिस वार्षिक फोरम 2026** 16-17 सितंबर 2026 को **अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** के सहयोग से वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया गया। **श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया** के नेतृत्व में भारत ने इसमें ''सह-अध्यक्षता'' ग्रहण की।
- **ब्रह्माकुमारीज अभियान एवं ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस:** 23 सितंबर 2026 को **वडोदरा, गुजरात** में राष्ट्रपति **द्रौपदी मुर्मू** ने ब्रह्माकुमारीज के **विश्व नवीनीकरण के लिए आध्यात्मिक जागृति** अभियान का शुभारंभ किया और **ग्लोबल स्पिरिचुअल पैलेस** रिट्रीट सेंटर का उद्घाटन किया। साथ ही, उन्होंने गुजरात के नडियाद में ब्रह्माकुमारीज के **यूथ फॉर विकसित भारत: राष्ट्र निर्माण के लिए आंतरिक शक्ति का जागरण** अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया।
- **पारंपरिक चिकित्सा, ज्ञान, आनुवंशिक संसाधन एवं बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) पर तीसरा BIMSTEC सम्मेलन** 16-17 सितंबर को **गोवा** में आयोजित किया गया। इसका आयोजन **आयुष मंत्रालय** द्वारा किया गया तथा **ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (AIIA), गोवा** नोडल संस्थान था। **BIMSTEC में 7 सदस्य देश** हैं।
- पंजाब बिना दावेदार और बिना पहचान वाले शवों की पहचान के लिए **'पहचान' पोर्टल लॉन्च** करने वाला देश का पहला राज्य बना।
- दिल्ली सरकार ने राजधानी में महिलाओं और ट्रांसजेंडर लोगों को सुरक्षित, साफ-सुथरा और सम्मानजनक रोजगार के अवसर देने के मकसद से **'दुर्गा योजना'** को मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत पहले चरण में 1300 पिंक इलेक्ट्रिक ऑटो दिए जाएंगे।
- दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 4-5 सितंबर 2026 को 9वां नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल (NESt Fest) आयोजित किया। यह NGO 'My Home India' द्वारा आयोजित किया जाता है।
  - **थीम :** "The Sound of India's Yuva Shakti"।
- जनजातीय कार्य मंत्रालय की योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति के साथ-साथ देशभर के **आदिवासी समुदायों की जमीनी स्थिति** को दर्शाने वाला **व्यापक संकलन 'आदि दर्पण' (दूसरा) का विमोचन** है।
- 15 सितंबर 2026 को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने **संत मलूकदास** जी की स्मृति में भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा जारी स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया।
- गृह मंत्रालय ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम **(AFSPA),** 1958 को 1 अक्टूबर 2026 से छह माह के लिए **नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर** के कुछ हिस्सों के अधिसूचित 'अशांत क्षेत्रों' में बढ़ा दिया है।
- राज्य जैव विविधता बोर्ड एवं केन्द्रशासित प्रदेश जैव विविधता परिषदों की 16वीं राष्ट्रीय बैठक 6-7 सितम्बर को चंडीगढ़ में केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।
- **विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक 2026: विधेयक** की जाँच हेतु संसद की **31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति** का गठन लोकसभा सांसद **संजय जायसवाल की अध्यक्षता में** किया गया। जिसका उद्देश्य विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 में संशोधन कर विदेशी योगदान के उपयोग को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाना है।
- **'जन सूचना सेवा': सर्वोच्च न्यायालय** द्वारा शुरू (14 सितंबर 2026) की गई सार्वजनिक सूचना पहल है। जिसका उद्देश्य न्याय व्यवस्था को समावेशी, आम नागरिकों तक न्यायिक निर्णयों, आदेशों का सरल हिंदी सार तथा प्रतिदिन हिंदी ऑडियो और वीडियो बुलेटिन उपलब्ध कराया जाएगा। पहले हिंदी में, बाद में चरणबद्ध तरीके से अन्य भारतीय भाषाओं में विस्तार होगा।

आर्थिक-समसामयिकी

योजना

दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY)

- DDU-GKY 2.0 के अंतर्गत अक्टूबर 2026 से राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 70,000 ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- **शुरुआत:** 25 सितंबर 2014 (पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत्।
- **उद्देश्य:** ग्रामीण गरीब युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें नियमित रोजगार से जोड़ना।
- **नोडल मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय।
- **प्रकार:** केंद्र प्रायोजित योजना।
- **लक्षित समूह:** 15-35 वर्ष आयु के ग्रामीण गरीब युवा (महिलाओं, दिव्यांग, विशेष कमजोर समूहों के लिए ऊपरी आयु सीमा 45 वर्ष)।
- **अनिवार्य सामाजिक समावेशन:** SC/ST समुदायों (50%), महिलाओं (33%) और दिव्यांगजनों (5%) के अनिवार्य कवरेज।
- **क्रियान्वयन शृंखला:** MoRD → राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (SRLM) → परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियाँ (PIA)।
- **वित्तीय आवंटन:** बजट 2026-27 में रु. 750 करोड़।
- **प्रमुख विशेषताएँ**
  - प्लेसमेंट-लिंक्ड कौशल प्रशिक्षण योजना।
  - नि:शुल्क आवासीय/गैर-आवासीय प्रशिक्षण।
  - **प्रशिक्षण अवधि:** 3 से 12 महीने।
  - प्लेसमेंट गारंटी पर बल (कम से कम 70% प्रशिक्षित उम्मीदवारों को प्लेसमेंट)।
  - पोस्ट-प्लेसमेंट सपोर्ट, रिटेंशन सपोर्ट और कैरियर प्रोग्रेस सहायता।
- **प्रशिक्षण संरचना:** 576 घंटे (न्यूनतम) = 396 घंटे डोमेन/तकनीकी प्रशिक्षण + 180 घंटे मानकीकृत गैर-डोमेन प्रशिक्षण (चार क्षेत्रों में- अंग्रेजी संवाद, रोजगार-योग्यता कौशल, डिजिटल साक्षरता, उद्यमिता)।

DDU-GKY 2.0 में प्रमुख बदलाव

- मई 2025 में अधिसूचित।
- **'प्लेसमेंट' की नई परिभाषा:** पहले न्यूनतम 3 माह की निरंतर नौकरी आवश्यक थी; अब न्यूनतम 6 माह, जिसमें निरंतर/गैर-निरंतर मजदूरी, स्वरोजगार व गिग रोजगार तीनों को गिना जाएगा।
- **प्लेसमेंट के बाद 12 माह तक निगरानी;** 365 दिन तक टिके रहने पर पोस्ट-प्लेसमेंट सहायता (अधिकतम 60 दिन का अवकाश स्वीकार्य)।
- **प्रवासन सहायता केंद्र (MSC):** गृह व गंतव्य राज्यों दोनों में स्थापित; **MSC** के लिए वार्षिक निधि रु. 10 लाख से बढ़ाकर रु. 30 लाख प्रति केंद्र।
- ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर रोजगार मेले; कौशल पंजी (Kaushal Panjee) पोर्टल पर एक वर्ष तक ट्रैकिंग।
- पूर्ण डिजिटल जीवनचक्र मंच, चेहरा-प्रमाणीकरण उपस्थिति एवं कौशल भारत डिजिटल हब (SIDH) से एकीकरण।

डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (DILRMP) 3.0

- **शुभारंभ:** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री **शिवराज सिंह चौहान** द्वारा **नई दिल्ली** में **DILRMP 3.0** के परिचालन दिशानिर्देशों का औपचारिक शुभारम्भ किया।
- योजना **केंद्रीय क्षेत्र (Central Sector)** योजना है, जिसे 2026-2031 के लिए रु. 565.50 करोड़ के बजटीय प्रावधान के साथ मंजूरी मिली है।
- **प्रबंधन : सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS)** के माध्यम से।
- **DILRMP 3.0 के मुख्य घटक**
  - **GIS-इनेबल्ड 'लैंड स्टैक':** जियो-रेफरेंस्ड कैडस्ट्रल मैप, अधिकारों का रिकॉर्ड, संपत्ति पंजीकरण एवं संबंधित अदालती मामलों की जानकारी को एक जीआईएस-आधारित डिजिटल इंटरफेस पर एकीकृत करेगा।

- **यूनिवर्सल भू-आधार: (ULPIN)** → प्रत्येक भू-खंड को **14-अंकों का यूनिक आइडेंटिफायर,** जिससे संपत्ति की स्पष्ट पहचान और धोखाधड़ी की समाप्ति सुनिश्चित होगी।
- **अर्बन लैंड मैपिंग: नक्शा-NAKSHA** पायलट प्रोजेक्ट के तहत् **GIS** आधारित शहरी भूमि अभिलेख तैयार किए जाएंगें तथा **UrPro कार्ड** जारी किए जाएँगे।
- **अन्य घटक: पंजीकरण सेवा केंद्र (RSK), पुराने रिकॉर्ड की स्कैनिंग, पंजीकरण रिपोजिटरी, पेपरलेस राजस्व अदालतें**

रिपोर्टस/सूचकांक

2nd इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स (IEMI) 2025

- **जारी: नीति आयोग ने वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (WRI)** इंडिया के सहयोग से
- **मूल्यांकन:** 28 राज्य + 8 केंद्र शासित प्रदेश (कुल 36) को 0-100 स्कोर पर रैंक किया जाता है।
- **IEMI तीन विषयों** पर आधारित है-
  1. **ट्रांसपोर्ट इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोग्रेस (भारांश-50%)**
  2. **चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर रेडिनेस (भारांश-30%)**
  3. **EV रिसर्च एंड इनोवेशन स्टेटस (भारांश-20%)**
  - ये तीन विषय कुल **16 संकेतकों** से मिलकर बने हैं।
- **प्रदर्शन श्रेणियाँ (समग्र स्कोर आधारित)**

श्रेणी	स्कोर सीमा
टॉप परफॉर्मर	≥ 65
फ्रंटरनर	50–64
इमर्जिंग परफॉर्मर	35–49
एस्पिरेंट	< 35

- **शीर्ष प्रदर्शक-समग्र स्कोर**

क्रम	राज्य/UT	स्कोर
1	दिल्ली	84 (सर्वोच्च)
2	महाराष्ट्र	78
3	कर्नाटक	73
4	चंडीगढ़	71
5	गोवा	65

  - सबसे बड़ा सुधार: मध्य प्रदेश (23वें से 7वें स्थान पर पहुँचा)।
  - माध्यिका (Median) स्कोर: 2024 में 36 से बढ़कर **2025 में 40** हो गया।
- राज्यों/UT के आधार पर **तीन पीयर श्रेणियाँ** शामिल की गईं:

क्र.सं.	श्रेणियाँ	शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता
1.	बड़े राज्य	महाराष्ट्र, कर्नाटक
2.	केन्द्र शासित प्रदेश व सिटी स्टेट्स	दिल्ली, चण्डीगढ़
3.	पहाड़ी व पूर्वोत्तर राज्य	मणिपुर (46)

राजस्थान-रैंक व स्कोर

पैरामीटर	विवरण
समग्र रैंक 2025	10 (36 राज्यों/UT में से)
श्रेणी रैंक 2025	7 (17 बड़े राज्यों में से)
IEMI 2025 स्कोर	51 (राष्ट्रीय औसतः 40, सर्वोच्चः 84)
2024 से बदलाव	स्कोर में 3 अंकों की वृद्धि (48 → 51), किंतु रैंक में 2 स्थानों की गिरावट
प्रदर्शन श्रेणी	फ्रंटरनर

- **विषयवार प्रदर्शन**

विषय	राजस्थान स्कोर	राष्ट्रीय सर्वोच्च	2024 से बदलाव
ट्रांसपोर्ट इलेक्ट्रिफिकेशन प्रोग्रेस	44	77	▼ 5 अंक गिरावट
चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर रेडिनेस	64	97	▲ 19 अंक वृद्धि
EV रिसर्च एंड इनोवेशन स्टेटस	49	94	कोई बदलाव नहीं

PLFS जिला-स्तरीय श्रम बल संकेतक (संशोधित नमूना डिजाइन)

- **जारीकर्त्ता:** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा।
- सावधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के **जिला-स्तरीय अनुमानों** की यह **प्रथम विज्ञप्ति** है।
- यह जनवरी 2025 से अपनाए गए संशोधित नमूनाकरण डिजाइन पर आधारित है।
  - 2025 से नमूना डिजाइन में जिलों को आधार स्तर माना गया है, जबकि इससे पूर्व राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (NSS) क्षेत्र आधार स्तर होता था।
  - जनवरी 2025 से PLFS सर्वेक्षण अवधि **कृषि वर्ष (जुलाई-जून) से बदलकर कैलेंडर वर्ष (जनवरी-दिसंबर) चक्र** की गई है।

संकेतक	अखिल भारतीय दायरा (15 वर्ष या उससे अधिक)	सर्वाधिक आबादी वाले 100 जिलों में स्थिति	राज्यों की राजधानियों में स्थिति
LFPR (श्रम बल सहभागिता दर)	लगभग 98.8% जिलों में 40%-80%	**सर्वाधिकः** सूरत, गुजरात (68.6%)	**सर्वाधिकः** शिमला, हिमाचल प्रदेश (70.0%)
WPR (कार्यबल सहभागिता दर)	लगभग 98.3% जिलों में 40%-80%	**सर्वाधिकः** सूरत (67.8%)	**सर्वाधिकः** शिमला, हिमाचल प्रदेश (65.1%)
UR (बेरोजगारी दर)	लगभग 77.8% जिलों में 0.5%-5.5%	**न्यूनतमः** दक्षिण 24 परगना, प. बंगाल (0.9%)	**न्यूनतमः** तिरुवनंतपुरम, केरलम (1.9%)
NEET दर (आयु 15–29 वर्ष)	75% से अधिक जिलों में 30% से कम	**न्यूनतमः** एर्नाकुलम, केरलम (9.6%)	**न्यूनतमः** श्रीनगर, जम्मू–कश्मीर (14.3%)

❐ **उच्च महिला एलएफपीआर और डब्ल्यूपीआर वाले जिले**

- ♦ सर्वाधिक LFPR: हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश (80.9%)
- ♦ सर्वाधिक WPR: हमीरपुर (80.0%)
- ♦ **राजस्थान (सर्वाधिक):** दौसा (60.9% LFPR, 59.6% WPR)

- **श्रम बल सहभागिता दर (LFPR) :** जनसंख्या में श्रम बल (नियोजित अथवा काम खोज रहे/उपलब्ध) में शामिल व्यक्तियों का प्रतिशत
- **कार्यबल सहभागिता दर (WPR) :** जनसंख्या में नियोजित (किसी आर्थिक गतिविधि में संलग्न) व्यक्तियों का प्रतिशत
- **बेरोजगारी दर (UR) :** श्रम बल में शामिल बेरोजगार व्यक्तियों का प्रतिशत
- **एनईईटी:** न रोजगार में, न शिक्षा में, न प्रशिक्षण में शामिल व्यक्तियों का प्रतिशत

गैर-निगमित गैर-कृषि क्षेत्र के जिला-स्तरीय अनुमान (ASUSE 2025)

❐ **जारी: 10 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने ।**

❐ ASUSE 2025 (संदर्भ अवधि: जनवरी-दसंबर 2025) के आँकड़ों पर आधारित है।

❐ भारत के **गैर-निगमित गैर-कृषि क्षेत्रक** के लिये प्रथम जिला-स्तरीय अनुमान जारी किया है।

❐ नमूना चयन के समय उपलब्ध **770 जिलों में से 757** जिलों के लिए अनुमान प्रस्तुत।

❐ इससे पहले MoSPI ने बड़े शहरों के लिए गैर-निगमित क्षेत्र का सांख्यिकीय विवरण प्रकाशित किया था।

मुख्य विषय / श्रेणी	प्रमुख निष्कर्ष एवं आंकड़े
भौगोलिक संकेंद्रण	• शीर्ष 10 जिले (गुजरात, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में फैले) कुल प्रतिष्ठानों, श्रमिकों और GVA का लगभग 10% हिस्सा रखते हैं। • शीर्ष 50 जिले (12 राज्यों में फैले राजस्थान) लगभग एक–तिहाई योगदान देते हैं।
उत्पादकता (GVA)	• 280 जिलों में प्रति श्रमिक GVA अखिल भारतीय औसत (रु. 1,56,539) से अधिक। • 331 जिलों में प्रति श्रमिक GVA रु. 1–1.5 लाख के बीच
महिला भागीदारी	• 237 जिलों में गैर–निगमित क्षेत्र में कुल कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी एक तिहाई है। • 25 जिलों महिलाओं की हिस्सेदारी 50% से अधिक • मिजोरमः राज्य के प्रत्येक जिले में कम–से–कम 50% प्रतिष्ठान महिला–स्वामित्व वाले

❐ लगभग एक तिहाई जिलों में प्रति जिला एक लाख से अधिक गैर-निगमित प्रतिष्ठान हैं।

❐ राजस्थान के **भीतर शीर्ष जिला (कुल गैर-निगमित इकाइयों में % योगदान) :** जयपुर(11.70%)

विविध

वर्ल्डस्किल्स शंघाई 2026 (48वीं प्रतियोगिता)

- **आयोजन :** 22-27 सितंबर 2026 को शंघाई, चीन में
- वर्ल्डस्किल्स द्विवार्षिक रूप से आयोजित होने वाला वोकेशनल शिक्षा और कौशल पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा मंच है।

भारत की स्थिति

- भारत का **अब तक का सबसे बड़ा दल: 70 प्रतियोगी शामिल** (14 प्रतियोगी ITI से)
- टीम स्किल इंडिया 64 में से 63 कौशलों में भाग लिया।
  - प्रथम बार, भारत ने **11 नई कौशल श्रेणियों** में भाग लिया।
- **नेतृत्व: कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE)**
- **परिणाम**
  - **10वाँ स्थान: 6 रजत पदक** और **20 मेडल ऑफ एक्सीलेंस**
    - 2024 ल्योन में भारत 13वें स्थान पर था (4 कांस्य + 12 उत्कृष्टता पदक)
  - **बेस्ट ऑफ नेशन:** स्मृति नांबियार (बेकरी, रजत)
  - **रजत पदक विजेता**

कौशल	पदक विजेता
बेकरी	स्मृति नांबियार
डेंटल प्रोस्थेटिक्स	मोहम्मद सलाम
डिजिटल इंटरैक्टिव मीडिया डिजाइन	कोविद अजय गंगराडे
इंडस्ट्रियल डिजाइन टेक्नोलॉजी	पार्थ वोहरा
लॉजिस्टिक्स एंड फ्रेट फॉरवर्डिंग	मेहरुन्निसा बेगम
रिटेल सेल्स	सानिया जोशी

- 49वीं वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता, 2028-आइची, जापान में आयोजित होगी।

JCR द्वारा भारत की रेटिंग में उन्नयन

- **जापान क्रेडिट रेटिंग (JCR) एजेंसी** ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा रेटिंग **BBB+** से A^- की (एक पायदान ऊपर)।
- आउटलुक: **स्थिर।**
- **कंट्री सीलिंग** भी सुधरकर 'A' हो गया।
- उन्नयन भारत की सुदृढ़ और स्थिति अनुकूल आर्थिक वृद्धि, बेहतर राजकोषीय क्षमता, सुदृढ़ वित्तीय प्रणाली और मजबूत बाह्य भंडार दर्शाता।
- **कंट्री सीलिंग का महत्व:** इसमें सुधार से देश की सरकारी और निजी कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से **कम ब्याज दर** पर कर्ज जुटाना आसान होता है।

EPFO वेतन सीमा में वृद्धि

- प्रधानमंत्री **नरेन्द्र मोदी** की अध्यक्षता में **केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)** के तहत अनिवार्य कवरेज हेतु **वेतन सीमा 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति माह** करने के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- **वेतन सीमा को अंतिम बार सितंबर 2014** में बढ़ाकर **15,000 रुपये** किया गया था।

पश्चिमी समर्पित मालवहन गलियारा पूर्णत: परिचालन में

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 सितंबर 2026 को गुजरात के वडोदरा में **पश्चिमी समर्पित मालवहन गलियारे (WDFC)** के अंतिम तीन खंडों का उद्घाटन किया। भारत का संपूर्ण 2,843 रूट किलोमीटर लंबा समर्पित मालवहन गलियारा (DFC) नेटवर्क-(पूर्वी और पश्चिमी दोनों गलियारे) पूर्णत: परिचालन में आ गया।
- **प्रमुख विशेषताएँ**

पहलू	विवरण
गलियारा	पश्चिमी समर्पित मालवहन गलियारा (WDFC)
मार्ग	दादरी (उत्तर प्रदेश) से जवाहरलाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल (JNPT), महाराष्ट्र तक
कुल लंबाई	≈1,506 किमी
क्रियान्वयन एजेंसी	डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (DFCCIL), रेल मंत्रालय
सहवर्ती गलियारा	पूर्वी DFC (साहनेवाल, पंजाब से सोननगर, बिहार तक, ≈1,337 किमी)

शी मार्ट (SHE-MARTs)

- **Self-Help Entrepreneur-Marketing Avenues for Rural Transformation**
- **शुभारंभ:** 26 सितम्बर 2026, **कोल्लम, केरलम** से **अमित शाह** (केंद्रीय सहकारिता मंत्री)

Springboard Academy

- **घोषणा: केंद्रीय बजट 2026-27** में।
- **कार्यान्वयन मंत्रालय:** ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM)द्वारा।
- महिला स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिला उद्यमियों को **बाजार व उपभोक्ताओं से सीधे जोड़ने** के लिए **समुदाय-स्वामित्व वाले रिटेल आउटलेट** स्थापित करता।
- **मुख्य विशेषताएँ:** प्रोक्योरमेंट, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और सीधे रिटेल तक पहुँच।

समझौता ज्ञापन

- **NCCF 'जन:'** ब्रांड और भारतीय मत्स्य प्रवर्तक संघम : मत्स्य उत्पाद के सप्लाई चेन लॉजिस्टिक्स एकीकरण

भारत की पहली LNG (लिक्विफाइड नेचुरल गैस)-संचालित ट्रेन

- **शुभारंभ:** 27 सितंबर 2026 को गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के साबरमती रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद, गुजरात से।
- **उद्देश्य:** डीजल की खपत और उत्सर्जन को कम करते हुए वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देना।
- भारतीय रेलवे ने पहली बार ट्रेन के ड्राइविंग पावर कार (DPCs) में LNG-आधारित ईंधन प्रणाली शुरू की है।
- इस प्रणाली में डीजल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के दोहरी ईंधन संयोजन का उपयोग किया जाता है।
- इससे डीजल की खपत में लगभग 40% तक LNG का स्थानापन्न किया जा सकता है।
- **माल ढुलाई क्षमता:** कार्यक्रम में मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू पोर्ट और वडोदरा के बीच भारत की पहली लंबी दूरी की डबल-स्टैक कंटेनर ट्रेन के सफल परीक्षण को भी रेखांकित किया गया।

'मेगा पोर्ट' (Mega Port)

- केंद्र सरकार ने भारतीय पत्तन अधिनियम, 2025 की धारा 73 के तहत चार बंदरगाहों को 'मेगा पोर्ट' अधिसूचित किया है।
- भारत सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई एक नई श्रेणी है, जो उच्च क्षमता वाले बंदरगाहों को दिया गया विशेष दर्जा है।
- **चार मेगा पोर्ट हैं:**
  1. **दीनदयाल पोर्ट** (कांडला, गुजरात-प्रमुख पोर्ट
  2. **जवाहरलाल नेहरू पोर्ट** (न्हावा शेवा, महाराष्ट्र)-प्रमुख पोर्ट
  3. **पारादीप पोर्ट** (ओडिशा)-प्रमुख पोर्ट
  4. **मुंद्रा पोर्ट** (गुजरात)-गैर-प्रमुख (निजी) पोर्ट (अदाणी पोर्ट्स द्वारा संचालित)

UPI मर्चेंट डिस्काउंट रेट

- **नियम:** वित्त मंत्रालय द्वारा 14-15 सितंबर 2026 को अधिसूचित; 15 अक्टूबर 2026 से प्रभावी।
- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने पात्र UPI के व्यक्ति-से-व्यापारी (P2M) भुगतानों पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) लागू करता है।
- **सामान्य P2M दर:** रु. 2,000 से अधिक के लेन-देन पर 0.4%, अधिकतम रु. 300 तक (रु. 75,000 या उससे अधिक के लेन-देन के लिये)।
- **आवश्यक क्षेत्र:** रेलवे, दूरसंचार, बीमा, ईंधन और कृषि इनपुट जैसे क्षेत्रों में रु. 2,000 से अधिक के भुगतान पर प्रति लेन-देन रु. 5 का निश्चित शुल्क लागू होगा।
- **पूंजी-बाजार भुगतान:** 0.02%, अधिकतम रु. 300 तक।
- **छूट:** मासिक UPI प्राप्तियाँ रु. 1 लाख तक होने वाले छोटे व्यापारियों को कोई MDR नहीं देना होगा
  - RuPay डेबिट कार्ड लेन-देन पहले की तरह छूट के दायरे में रहेंगे।
  - MDR व्यक्ति-से-व्यक्ति (P2P) लेन-देन

Springboard ACADEMY

03 अंतरराष्ट्रीय समसामयिकी

18वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली

- **आयोजन तिथि:** 12-13 सितंबर 2026
- **आयोजन स्थल:** भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली
- **अध्यक्षता:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत ने 1 जनवरी 2026 को ब्राजील से अध्यक्षता ग्रहण की
- **थीम:** "Building for Resilience, Innovation, Cooperation and Sustainability" (लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता का निर्माण)
- **भारत की चौथी अध्यक्षता:** इससे पहले 2012 (चौथा शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली), 2016 (आठवाँ, गोवा) और 2021 (13वाँ, वर्चुअल)
- **12 सितंबर:** केवल सदस्य देशों का बंद सत्र-'समावेशी वैश्विक शासन एवं बहुपक्षवाद का सुदृढ़ीकरण' विषय पर।
- **13 सितंबर:** साझेदार देशों, आमंत्रित देशों व अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लिए खुला सत्र-'Resilience, Innovation, Cooperation and Sustainability: Shaping the Future for Inclusive Global Growth' विषय पर।
- यह वर्ष ब्रिक्स संगठन के गठन के 20 वर्ष पूरे होने का ऐतिहासिक अवसर भी था (2006-2026)

नई दिल्ली घोषणा-पत्र (12 सितंबर) सर्वसम्मति से स्वीकृत

- **आतंकवाद:** पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल 2025) की स्पष्ट निंदा; आतंक-वित्तपोषण, सुरक्षित पनाहगाहों और आतंकियों की सीमा-पार आवाजाही के प्रति 'शून्य सहिष्णुता'
- **पश्चिम एशिया:** बढ़ते तनाव पर 'गहरी चिंता'; 'अधिकतम संयम', नागरिकों व नागरिक अवसंरचना की सुरक्षा तथा संवाद-कूटनीति से स्थायी समाधान का आह्वान; गाजा में मानवीय पहुँच का समर्थन
- **व्यापार:** एकतरफा टैरिफ एवं गैर-टैरिफ उपायों की आलोचना; WTO-केंद्रित, नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था और उसके सुधार का समर्थन; सुरक्षा परिषद की स्वीकृति के बिना थोपे गए एकतरफा दंडात्मक उपायों का विरोध
- **वित्त:** घोषणापत्र में स्पष्ट किया गया कि ब्रिक्स की कोई एकल या साझा मुद्रा बनाने की योजना नहीं है। **'ब्रिक्स भुगतान कार्यबल'** (BRICS Payment Task Force) के माध्यम से राष्ट्रीय भुगतान प्रणालियों की अंतर-संचालनीयता और स्थानीय मुद्राओं में निपटान पर काम जारी
- **वैश्विक शासन:** सुरक्षा परिषद में अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका का प्रतिनिधित्व बढ़ाने; IMF कोटा के पुनर्संरेखण तथा विश्व बैंक की शेयरधारिता-समीक्षा का समर्थन
- **ऊर्जा एवं जलवायु:** 'न्यायसंगत, व्यवस्थित, समतामूलक एवं समावेशी' ऊर्जा-संक्रमण; विकासशील देशों के ऊर्जा-मिश्रण में जीवाश्म ईंधन की भूमिका स्वीकारते हुए पेरिस समझौते के प्रति प्रतिबद्धता
- **स्वास्थ्य:** 'ब्रिक्स मिशन फॉर हेल्दी लाइफस्टाइल' तथा स्वस्थ जीवनशैली संवर्धन रोडमैप (2026-2029) का अनुमोदन
- **अन्य:** 2027 में चीन की अध्यक्षता और 19वें शिखर सम्मेलन को समर्थन
- भारत की अध्यक्षता का विस्तार: घोषणा-पत्र के अनुसार देश के 25 शहरों में 350 से अधिक बैठकें व कार्यक्रम

18वें शिखर सम्मेलन में भारत द्वारा प्रस्तुत प्रमुख पहलें

1. नाविक आपातकालीन सहायता नेटवर्क।
2. ब्रिक्स निरंतरता और कार्यान्वयन तंत्र।
3. ब्रिक्स डीपीआई रिपॉजिटरी।
4. NIMHANS बेंगलुरु में मानसिक स्वास्थ्य हेतु नोडल उत्कृष्टता केंद्र।
5. भारत-ब्रिक्स औद्योगिक सक्षमता केंद्र।
6. ब्रिक्स कृषि सूचना नेटवर्क।
7. ब्रिक्स विज्ञान एवं अनुसंधान भंडार।
8. ब्रिक्स-एनडीबी ज्ञान पोर्टल
9. **वैश्विक शासन-सुधार के 10 प्रस्ताव:** उदाहरण के लिए UNSC विस्तार की समयबद्ध रूपरेखा, बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार इत्यादि।

भारत की अध्यक्षता के ठोस परिणाम

- **लचीलापन (Resilience):** संक्रामक रोगों के लिए ब्रिक्स एकीकृत पूर्व-चेतावनी प्रणाली; आपदा-प्रबंधन हेतु पूर्व-चेतावनी डेटा एकीकरण दिशानिर्देश
- **नवाचार व उद्यम:** ब्रिक्स इनक्यूबेटर नेटवर्क, स्टार्टअप इनोवेशन फंड, MSME कोऑपरेशन पोर्टल
- **आपूर्ति-शृंखला:** लॉजिस्टिक्स सप्लाई-चेन कोऑपरेशन फ्रेमवर्क; वैश्विक मूल्य- शृंखला (GVC) कार्ययोजना 2026-2030
- **कौशल:** 'ब्रिक्स CONNECT' (क्षमता-निर्माण, रोजगार-योग्यता व गिग-कर्मियों से जुड़ा सहयोग ढाँचा); ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब
- **ऊर्जा व कृषि:** स्मार्ट ग्रिड व ऊर्जा-भंडारण हेतु डिजिटल उत्कृष्टता केंद्र; कृषि-पारिस्थितिकी उत्कृष्टता केंद्र (प्रारंभिक समन्वय ICAR-भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम); डिजिटल कृषि नेटवर्क (IIT दिल्ली)
- **स्मारक डाक टिकट:** 12 सितंबर को 'ब्रिक्स : सहयोग के दो दशक, 2006-2026' विषय पर दो टिकट
- **'भारत इनोवेट्स' प्रदर्शनी (11-12 सितंबर):** शिक्षा मंत्रालय द्वारा विदेश मंत्रालय के समन्वय से; 37 भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप व उद्यम प्रदर्शित
- NOTE
  - 'BRIC' शब्द: 2001 में गोल्डमैन सैक्स के शोध-पत्र 'Building Better Global Economic BRIC' में गढ़ा गया
  - **विकास-क्रम:** 2006 में औपचारिक राजनीतिक मंच; पहला शिखर सम्मेलन 2009, येकातेरिनबर्ग (रूस); 2010 में दक्षिण अफ्रीका के जुड़ने से BRIC→ BRICS (पहली बार 2011 के सान्या शिखर सम्मेलन में भाग लिया।)
  - **11 सदस्य:** ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, UAE (जनवरी 2024 से) और इंडोनेशिया (जनवरी 2025 से)
  - **10 साझेदार देश (2025):** बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाखस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम
  - **महत्त्व:** विश्व जनसंख्या का 49.5%, वैश्विक GDP का लगभग 40% और विश्व व्यापार का 26%
  - **NDB:** 2012 के दिल्ली शिखर सम्मेलन में विकास बैंक का विचार प्रस्तावित; 2014 के फोर्टालेजा (ब्राजील) शिखर सम्मेलन में NDB तथा आकस्मिक आरक्षित व्यवस्था (CRA) के समझौते; मुख्यालय-शंघाई

ब्रिक्स मुख्य न्यायाधीश फोरम

- **मेजबान:** भारत का सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली
- **आयोजन तिथि:** 4-6 सितंबर 2026
- **अध्यक्षता:** मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत द्वारा
- **चार विषय:** वाणिज्यिक विवादों में मध्यस्थता; सीमा-पार मध्यस्थ-निर्णयों (arbitral awards) का प्रवर्तन; न्यायिक प्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता; सतत विकास में न्यायपालिका की भूमिका

भारत-चीन संबंध: शी जिनपिंग की 7 वर्ष बाद भारत यात्रा

- **द्विपक्षीय बैठक:** 12 सितंबर 2026 को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर, नई दिल्ली में
- दोनों देशों ने संबंधों के प्रति रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने तथा **'मतभेदों को विवाद न बनने देने'** की बात दोहराई
- **तीन पारस्परिकताएँ:** प्रधानमंत्री ने कहा कि संबंध परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता और परस्पर हित से निर्देशित हों
- NOTE
  - **वाचा (अरुणाचल प्रदेश, भारत)-दमाई(चीन) में पहली कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता 6-7 सितंबर 2026 को आयोजित हुई।**
  - **25 अगस्त 2026** में बीजिंग में **विशेष प्रतिनिधियों** (NSA अजीत डोभाल-विदेश मंत्री वांग यी) की **25वें दौर** की वार्ता हुई थी, जिसमें आठ-सूत्रीय सहमति बनी

भारत-रूस संबंध :रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा

- **द्विपक्षीय बैठक:** 11 सितंबर 2026 (नई दिल्ली)
- प्रधानमंत्री ने पुतिन को **तिरुक्कुरल** का **रूसी अनुवाद** भेंट किया
- NOTE
  - **साझेदारी:** 2000 में रणनीतिक साझेदारी; 2010 में 'विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी'

Springboard Academy

- 23वाँ वार्षिक शिखर सम्मेलन दिसंबर 2025 में नई दिल्ली में हुआ था; **द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य–2030 तक 100 अरब डॉलर**

भारत–ईरान संबंध: राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान की पहली भारत यात्रा

- **द्विपक्षीय बैठक:** 11 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में
- लगभग आठ वर्ष बाद किसी ईरानी राष्ट्रपति का भारत आगमन (पिछली–हसन रूहानी, फरवरी 2018)
- **NOTE**
  - चाबहार: मई 2024 में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (IPGL) ने शाहिद बेहेश्ती टर्मिनल के संचालन हेतु ईरान से 10–वर्षीय अनुबंध किया था; अमेरिकी प्रतिबंध –छूट समाप्त होने से परियोजना अनिश्चितता में है।
  - चाबहार, अंतर्राष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण परिवहन गलियारे (INSTC) के साथ मिलकर भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँच देता है

भारत–UAE संबंध

- **द्विपक्षीय बैठक:** 12 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद के साथ
- **घोषणा:** UAE की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (IHC) ओडिशा में 11.5 अरब डॉलर की एकीकृत एल्युमिनियम विनिर्माण परियोजना में निवेश करेगी– **यह भारत में एल्युमिनियम क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा एकीकृत निवेश।**

ब्रिक्स के इतर अन्य द्विपक्षीय बैठकें

- **मलेशिया–प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम:** मलेशिया ने **कोटा किनाबालु (सबाह)** में भारत के महावाणिज्य दूतावास की स्थापना को मंजूरी दी; 2024 से व्यापक रणनीतिक साझेदारी
- **वियतनाम–प्रधानमंत्री** ले मिन्ह हुंग: **2027 होगा 'भारत–वियतनाम मैत्री वर्ष'**
- **फिलीपींस–राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर:** आसियान अध्यक्ष के रूप में सम्मेलन में शामिल, **फिलीपींस आपदा–रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI)** से जुड़ा

26वाँ SCO शिखर सम्मेलन, बिश्केक

- **आयोजन:** 31 अगस्त–1 सितंबर 2026
- **आयोजन स्थल:** यरिस–ओर्दो कांग्रेस हॉल, बिश्केक (किर्गिज गणराज्य)
- **अध्यक्षता:** किर्गिज राष्ट्रपति सदिर जापारोव
- **थीम:** '25 Years of the SCO: Together for Sustainable Peace, Development and Prosperit' (एससीओ के 25 वर्ष: सतत शांति, विकास और समृद्धि के लिए एकजुट)
- **भागीदारी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- **मुख्य दस्तावेज:** बिश्केक घोषणापत्र
- **आगामी अध्यक्षता (2026–2027):** पाकिस्तान को हस्तांतरित; लाहौर को वर्ष 2026–27 के लिए SCO पर्यटन एवं सांस्कृतिक राजधानी घोषित किया गया।
- **2026 के प्रमुख संस्थागत सुधार**
  1. मुख्य सार्वभौमिक केंद्र व सूचना सुरक्षा केंद्र: ताशकंद (उज्बेकिस्तान)
  2. अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध मुकाबला केंद्र: बिश्केक (किर्गिस्तान)
  3. एससीओ एंटी–ड्रग सेंटर: दुशांबे (ताजिकिस्तान)
  4. **आधिकारिक भाषाओं में अंग्रेजी का समावेश:** वर्ष 2002 के एससीओ चार्टर में संशोधन कर रूसी और चीनी के अतिरिक्त 'अंग्रेजी' को एससीओ की औपचारिक आधिकारिक भाषा घोषित किया गया, जो भारत की एक दीर्घकालिक कूटनीतिक मांग थी।
- **भारत की अगुवाई वाली पहलें जो घोषणा–पत्र में शामिल हुई:** SCO चार्टर में अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा बनाना; सभ्यतागत संवाद मंच; युवा वैज्ञानिक मंच; युवा लेखक सम्मेलन।
- **घोषणा:** भारत इसी वर्ष 'सभ्यतागत संवाद मंच' के **पहले संस्करण** की मेजबानी करेगा।

सऊदी अरब–हूती संघर्ष का विस्तार

- पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की नाकाबंदी पहले से वैश्विक तेल–आपूर्ति को बाधित कर रही थी। **सितंबर** में यमन के ईरान–समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के दक्षिणी प्रवेश–द्वार पर बढ़त बनाई और सऊदी अरब की तेल–आपूर्ति के वैकल्पिक मार्ग पर भी हमला हुआ–इससे वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दोहरा दबाव पड़ा।

Springboard Academy

- **इसके कारण चर्चा में रहे स्थान**
  1. **बाब-अल-मंदेब ('आँसुओं का द्वार'):** यमन और जिबूती व इरिट्रिया के बीच; लाल सागर को अदन की खाड़ी व हिंद महासागर से जोड़ता है; सबसे संकरे भाग में लगभग 30 किमी चौड़ा; शांतिकाल में विश्व व्यापार का लगभग 12% यहीं से गुजरता है
  2. **पेरिम द्वीप(मायून द्वीप):** जलडमरूमध्य को दो चौनलों में बाँटता है; जलडमरूमध्य का पश्चिमी तट अफ्रीका में होने से केवल यमनी तट पर नियंत्रण से पूरे जलमार्ग पर संप्रभु नियंत्रण नहीं होता, 11 सितंबर को हूतियों का कब्जा।
  3. **मोखा:** कभी विश्व का प्रमुख कॉफी-निर्यात बंदरगाह; 'मोका/मोचा' कॉफी का नाम इसी से, 10 सितंबर 2026 को हूतियों का कब्जा।
  4. **हूती (अंसार अल्लाह):** 2014 में सना पर कब्जा; 2015 से सऊदी-नेतृत्व वाले गठबंधन का हस्तक्षेप; 2022 में संघर्ष-विराम।
  5. ईस्ट-वेस्ट (पेट्रोलाइन) पाइपलाइन: अबकैक से यानबू तक; होर्मुज के बंद होने पर पूर्वी प्रांत का सऊदी कच्चा तेल इसी लगभग 1,200 किमी लंबी पाइपलाइन से लाल सागर के यानबू बंदरगाह तक पहुँचता था।

अमेरिका-डेनमार्क-ग्रीनलैंड सुरक्षा समझौता

- **हस्ताक्षर:** 22 सितंबर 2026, न्यूयॉर्क (UNGA के इतर)-राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री येन्स-फ्रेडरिक नील्सन द्वारा।
- **स्वरूप:** 1951 के अमेरिका-डेनमार्क-ग्रीनलैंड-रक्षा समझौते में संशोधन व पूरक; समझौते की कोई समाप्ति-तिथि नहीं
- **प्रमुख प्रावधान:**
  - पिटुफिक स्पेस बेस (उत्तर-पश्चिम ग्रीनलैंड) का आधुनिकीकरण व विस्तार; दक्षिण में नार्ससुआक और पूर्व में मेस्टर्सविग में नए अड्डे; तीनों पक्षों की सहमति से अतिरिक्त 'रक्षा क्षेत्र'
  - कोई गैर-NATO देश डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका की सर्वसम्मति के बिना सैन्य अड्डा या 'स्थायी' सैन्य उपस्थिति नहीं बना सकेगा; संवेदनशील क्षेत्रों में गैर-NATO/गैर-EU निवेश की कड़ी जाँच
- **NOTE**
  - **ग्रीनलैंड:** विश्व का सबसे बड़ा द्वीप; डेनमार्क साम्राज्य का स्वशासी क्षेत्र (होम रूल 1979, स्वशासन अधिनियम 2009); राजधानी नूक; जनसंख्या लगभग 56,000; दुर्लभ मृदा तत्वों सहित खनिजों से समृद्ध

स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड के नेताओं का 'कार्डिफ समझौता'

- **तिथि व स्थान:** 14 सितंबर 2026, कार्डिफ (वेल्स)
- **विषय-वस्तु:** वेल्स और स्कॉटलैंड के लिए स्वतंत्रता तथा उत्तरी आयरलैंड के लिए आयरलैंड गणराज्य के साथ पुनः एकीकरण की साझा प्रतिबद्धता; यह दावा कि कोई वेस्टमिंस्टर सरकार लोकतंत्र को रोकने का अधिकार नहीं रखती; ब्रिटिश सरकार से संवैधानिक परिवर्तन की तैयारी का आह्वान; अर्थव्यवस्था, ऊर्जा और यूरोप पर सहयोग
- **संदर्भ:** मई 2026 के चुनावों के बाद पहली बार तीनों विकेंद्रीकृत सरकारों का नेतृत्व स्वतंत्रता-समर्थक दलों के पास।

UNGA का 81वाँ सत्र

- **आरंभ:** 8 सितंबर 2026, न्यूयॉर्क; उच्च-स्तरीय सप्ताह 22 सितंबर से
- **थीम:** 'Restoring trust, managing transformation: a United Nations that delivers for all¸ (भरोसे की बहाली, रूपान्तरकारी बदलाव: ऐसा संयुक्त राष्ट्र जो सर्वजन के लिए कारगर हो)
- **अध्यक्ष:** खलीलुर रहमान (बांग्लादेश के विदेश मंत्री); प्रतिद्वंद्वी साइप्रस के एंड्रियास काकोउरिस को हराया।
- बांग्लादेश को दूसरी बार यह पद
- **भारत का प्रतिनिधित्व:** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर; आम बहस में उनका संबोधन 26 सितंबर को हुआ।

UNGA के इतर भारत की समूह-कूटनीति

- **V4 (विसेग्राड समूह) + भारत के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक** 21 सितंबर 2026 को न्यूयॉर्क में
  - **प्रतिभागी:** विदेश मंत्री जयशंकर तथा पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और चेक गणराज्य के विदेश मंत्री
  - V4 देशों ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया
- **G4 विदेश मंत्रियों की बैठक 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में हुई।**
  - G4: भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान, UNSC सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के परस्पर समर्थक।

Springboard ACADEMY

- **FIPIC विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक** 23 सितंबर 2026 को न्यूयॉर्क में
  - FIPIC (Forum for India-Pacific Islands Cooperation): नवंबर 2014 में प्रधानमंत्री की फिजी यात्रा के दौरान शुरू; भारत और 14 प्रशांत द्वीप देश
- **NOTE**
  - **भारत की उम्मीदवारी:** 2028-29 कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता; भारत अब तक आठ बार अस्थायी सदस्य रह चुका है (अंतिम 2021-22)

81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा पर विज्ञान शिखर सम्मेलन (SSUNGA81)

- संयुक्त राष्ट्र महासभा के साथ होने वाले विज्ञान शिखर सम्मेलन के अंतर्गत ने 16 सितंबर को **'वैश्विक चुनौतियों के युग में विज्ञान नीति और संचार : सीमाओं से सफलताओं की ओर'** विषय पर ऑनलाइन सत्र आयोजित किया
- **प्रमुख बिंदु :** SSUNGA81 का केंद्रीय विषय: 'सीमाओं से सफलताओं की ओर : एक पुनर्जीवित और न्यायसंगत भविष्य के लिए विज्ञान'

'नौवहन व नाविकों की सुरक्षा पर मित्र-समूह' (Group of Friends on Safety and Security of Shipping and Seafarers)

- **शुभारंभ:** 25 सितंबर 2026, न्यूयॉर्क-UNGA-81 के इतर
- **भारत और लाइबेरिया की संयुक्त पहल**-विदेश मंत्री एस. जयशंकर और लाइबेरिया की विदेश मंत्री
- **सदस्य:** जहाज-स्वामित्व, पोत-पंजीकरण और नाविक-आपूर्ति से जुड़े 20 से अधिक देश।
- **तीन प्राथमिकताएँ:** पोतों की सुरक्षा व तकनीकी मानक; व्यावसायिक नौवहन के विरुद्ध खतरों से सुरक्षा; नाविकों का संरक्षण, मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संस्थाओं के साथ मिलकर सहयोग-तंत्र विकसित करना।
- **यह जोड़ी क्यों:** लाइबेरिया सकल टन-भार के आधार पर विश्व का सबसे बड़ा जहाज-रजिस्टर ('फ्लैग') चलाता है, जबकि भारत विश्व के प्रमुख नाविक-आपूर्तिकर्ता देशों में है-बड़ी संख्या में भारतीय नाविक भारतीय और विदेशी -दोनों ध्वज वाले जहाजों पर कार्यरत हैं।

भारत-बेल्जियम द्विपक्षीय संबंध

- बीस वर्ष बाद किसी बेल्जियम प्रधानमंत्री की भारत यात्रा
- प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर; 2-4 सितंबर 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए
- **संयुक्त वक्तव्य के प्रमुख बिंदु**-
  - **व्यापार:** पाँच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य
  - एंटवर्प को मुंबई-सूरत से जोड़ने वाले हीरा-व्यापार के ऐतिहासिक महत्व की पुनर्पुष्टि
  - **रक्षा:** बेल्जियम का फ्रिगेट '**लियोपोल्ड** I' 5-8 नवंबर 2026 को भारत आएगा; दोनों राजधानियों में रक्षा अताशे; आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्यसमूह का प्रस्ताव
  - **संस्थागत तंत्र:** पहली भारत-बेल्जियम सामरिक वार्ता (ब्रसेल्स, 15 जुलाई 2026)
  - **बहुपक्षीय:** बेल्जियम ने सुधारित सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया; भारत ने 2037-38 के लिए बेल्जियम की अस्थायी सदस्यता की उम्मीदवारी का समर्थन किया
  - भारत-बेल्जियम बिजनेस फोरम का संस्थानीकरण; दोनों देशों की रक्षा कंपनियों के बीच **आठ MoU** (SIDM-BSDI, लार्सन एंड टुब्रो-Exail Robotics, कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स-FN Herstal o Thales Belgium आदि)
  - भारत-बेल्जियम सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन साझेदारी में IMEC (बेल्जियम स्थित प्रसिद्ध नैनो इलेक्ट्रोनिक अनुसंधान केन्द्र) के साथ सहयोग हेतु समझौता।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली श्रीलंका यात्रा (8-10 सितंबर 2026)

- 'पड़ोसी प्रथम' नीति तथा **चक्रवात दितवाह** (2025) के बाद **'ऑपरेशन सागर बंधु'** से यात्रा की।
- **तीन समझौता**-भारत सरकार के अनुदान से श्रीलंकाई वायुसेना की छह **L70 वायु-रक्षा तोपों** का उन्नयन, दोनों देशों के **राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालयों** में शैक्षणिक सहयोग, राष्ट्रीय कैडेट कोर युवा विनिमय को औपचारिक रूप

प्रिंस रहीम आगा खान पंचम की पहली भारत यात्रा

- **परिचय:** शिया इस्माइली मुसलमानों के 50वें वंशानुगत इमाम तथा आगा खान विकास नेटवर्क (AKDN) के अध्यक्ष
- यात्रा: 9–15 सितंबर 2026, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन के निमंत्रण पर; इमाम बनने के बाद पहली भारत यात्रा
- **NOTE:** आगा खान ट्रस्ट फॉर कल्चर ने दिल्ली में हुमायूँ के मकबरे और सुंदर नर्सरी के संरक्षण में प्रमुख भूमिका निभाई; आगा खान चतुर्थ को 2015 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था

G20 नवाचार मंत्री बैठक : 'उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए कैरोलिना सिद्धांत'

- **तिथि:** 1–2 सितंबर 2026
- **स्थान:** चैपल हिल, उत्तरी कैरोलिना (अमेरिका)
- **अध्यक्षता:** अमेरिका की G20 अध्यक्षता (2026); मेजबान अमेरिकी वाणिज्य विभाग और व्हाइट हाउस का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय
- **भारत का प्रतिनिधित्व:** इलेक्ट्रॉनिकी एवं IT तथा वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद
- **संबंधित:** इसी बैठक के इतर भारत ने **'6G नेतृत्व एवं सुरक्षा हेतु कार्रवाई** का आह्वान' का समर्थन किया
- **उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए कैरोलिना सिद्धांत:** मूलभूत अनुसंधान में निवेश, व्यावसायीकरण के मार्ग सुदृढ़ करना तथा विश्वसनीय प्रौद्योगिकी अपनाना।

भारत ने '6G नेतृत्व एवं सुरक्षा हेतु कार्रवाई का आह्वान (Call to Action)' का समर्थन किया

- 9 सितंबर 2026 को भारत उन समान विचारधारा वाले देशों में शामिल हुआ जो खुले, अंतर-संचालनीय (interoperable), सुरक्षित और सुदृढ़ अगली पीढ़ी के वायरलेस नेटवर्क के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- यह घोषणा 1–2 सितंबर 2026 को अमेरिका की **G20 नवाचार मंत्रिस्तरीय बैठक (चैपल हिल, उत्तरी कैरोलिना)** के इतर की गई।

G20 'ऊर्जा प्रचुरता' मंत्रिस्तरीय बैठक, ह्यूस्टन (अमेरिका)

- 14–16 सितंबर 2026 को अमेरिका की G20 अध्यक्षता में ह्यूस्टन में आयोजित बैठक में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया

G20 व्यापार मंत्रियों की बैठक

- **स्थान:** मिलवॉकी (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- भारत का प्रतिनिधित्व-श्री पीयूष गोयल द्वारा

US-India TRUST फेलोशिप

- **शुभारंभ:** अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर द्वारा (6-7 सितंबर को), अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगाँठ पर **बेंगलुरु** में अमेरिकी मिशन के 'नेशनल डे' (Freedom 250) समारोह में; चेन्नई स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास का सहयोग
- **स्वरूप:** सार्वजनिक-निजी साझेदारी; निजी वित्तपोषण - क्रिस गोपालकृष्णन और किरण मजूमदार-शॉ (मजूमदार-शॉ फिलैन्थ्रॉपी)
- **भारतीय साझेदार संस्थान:** IIT मद्रास, IISc बेंगलुरु और मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (MAHE)

क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन

- **रवाना:** भारतीय तटरक्षक बल (ICG) का पोत **'शौनक'** चेन्नई से पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) के लिए 25 सितंबर 2026 को
- **सी राइडर्स:** छह अधिकारी-भारत और जापान से दो-दो, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से एक-एक-जहाज पर संयुक्त गतिविधियों व पेशेवर आदान-प्रदान में शामिल

12वाँ IPU Global Conference of Young Parliamentarians

- **तिथि व स्थल:** 4–6 सितंबर 2026; समरकंद, उज्बेकिस्तान
- **थीम:** 'Reclaiming human rights, justice and dignity for all in turbulent times'-मानवाधिकार IPU 2026 का प्राथमिक विषय है
- **आयोजक:** अंतर-संसदीय संघ (IPU) और उज्बेकिस्तान की संसद
- **भागीदारी:** 40 वर्ष से कम आयु के सांसदों के प्रतिनिधि मंडल (प्रति संसद अधिकतम चार, लैंगिक संतुलन के साथ); भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया

69वाँ राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन (CPC) 2026

- **तिथियाँ:** 12–19 सितंबर 2026
- **स्थान:** केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका
- **मेजबान:** दक्षिण अफ्रीका की संसद + CPA दक्षिण अफ्रीका शाखा

- **आयोजक:** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA)
- **सीपीए अध्यक्ष (2026):** रेफिल्वे मत्श्वेनी-त्सिपाने
- **भारतीय प्रतिभागी: श्री हरिवंश** के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल। वे राज्यसभा के उपसभापति हैं।
- माननीय रेफिल्वे मिशवेंट प्रथमपेन, CPA 2026 की अध्यक्ष
- **नोट:** CPA एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसमें राष्ट्रीय, राज्य, प्रांतीय और क्षेत्रीय स्तरों की **'186 संसदें एवं विधानसभाएँ'** शामिल हैं।
- **अगला CPC:** 70वाँ CPC-कनाडा, 2027

सूचकांक/ रिपोर्ट

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII)

- **जारीकर्त्ता:** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO), 29 सितम्बर को जारी।
- **शीर्ष 5:** स्विट्ज़रलैण्ड, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर
- **भारत की रैंकिंग:** 38वीं (कुल 139 में से), स्कोर 40.1 (2025 के बराबर)
- **थीम:** Powering entrepreneurs at the frontier of Science, Turning pilots into Pipelines.
- सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी सेवाओं के निर्यात में भारत वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान पर है।

WIPO का 'शीर्ष 100 नवाचार क्लस्टर' 2026

- **जारीकर्ता:** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (GII) 2026 का अग्रिम अध्याय
- **शीर्ष 5:** शेन्जेन-हांगकांग-ग्वांगझोउ (चीन), टोक्यो-योकोहामा (जापान), सैन होजे-सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), बीजिंग (चीन) और सियोल (दक्षिण कोरिया)
- **भारत:** बेंगलुरु (25वाँ) देश का शीर्ष क्लस्टर; दिल्ली(27वाँ) मुंबई (43वाँ) और चेन्नई (79वाँ) ने रैंक सुधारी

वैश्विक वित्तीय केंद्र सूचकांक (GFCI 40)

- **जारीकर्त्ता:** लंदन स्थित थिंक-टैंक Z/Yen पार्टनर्स और चाइना डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (शेन्जेन); वर्ष में दो बार (मार्च व सितंबर)
- **GIFT सिटी:** 46वें (GFCI 39) से 37वें (GFCI 40) स्थान पर; एशिया-प्रशांत के शीर्ष 15 में एकमात्र भारतीय केंद्र
  - ♦ GIFT सिटी (गांधीनगर, गुजरात) में भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC); नियामक-IFSCA (2020)

20वाँ वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक 2026

- **जारीकर्त्ता:** विश्व आर्थिक मंच (WEF); सितंबर 2026
- **भारत:** 145 देशों में 131वाँ स्थान (2025 के बराबर); कुल समता स्कोर 64.5% (वैश्विक औसत 69.2% से कम)
- **उप-सूचकांक (भारत):** शैक्षिक उपलब्धि-96.6%; स्वास्थ्य व उत्तरजीविता-95.6%; आर्थिक भागीदारी एवं अवसर-41.2%; राजनीतिक सशक्तीकरण-24.5%
- **शीर्ष देश:** आइसलैंड, फिनलैंड, नॉर्वे।
- **निचले स्थान:** चाड (145), ईरान (144)

यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक 2026

- **जारी:** 25 सितंबर 2026;
- **जारीकर्त्ता:** विश्व आर्थिक मंच (WEF), ज्यूरिख इंश्योरेंस समूह के सहयोग से
- **भारत:** 110 अर्थव्यवस्थाओं में 31वाँ-2024 के 39वें (119 में) स्थान से ऊपर
- **भारत की ताकत:** कम यात्रा-लागत (मूल्य प्रतिस्पर्धा), सांस्कृतिक व प्राकृतिक संसाधन (विश्व धरोहर सांस्कृतिक स्थलों की संख्या में शीर्ष 10 में), पर्यटन अवसंरचना व व्यावसायिक यात्रा संसाधनों में सुधार
- **शीर्ष 5:** जापान (पहली बार प्रथम), अमेरिका, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस

चर्चित व्यक्तित्व

भारतीय मूल

- **करणदीप आनंद:** भारतीय मूल के तकनीकी अधिकारी; 18 सितंबर को वॉल्ट डिज्नी कंपनी के पहले चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीनियर एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट) नियुक्त-नया सृजित पद

Springboard Academy

- **डॉ. विनय प्रकाश सिंह**
  - ♦ 4 सितंबर 2026 को बैंकॉक में आयोजित 14वें APPU (Asian-Pacific Postal Union) सम्मेलन में भारतीय डाक सेवा के अधिकारी डॉ. विनय प्रकाश सिंह चार वर्ष के लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुने गए।
  - ♦ **दूसरा कार्यकाल:** जनवरी 2027 से दिसंबर 2030 तक।

विश्व

- **जॉर्जिया मेलोनी (इटली):** 4 सितंबर को 1,413 दिन पूरे कर इटली की युद्धोत्तर इतिहास की सबसे लंबी लगातार चलने वाली सरकार का रिकॉर्ड
- **जॉन टर्नस (अमेरिका):** 1 सितंबर 2026 से एप्पल के नए CEO
- **डारियो अमोदेई:** एंथ्रोपिक के सह-संस्थापक और CEO
- **स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर:** अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के विशेष दूत

महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **14वीं पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS)** आर्थिक मंत्रियों की बैठक, मनीला में 21 सितंबर 2026 को हुई इसके साथ ही 23वें भारत-आसियान आर्थिक मंत्री बैठक का आयोजन भी किया गया। (प्रतिधित्व नितिन कुमार यादव द्वारा)
- **भूटान,** WHO दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र का **पहला देश** बना जिसने कुत्तों से फैलने वाले मानव **रेबीज** का सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में उन्मूलन किया और विश्व में WHO से मान्यता पाने वाला मेक्सिको के बाद ऐसा करने वाला दूसरा देश।
- WHO दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय समिति का **79वाँ सत्र** 7-10 सितंबर 2026 को **डिली (तिमोर-लेस्ते)** में आयोजित। सत्र के दौरान **थाईलैंड को रूबेला उन्मूलन** (सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में) का प्रमाणन।
- **फिजी ने HIV** को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया
- IFFCO अध्यक्ष **दिलीप संघाणी** अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (ICA) के वैश्विक बोर्ड में **'एट-लार्ज डायरेक्टर'** निर्वाचित
- **BAPS स्वामीनारायण हिंदू मंदिर:** प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से फ्रांस के पहले पारंपरिक शैली के हिंदू पाषाण मंदिर का उद्घाटन 6 सितंबर को पेरिस में किया।
- टेम्स नदी के किनारे पहली गंगा आरती (13 सितंबर को लंदन में, आयोजक: चिन्मय मिशन UK)
- **भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता 20 अक्टूबर 2026** से लागू होगा
- 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट, 2026' पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रप ने हस्ताक्षर किए।
- इजराइल ने स्लोवेनिया में पहला आवासीय दूतावास खोला
- **'याकोव नोविचेंको ब्रिज'** का उद्घाटन जो कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच पहला सड़क पुल हैं।
- **IAEA महासम्मेलन (General Conference) का 70वाँ नियमित सत्र** 14-18 सितंबर 2026 को वियना अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (VIC), ऑस्ट्रिया में आयोजित किया गया जिसमें **तिमोर-लेस्ते IAEA का 182वाँ** सदस्य देश बना।
- **इंडोनेशिया के 'अनाक क्राकाताउ' ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ। यह ज्वालामुखी** सुंडा जलडमरूमध्य (जावा और सुमात्रा द्वीपों) के मध्य स्थित है।

Springboard ACADEMY

04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

अंतरिक्ष एवं खगोल विज्ञान

EOS-05 (GISAT-1A) मिशन

- **प्रक्षेपण तिथि:** 4 सितंबर 2026
- **प्रक्षेपण स्थल:** द्वितीय लॉन्च पैड (SLP – Second Launch Pad), सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC-SHAR), श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)
- **एजेंसी:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)
- **प्रक्षेपण यान:** GSLV-F17 (भूतुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान 17,) GSLV की 19वीं उड़ान तथा स्वदेशी क्रायोजेनिक ऊपरी चरण (CUS – Cryogenic Upper Stage) वाली 13वीं उड़ान।
- GSLV द्वारा GTO/सब GTO में भेजा गया अब तक का सबसे भारी उपग्रह।
- **भूतुल्यकालिक कक्षा में भारत का पहला इमेजिंग उपग्रह।**
- **उपग्रह का प्रकार:** भू-प्रेक्षण (Earth Observation)
- **द्रव्यमान:** लगभग 2,367 किग्रा; GSLV द्वारा प्रक्षेपित अब तक का सबसे भारी उपग्रह।
- असफल **GISAT-1 (EOS-03)** का प्रतिस्थापन; EOS-03 को 12 अगस्त 2021 को GSLV-F10 से भेजा गया था, किंतु क्रायोजेनिक ऊपरी चरण प्रज्वलित न होने के कारण वह कक्षा तक नहीं पहुँच सका।
- भारतीय उपमहाद्वीप की लगभग निरंतर, निकट-वास्तविक-समय निगरानी; इसे **'24×7 आसमानी आँख' (eye-in-the-sky)** कहा जा रहा है
- लगभग प्रत्येक 30 मिनट में संपूर्ण भारतीय भू-भाग की इमेजिंग; चुने हुए बड़े क्षेत्रों की इससे भी कम अंतराल पर इमेजिंग संभव।

उपग्रह के पेलोड

- **700 मिमी रिची-क्रेटियन** (Ritchey–Chrétien) **टेलीस्कोप, मल्टी-स्पेक्ट्रल VNIR** (MX-VNIR – Multispectral Visible and Near-Infrared), **हाइपरस्पेक्ट्रल VNIR (HyS-VNIR)**, **हाइपरस्पेक्ट्रल SWIR** (HyS-SWIR – Short-Wave Infrared)

प्रथम अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन, पेरिस

- **तिथि:** 9–10 सितंबर 2026
- **आयोजन स्थल:** ग्रैंड पैलेस, पेरिस, फ्रांस
- **पहल:** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों; अक्टूबर 2025 में फ्रांस की राष्ट्रीय अंतरिक्ष रणनीति प्रस्तुत करते समय घोषणा; **जर्मनी सह-आयोजक**
- **भागीदारी (एलिसी पैलेस के अनुसार):** लगभग 90 देश एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन
- **भारत की भागीदारी:** 10 सितंबर को प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया
- **तृष्णा उपग्रह** इसरो और फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेन्सी का साझा मिशन है जिसे 2027 में प्रक्षेपित करने की संभावना है।
- **बेंगलुरु स्पेस एक्सपो:** 7 से 9 सितम्बर

भारत-यूरोप अंतरिक्ष साझेदारी

- भारत (ISRO) ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) के साथ अपने ढाँचागत समझौते की अवधि पाँच वर्ष और बढ़ाई (8 जनवरी 2032 तक), **मूल समझौता:** जनवरी 2002 से प्रभावी हैं।

ESA(European space agency) का Vega-C (VV30) मिशन

- **प्रक्षेपण तिथि:** 14 सितंबर 2026
- **प्रक्षेपण स्थल:** गुयाना स्पेस सेंटर, कौरू (फ्रेंच गुयाना)
- **एजेंसी:** ESA; वाणिज्यिक संचालक इतालवी कंपनी Avio
- **प्रक्षेपण यान:** Vega-C (उड़ान पदनाम VV30); Vega-C का पहला दोहरा (dual) प्रक्षेपण, जिसमें 'Vespa' एडाप्टर का उपयोग हुआ

उपग्रह

- **FLEX (Fluorescence Eñplorer):** पौधों की **प्रकाश-संश्लेषण गतिविधि** को अंतरिक्ष से सीधे मापने वाला **पहला समर्पित मिशन।**

Springboard ACADEMY

NASA का नैन्सी ग्रेस रोमन अंतरिक्ष दूरबीन

- **प्रक्षेपण तिथि:** 30 अगस्त 2026
- **प्रक्षेपण स्थल:** कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा (अमेरिका)
- **एजेंसी:** NASA (National Aeronautics and Space Administration)
- **प्रक्षेपण यान:** SpaceX का फाल्कन हेवी
- **गंतव्य:** सूर्य-पृथ्वी L2 (लैग्रेंज बिंदु-2) के चारों ओर हेलो कक्षा
- अवरक्त (infrared) अंतरिक्ष वेधशाला; मुख्य दर्पण 2.4 मीटर (हबल के बराबर)

अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती : अमेरिका की आधिकारिक स्वीकारोक्ति

- **तिथि:** 14 सितंबर 2026
- **आयोजन स्थल:** एयर एंड स्पेस फोर्सेज एसोसिएशन की 'एयर, स्पेस एंड साइबर कॉन्फ्रेंस', नेशनल हार्बर, मैरीलैंड (अमेरिका)
- **महत्व:** किसी पेंटागन अधिकारी द्वारा अंतरिक्ष-आधारित हथियारों की पहली सार्वजनिक पुष्टि
- भारत ने मार्च 2019 में **'मिशन शक्ति'** के अंतर्गत (एंटी सैटेलाइट मिसाइल) ASAT परीक्षण किया था

हानले डार्क स्काई रिजर्व (HDSR), लद्दाख

- लद्दाख के हानले स्थित भारतीय खगोलीय वेधशाला (IAO – Indian Astronomical Observatory) में 7-12 सितंबर 2026 तक हानले डार्क स्काई रिजर्व (HDSR – Hanle Dark Sky Reserve) स्टार पार्टी का **चौथा संस्करण** आयोजित हुआ।
- **आयोजक:** भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA – Indian Institute of Astrophysics), लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश का वन्यजीव संरक्षण विभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC – Bhabha Atomic Research Centre) और टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान (TIFR – Tata Institute of Fundamental Research)
- **भागीदारी:** 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से लगभग 40 शौकिया खगोलविद्।
- **हानले डार्क स्काई रिजर्व:** दिसंबर 2022 में लद्दाख प्रशासन द्वारा अधिसूचित; भारत का पहला डार्क स्काई रिजर्व; चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में

Isar Aerospace का 'Spectrum'

- **जर्मनी** की निजी कंपनी Isar Aerospace का दो-चरणीय रॉकेट 'Spectrum' 5 सितंबर 2026 को नॉर्वे के अंडोया (Andøya) स्पेसपोर्ट से छोड़ा गया। यह किसी यूरोपीय वाणिज्यिक कम्पनी द्वारा **महाद्वीपीय यूरोप** की **धरती से पहली सफल कक्षीय उड़ान** हैं। **मिशन का नाम:** 'Onward and Upward'

चंद्रपुर (असम) में ISRO का उन्नत रडार अनुसंधान केंद्र

- **आधारशिला:** 21 सितंबर 2026; असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा द्वारा, चंद्रपुर (गुवाहाटी के निकट)
- **परियोजना:** ISRO की परियोजना NETRA (Network for Space Object Tracking and Analysis) के अंतर्गत
- **घटक:** अंतरिक्ष वस्तुओं का पता लगाने व ट्रैक करने वाला रडार, एक ऑप्टिकल टेलीस्कोप सुविधा और केंद्रीकृत नियंत्रण केंद्र-अर्थात् अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता (SSA) हेतु एक आत्मनिर्भर वेधशाला
- यहाँ पहला क्लाउड रिसर्च रडार स्थापित किया जा रहा है।

GalaxEye को 'OptoSAR' तकनीक के लिए अमेरिकी पेटेंट, 20 वर्षों की अवधि के लिए

- **घोषणा:** 8 सितंबर 2026
- **कंपनी:** GalaxEye Space, बेंगलुरु-IIT मद्रास के पूर्व छात्रों द्वारा स्थापित
- **पेटेंट का विषय:** एक ही उपग्रह पर लगे प्रकाशीय (optical) और सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) संवेदकों को समय और स्थान-दोनों दृष्टियों से 'सिंक' करने की संरचना, ताकि एक ही स्थान की एक ही क्षण की दोनों प्रकार की छवियाँ मिल सकें
- **उपग्रह-इमेजिंग तकनीक के लिए अमेरिकी पेटेंट पाने वाला पहला भारतीय स्टार्टअप**
- **मिशन दृष्टि:** मई 2026 में इसके हार्डवेयर और पेलोड एकीकरण का चरण पूरा हुआ था। ऑप्टिकल और SAR

को एक मंच पर जोड़ने वाला विश्व का पहला इमेजिंग उपग्रह। **(प्रक्षेपण 2027 में संभव)**

- **OptoSAR तकनीक (मल्टी सेंसर सैटेलाइट प्रौद्योगिकी) के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने GalaxEye के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।**

भारत का पहला स्वदेशी ऑप्टिकल इंटर-सैटेलाइट लिंक (OISL)

- **Space Startup:** Astrogate Labs
- **स्थिति:** OISL टर्मिनल अभी विकास के चरण में है; उड़ान-तैयारी का लक्ष्य 2027
- **पृष्ठभूमि:** कंपनी ISRO को उपग्रह-से-भूमि लेजर संचार टर्मिनल की आपूर्ति कर चुकी है; ये टर्मिनल तकनीकी तत्परता स्तर TRL-8 (उड़ान हेतु योग्य) तक पहुँच चुके हैं
- **OISL क्या है:** उपग्रह रेडियो तरंगों के बजाय लेजर किरण से सीधे एक-दूसरे को डेटा भेजते हैं; इससे स्पेक्ट्रम की भीड़ से बचाव, अधिक बैंडविड्थ और बेहतर सुरक्षा मिलती है-बड़े LEO उपग्रह-समूहों के लिए यह आधारभूत तकनीक है

NIT श्रीनगर : अपनी खगोलीय वेधशाला वाला देश का पहला NIT

- **उद्घाटन:** 22 सितंबर 2026
- **नाम:** NIT-Srinagar Observatory for Astronomy and Astrophysics (NSOAA)
- **प्रमुख उपकरण:** 14-इंच का Celestron C14 EdgeHD श्मिट-कैसेग्रेन दूरबीन, कंप्यूटरीकृत विषुवतीय आरोहण (equatorial mount), प्लैनेटरी व कूल्ड डीप-स्काई कैमरे
- **वैज्ञानिक मार्गदर्शन:** भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (IIA), बेंगलुरु

पृथ्वी विज्ञान, मौसम, महासागर एवं मानचित्रण

संबलपुर (ओडिशा) में भारत का 51वाँ डॉप्लर मौसम रडार; हिमाचल प्रदेश में नेटवर्क विस्तार

- **तिथि:** 17 सितंबर 2026
- **स्थान:** संबलपुर, ओडिशा
- **उद्घाटनकर्त्ता:** पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की उपस्थिति में
- भारत का 51वाँ डॉप्लर मौसम रडार (DWR – Doppler Weather Radar)

'ORV सागर मंथन' का जलावतरण

- **तिथि:** 9 सितंबर 2026
- **स्थान:** ऋषि बंकिम शिपयार्ड, कोलकाता
- **पोत: यार्ड 3041; आधिकारिक नाम 'ORV** सागर मंथन' (ORV – Ocean Research Vessel)
- **निर्माता:** रक्षा सार्वजनिक उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स डिजाइन, इंजीनियरिंग और निर्माण
- **उपयोगकर्त्ता:** MoES का राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र, गोवा
- **योजना:** डीप ओशन मिशन का वर्टिकल-4 (गहन महासागर सर्वेक्षण एवं अन्वेषण)

19वाँ अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड (IESO 2026) : भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

- **तिथि:** 20-27 अगस्त 2026
- **आयोजन स्थल:** तुरिन, इटली
- **भागीदारी:** 39 देश

भारत का प्रदर्शन

- **कुल 9 पदक:** 4 स्वर्ण, 3 रजत, 2 कांस्य

छात्र (विद्यालय)	पदक
सौमिक मंडल (DAV मॉडल स्कूल, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल)यह समग्र वैश्विक रैंकिंग में तृतीय स्थान	2 स्वर्ण, 1 रजत
एरन मैती (DAV मॉडल स्कूल, IIT खड़गपुर, पश्चिम बंगाल)	1 स्वर्ण, 1 कांस्य
ऋद्धि रंजन (ज्ञान अस्थली इंटरनेशनल स्कूल, पटना)	1 स्वर्ण, 1 रजत
मोहम्मद एहतेशाम रिजवी (जवाहर नवोदय विद्यालय, बिहार)	1 रजत, 1 कांस्य

बखिरा झील की 25,000 वर्ष पुरानी तलछट से भारतीय मानसून का इतिहास

- बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (BSIP – Birbal Sahni Institute of Palaeosciences), लखनऊ के अध्ययन

ने संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश) की **बखिरा झील** की तलछट में उपस्थित चुंबकीय खनिजों के आधार पर अंतिम हिमयुग के चरम (लगभग 25,000 वर्ष पूर्व) से अब तक के **भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून** का पुनर्निर्माण किया

- **झील:** घाघरा-राप्ती जलोढ़ क्षेत्र में राप्ती नदी के मार्ग-परिवर्तन से बनी **'ऑक्सबो'** प्रकृति की झील; बखिरा वन्यजीव अभयारण्य **अंतरराष्ट्रीय महत्व का रामसर स्थल** है

गहरे समुद्र में खनन पर उद्योग कार्यशाला : मध्य हिंद महासागर बेसिन में 75,000 वर्ग किमी क्षेत्र का अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण (ISA) के साथ अनुबंध

- **विषय:** 'गहरे समुद्र में खनन : व्यावसायिक अवसर और रणनीतिक महत्व'
- **तिथि:** 8 सितंबर 2026
- **आयोजन:** डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली
- **आयोजक:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) और राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान चेन्नई (NIOT)
- **सहयोग:** EY (नॉलेज पार्टनर) और नीति आयोग
- **उद्देश्य:** वैज्ञानिक क्षमता और निजी क्षेत्र के बीच सेतु; नीतिगत ढाँचा, वित्तीय रूप से व्यवहार्य रोडमैप तथा गहरे समुद्र में खनन पर श्वेत पत्र की आधारशिला

संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) का 'करेक्ट द मैप' संकल्प :

- **तिथि:** 4 सितंबर 2026
- **संकल्प:** 'Correct the Map: Rebalancing Global Cartographic Representation and Promoting Equitable Representation of the World's Regions, Particularly Africa'
- **प्रस्तावक:** टोगो तथा अफ्रीकी समूह
- **मतदान:** 164 देशों का समर्थन; भारत ने पक्ष में मतदान किया, USA ने विरोध में मतदान किया (एकमात्र देश)

रक्षा प्रौद्योगिकी, सामरिक सहयोग एवं सैन्य अभ्यास

भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमैडिक एलिफेंट'

- **संस्करण:** 18वाँ
- **स्थान:** पिथौरागढ़ (उत्तराखण्ड)
- **अवधि:** 21 सितम्बर - 3 अक्टूबर 2026
- 21 सितंबर 2026 को पिथौरागढ़ के **विदेशी प्रशिक्षण केंद्र** में अभ्यास आरंभ हुआ
- यह भारत और मंगोलिया में बारी-बारी से आयोजित होने वाला **वार्षिक प्लाटून-स्तरीय अभ्यास** है; पिछला (17वाँ) संस्करण मई-जून 2025 में उलानबटार में हुआ था
- **उद्देश्य:** संयुक्त राष्ट्र (UN - United Nations) चार्टर के अध्याय VII के जनादेश के अंतर्गत अर्ध-शहरी एवं पर्वतीय क्षेत्रों में **आतंकवाद-रोधी अभियानों** की संयुक्त क्षमता बढ़ाना

भारत-अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2026' 15-28 सितम्बर 2026 तक आयोजित।

- **संस्करण:** 22वाँ
- **स्थान:** औली (उत्तराखंड) और महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (बीकानेर)
- 15 सितंबर 2026 को औली के विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में उद्घाटन हुआ; अभ्यास साथ-साथ महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (बीकानेर, राजस्थान) में भी संचालित।
- **भारतीय पक्ष:** 14वीं इन्फैंट्री डिवीजन (मेजर जनरल अमरेश गुंजन)
- **अमेरिकी पक्ष:** 11वीं एयरबोर्न डिवीजन की पहली इन्फैंट्री ब्रिगेड कॉम्बैट टीम (कर्नल बेंजामिन जैकमैन)
- **उद्देश्य:** संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII के अंतर्गत शांति-स्थापना एवं आतंकवाद-रोधी अभियानों में अंतर-संचालनीयता (interoperability) को सुदृढ़ करना
- **फोकस:** पर्वतीय व अर्ध-पर्वतीय क्षेत्रों में एकीकृत युद्ध समूहों (IBG - Integrated Battle Groups) का उपयोग; पैदल सेना-प्रधान अभियान; निगरानी-टोही हेतु ड्रोन व स्वायत्त प्रणालियाँ
- दोनों ओर से 600-600 सैनिक
- 21वाँ संस्करण सितंबर 2025 में फोर्ट वेनराइट (अलास्का) में

भारत-श्रीलंका द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स-26'

- **संस्करण:** 13 वाँ
- **स्थान:** विशाखापत्तनम
- **अवधि:** 17 से 21 सितम्बर, 2026
- पूर्वी नौसेना कमान की देखरेख में **विशाखापत्तनम** में

बंदरगाह चरण से अभ्यास आरंभ हुआ, जिसके बाद समुद्री चरण संपन्न हुआ

- भारत की ओर से स्वदेशी पनडुब्बी-रोधी युद्धक पोत **INS कवरत्ती** और बेड़ा टैंकर **INS ज्योति**; श्रीलंका की ओर से **SLNS** (Sri Lanka Navy Ship) **सिंदुराला**
- **बंदरगाह चरण:** पेशेवर संवाद, क्रॉस-डेक दौरे, योग, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ; समुद्री चरण: संयुक्त परिचालन समन्वय

'वीर गार्जियन-2026'

- **अवधि:** 9-22 सितंबर 2026
- **स्थान:** वायुसेना स्टेशन जोधपुर, राजस्थान
- **सहभागी:** भारतीय वायुसेना (IAF-Indian Air Force) और जापान वायु आत्मरक्षा बल।
- **महत्व:** भारत-जापान 'विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी' के बढ़ते वायु-आयाम का प्रतीक
- **भाग लेने वाले विमान**
  - **भारत:** तेजस (LCA - Light Combat Aircraft), सुखोई-30 MKI और राफेल
  - **जापान:** F-2A लड़ाकू विमान

भारत-मलेशिया नौसैनिक अभ्यास 'समुद्र लक्ष्मण'

- **संस्करण:** चौथा
- **स्थान:** लुमुट (मलेशिया)
- **अवधि:** 9-12 सितम्बर
- पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के अंतर्गत **INS मैसूर** 9 सितंबर को लुमुट पहुँचा और रॉयल मलेशियाई नौसेना के साथ अभ्यास किया
- **प्रमुख तथ्य**
  - बंदरगाह चरण में पेशेवर आदान-प्रदान; समुद्री चरण में मलेशियाई पोत **KD लेकिर** और **KD गगाह समुदेरा** के साथ समन्वित अभ्यास

कजिंद-2026' (KAZIND) : भारत-कजाखस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास

- **संस्करण:** 9वाँ
- **अवधि:** 28 सितंबर-11 अक्टूबर 2026
- **स्थल:** ओस्केमेन, पूर्वी कजाखस्तान
- **भारतीय दल:** 60 सदस्य-मुख्यत: गढ़वाल राइफल्स की एक बटालियन, अन्य अंगों के सैनिक और भारतीय वायुसेना कर्मी
- **उद्देश्य:** संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अंतर्गत उप-पारंपरिक परिस्थितियों में संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभियान-अध '-शहरी और पर्वतीय क्षेत्रों पर विशेष ध्यान

'तरंग शक्ति 2026' : भारत का बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास

- **संस्करण:** दूसरा
- **अवधि:** 26 सितंबर-12 अक्टूबर 2026 (संचालन चरण 28 सितंबर से)
- **स्थल:** वायुसेना स्टेशन जोधपुर
- **मेजबान:** भारतीय वायुसेना
- **आधिकारिक आदर्श वाक्य (थीम):** Power in Partnership
- **भागीदारी:** लगभग 40 देश, **7 पार्टनर देश** अपने विमानों के साथ (ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, जर्मनी, श्रीलंका, UAE और अमेरिका) तथा 33 देश पर्यवेक्षक के रूप में
- **विदेशी विमान:** फ्रांस के राफेल, UAE के F-16 और अमेरिका के F-35 -यह पहला अवसर है जब अमेरिकी F-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमान भारत में किसी सैन्य अभ्यास में भाग ले रहे है।
- **अभ्यास के विषय:** काउंटर-एयर, वायु रक्षा, बल-संयोजन युद्ध, टोही, वायु-परिवहन और हवा में ईंधन भरना-वास्तविक समकालीन युद्धक्षेत्र में बहुराष्ट्रीय संयुक्त अभियानों की योजना और क्रियान्वयन
- **भारतीय विमान:** राफेल, Su-30MKI, तेजस, AEW-C विमान, परिवहन विमान और टैंकर
- **तरंग शक्ति 2024 (पहला संस्करण):** दो चरणों में-सुलूर (तमिलनाडु) और जोधपुर; भारत द्वारा आयोजित अब तक का सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास

वरुण : भारत-फ्रांस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास

- **संस्करण:** 24वाँ
- **आरंभ:** INS त्रिशूल 22 सितंबर 2026 को फ्रांस के टूलॉन (Toulon) नौसैनिक अड्डे पहुँचा
- **चरण: बंदरगाह चरण**-पेशेवर संवाद, क्रॉस-डेक दौरे, खेल; **समुद्री चरण**-सामरिक युद्धाभ्यास और समन्वित संचालन
- **INS त्रिशूल:** तलवार श्रेणी का गाइडेड-मिसाइल स्टेल्थ फ्रिगेट

'ईगर लायन 2026':अमेरिका-जॉर्डन के मध्य

- **अवधि व स्थल:** 15-24 सितंबर 2026; फोर्ट कार्सन, कोलोराडो (अमेरिका)
- **विशेष:** द्विवार्षिक अभ्यास का 12वाँ संस्करण और पहली बार अमेरिका में आयोजित
- **आयोजक:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड और जॉर्डन सशस्त्र बल
- फोकस: कमांड-पोस्ट और साइबर-रक्षा प्रशिक्षण; आतंकवाद-रोध, वायु रक्षा, समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रतिक्रिया

उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) में 'ऑपरेशन सोहन'

- **तिथि:** 16-17 सितंबर 2026
- **संयुक्त बल:** सेना की व्हाइट नाइट कोर (जम्मू), जम्मू-कश्मीर पुलिस (SOG) और CRPF
- **परिणाम:** खुफिया सूचना के आधार पर शुरू अभियान में खराब मौसम, कठिन भू-भाग और कम दृश्यता के बीच दो आतंकवादी मारे गए

'लोकायन 2026'

- पाल प्रशिक्षण पोत **INS सुदर्शिनी** ने अंतर महासागरीय अभियान के दौरान **बार्सिलोना (स्पेन) और लिवोर्नो (इटली)** पहुँचा।
- **'लोकायन':** भारतीय नौसेना के पाल-पोतों के दीर्घ अंतर-महासागरीय प्रशिक्षण अभियानों का नाम।
- **उद्देश्य:** प्रशिक्षुओं को पारंपरिक नौचालन का अनुभव, नौसैनिक कूटनीति तथा भारत की समुद्री विरासत का प्रसार

कूटनीति दस्तावेज रक्षा

- 3 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने रक्षा कूटनीति दस्तावेज **'रक्षा'** जारी किया, जो **आगामी 10 वर्षों** के लिए वैश्विक रक्षा साझेदारियों का रणनीतिक रोडमैप है।
- **इसके चार प्रमुख स्तंभ:**
  - रणनीतिक साझेदारी
  - क्षमता विकास
  - स्वदेशी निर्यात
  - समुद्री सुरक्षा

INS निपुण

- **तिथि:** 31 अगस्त 2026
- **स्थान:** नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई
- **पोत:** निस्तार श्रेणी का दूसरा DSV (Diving Support Vessel) (गोताखोरी सहायता पोत)
- **निर्माता:** हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL - Hindustan Shipyard Limited), विशाखापत्तनम
- **तैनाती:** पश्चिमी नौसेना कमान की जलमग्न क्षमता का सुदृढ़ीकरण।
- श्रेणी का पहला पोत INS निस्तार जुलाई 2025 में सेवा में आया था।

भारतीय वायुसेना का 'ड्रोनाथॉन-2026'

- मानवरहित प्रणालियों को वास्तविक परिचालन परिस्थितियों में परखने और उद्योग से सीधे जुड़ने के लिए IAF ने पहली बार ड्रोनाथॉन आयोजित किया
- **प्रमुख तथ्य**
  - **संस्करण:** पहला
  - **शुभारंभ:** वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित
  - **स्थान:** पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर
  - **आयोजन तिथि:** 14-16 सितंबर
  - 'IAF मानवरहित वायु प्रणाली रोडमैप' जारी
  - स्वदेशी मानवरहित यातायात प्रबंधन प्रणाली (UTM - Unmanned Traffic Management) **'वायु उत्तम'** का प्रदर्शन

16वाँ एयरो इंडिया

- 2 सितंबर 2026 को रक्षा मंत्रालय ने **'एशिया के सबसे बड़े एयर शो'** की तिथियों की घोषणा की।
- **आयोजन तिथि:** 8-12 फरवरी, 2027
- **आयोजन स्थल:** वायुसेना स्टेशन येलहंका (बेंगलुरु)
- **आयोजक:** रक्षा मंत्रालय का रक्षा उत्पादन विभाग; पाँच दिवसीय आयोजन
- एयरो इंडिया **द्विवार्षिक** है; पहला आयोजन **1996** में; 15वाँ संस्करण फरवरी 2025 में।

रक्षा अधिग्रहण परिषद् की बैठक

- 7 सितंबर 2026 को रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC - Defence Acquisition Council) ने तीनों सेनाओं के प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (AoN - Acceptance of Necessity),

अर्थात् सैद्धांतिक प्रशासनिक मंजूरी, प्रदान की जिसमें थल सेना के लिए

- रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल व परमाणु **(CBRN – Chemical, Biological, Radiological and Nuclear) टोही वाहन**
- ट्रॉल टैंक और **'सर्वत्र'** ब्रिज सिस्टम

- नौसेना के लिए **अरूधा रडार** और वायुसेना के लिए
  - ग्राउंड-बेस्ड मल्टी-पर्पज जैमर (GBMPJ – Ground-Based Multi-Purpose Jammer); की खरीद

अमेरिका से 'जैवलिन' ATGM (Anti Tank Guided Missile) की खरीद और भारत में सह-उत्पादन

- **घोषणा:** 28 अगस्त 2026; भारतीय सेना ने अमेरिकी सरकार के 'लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस' (LOA) को स्वीकार किया (विदेशी सैन्य बिक्री (FMS) मार्ग, यानी सरकार-से-सरकार समझौता)
- **लागत:** लगभग रु. 292 करोड़
- **सह-उत्पादन**
  - 30 अगस्त 2026 को **जैवलिन जॉइंट वेंचर** (RTX Corporation और लॉकहीड मार्टिन की साझेदारी) तथा **टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड** के बीच भारत में जैवलिन 'ऑल अप राउंड' (पूर्ण मिसाइल) की अंतिम संयोजन व एकीकरण सुविधा स्थापित करने हेतु समझौता
  - उप-संयोजन किट लॉकहीड मार्टिन (ट्रॉय, अलबामा) और मार्गदर्शन-इलेक्ट्रॉनिक्स रेथियॉन (टूसॉन, एरिजोना) से आएँगे; अंतिम संयोजन भारत में
- **जैवलिन की विशेषताएँ**
  - कंधे से दागी जाने वाली **'दागो और भूल जाओ'** श्रेणी की **तीसरी पीढ़ी** की टैंक-रोधी निर्देशित मिसाइल
  - मारक दूरी **4,500 मीटर से अधिक;** टैंक, बखतरबंद वाहन और बंकर-सभी के विरुद्ध; टैंक के अपेक्षाकृत कमजोर ऊपरी भाग पर प्रहार करने वाला 'टॉप-अटैक' मोड

खगंतक-243 (Khagantak-243)

- **परीक्षण:** 2 सितंबर 2026 को भारतीय वायुसेना ने ड्रॉप परीक्षण किया; वायुसेना के अनुसार परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरे हुए
- **विकासकर्त्ता:** नागपुर की निजी कंपनी JSR Dynamics द्वारा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) के सहयोग से
- **लॉन्च प्लेटफार्म:** इस परीक्षण का प्राथमिक विमान SU-30MKI था। जिसे पोकरण रेंज से संचालित किया गया।
- **श्रेणी:** लगभग 300 किग्रा वर्ग का लंबी दूरी का ग्लाइड बम; Mk-81 वर्ग का विस्फोटक-विखंडन वारहेड
- **मारक दूरी:** लगभग 12,000 मीटर की ऊँचाई से छोड़े जाने पर 140 किमी से अधिक

सैटेलाइट स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन (SAT-SAAW)

- **तिथि:** 23 सितंबर 2026, नई दिल्ली
- **अनुबंध:** रक्षा मंत्रालय और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) के बीच; 160 सैटेलाइट स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन (SAT-SAAW) तथा संबद्ध उपकरणों की खरीद, रु. 811 करोड़ का समझौता।
- **खरीद श्रेणी:** Buy (Indian-IDDM)-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित व निर्मित (60% स्वदेशी सामग्री अनिवार्य की गई है)
- **हथियार:** DRDO द्वारा विकसित हवा-से-सतह पर मार करने वाला सटीक-निर्देशित ग्लाइड बम; शत्रु के हवाई अड्डों, रनवे और बंकरों को लंबी दूरी से निष्क्रिय करने में सक्षम
- **प्रक्षेपण मंच:** जगुआर, हॉक और Su-30MKI
- **आपूर्ति:** 2027-28 और 2028-29 के बीच

AASHVAST (आश्वस्त) प्रयोगशाला

- **पूरा नाम:** Assessment and Analysis of Electronic Systems Hardware for Vulnerabilities and Security Threats
- **उद्घाटन:** 14 अगस्त 2026, सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ द्वारा; विद्युत एवं यांत्रिक अभियंता महानिदेशालय (DG EME) मुख्यालय, दिल्ली छावनी
- **कार्य:** सैन्य ड्रोन के हार्डवेयर व फर्मवेयर की जाँच - छिपे पासवर्ड, एम्बेडेड एन्क्रिप्शन कुंजियाँ, रिमोट-एक्सेस टूल, गुप्त कमांड-पथ और चीनी मूल के अनधिकृत पुर्जों की पहचान; GPS स्पूफिंग/जैमिंग में ड्रोन के व्यवहार का आकलन
- **विशेषता:** पूर्णत: ऑफलाइन, 'एयर-गैप्ड' सुविधा; जाँच केवल-पठन (read-only) होती है
- **प्रयोगशाला QuickPay Tech** ने DG EME के लिए विकसित की है

Springboard Academy

दूरसंचार, डाक एवं प्रसारण

TRAI का 'दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता (तृतीय संशोधन) विनियम, 2026'

- **स्पैम कॉल और संदेश को रोकने के लिए** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 18 सितंबर 2026 को दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम, 2018 में तृतीय संशोधन लागू किया।
- **उद्देश्य:** अवांछित वाणिज्यिक संचार पर अंकुश, उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाना और दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने हेतु विनियामक ढाँचे को और सुदृढ़ करना।
- **पूछताछ-आधारित संचार:** ग्राहक की पूछताछ के बाद प्रेषक केवल 7 दिन तक संदेश भेज सकेगा; पूछताछ लिखित/डिजिटल और सत्यापन-योग्य होनी चाहिए (मुख्यत: ई-कॉमर्स के लिए)।
- **उपभोक्ता अपील तंत्र (पहली बार):** UCC शिकायत के निपटान से असंतुष्ट उपभोक्ता 15 दिन में अपीलीय प्राधिकारी के पास जा सकेगा।
- **शिकायत-सीमा घटी:** पहले 10 दिनों में 5 विशिष्ट (unique) शिकायतों पर कार्रवाई होती थी; अब 3 शिकायतें तथा AI/ML प्रणाली द्वारा संदिग्ध चिह्नित होना पर्याप्त।

TRAI का स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT)

- **परीक्षण:** 1 जुलाई 2026; निष्कर्ष: 22 सितंबर 2026
- **मार्ग:** गांधीधाम से सांतलपुर, NH-27
- **संचालन:** TRAI की निर्धारित एजेंसी; **जयपुर क्षेत्रीय कार्यालय की देखरेख** में
- **उद्देश्य:** 2G/3G/4G/5G नेटवर्क पर वॉयस व डेटा सेवाओं की वास्तविक-समय गुणवत्ता का आकलन; उपभोक्ताओं को जानकारी और ऑपरेटरों को सुधार हेतु संकेत

भारत का पहला एकीकृत दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र (TMZ)

- **स्थान:** ग्वालियर, मध्य प्रदेश
- **स्वरूप:** मोबाइल उपकरण, ऑप्टिकल फाइबर, दूरसंचार उपकरण और 5G/6G प्रौद्योगिकी हेतु विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार का 'प्लग-एंड-प्ले' औद्योगिक क्लस्टर।

देश के 7वें डाक प्रशिक्षण केंद्र की आधारशिला

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 2 सितंबर 2026 को **काकरवाया (शिवपुरी, मध्यप्रदेश)** में देश के सातवें डाक प्रशिक्षण केंद्र (PTC – Postal Training Centre) का भूमि-पूजन किया
- **अब तक छह PTC:** सहारनपुर, वडोदरा, मैसूरु, गुवाहाटी, मदुरै और दरभंगा

सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण

सेमीकॉन इंडिया 2026

- **आयोजन:** 17-19 सितंबर 2026
- **आयोजन स्थल:** यशोभूमि (इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर), द्वारका, नई दिल्ली
- **संस्करण:** पाँचवाँ (पहला संस्करण 2022, बेंगलुरु)
- **थीम:** सिलिकॉन से सिस्टम तक : परितंत्र का निर्माण
- **उद्घाटन:** 17 सितंबर (विश्वकर्मा जयंती) को प्रधानमंत्री द्वारा
- **नोडल मंत्रालय:** इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY – Ministry of Electronics and Information Technology) के अन्तर्गत इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (ISM – India Semiconductor Mission)
- **प्रधानमंत्री ने मोहाली (CDIL सेमीकंडक्टर:** डिस्क्रीट डिवाइस) और सूरत (सुची सेमीकॉन: पैकेजिंग) की वाणिज्यिक उत्पादन लाइनों का वर्चुअल शुभारंभ किया।
- **सूची सेमीकॉन** और **Elnfochips** भारत ने संयुक्त रूप से की **पहली वाणिज्यिक QFN (Quad Flat No-lead)** चिप बनाई है जिसका प्रदर्शन सेमीकॉन इंडिया 5. 0 में किया गया।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना एवं ई-शासन

भाषिणी संगम : नेपाल

- **तिथि:** 1 सितंबर 2026; स्थान: काठमांडू, नेपाल
- **सहयोगी:** काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास और काठमांडू विश्वविद्यालय
- **आधार:** डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन (DIBD) और काठमांडू विश्वविद्यालय के बीच भाषा प्रौद्योगिकी व डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर **समझौता ज्ञापन**
- 'भाषिणी संगम' DIBD की अंतरराष्ट्रीय सहभागिता पहल है।

VYOMA इनोवेशन चैलेंज

- **तिथि:** 16 सितंबर 2026;
- **स्थान:** IIIT-दिल्ली
- **आयोजक:** DIBD (डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन), करंट AI और कल्पा इम्पैक्ट

एजेंटिक AI कौशल पहल

- **तिथि:** 3 सितंबर 2026; इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली।
- **आयोजक:** राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और इंटेल इंडिया।
- **कार्यक्रम:** राष्ट्रीय नेतृत्व संवाद 'एजेंटिक AI युग के लिए भविष्य का कार्यबल तैयार करना'।

EUROPEAN UNION का KIDS Act (प्रस्तावित)

- **आयु-सीमा का ढाँचा:**
  - 13 वर्ष से कम-सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रतिबंध
  - 13-14 वर्ष-माता-पिता द्वारा बनाए व पर्यवेक्षित सीमित 'मिनी अकाउंट'
  - 15 वर्ष से-पूर्ण खाता
- **ऑस्ट्रेलिया** ने दिसंबर 2025 से 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया खातों पर रोक लगाई-ऐसा करने **वाला पहला देश;** ब्रिटेन ने जून 2026 में 16 से कम आयु के लिए प्रतिबंध की घोषणा की

सिक्किम के सरकारी स्कूलों में 'AI-FunZone'

- **साझेदार:** शिक्षा विभाग, सिक्किम सरकार और EkStep Foundation
- **कार्य-पद्धति:** विद्यालय-दिवस में 60 मिनट की AI-FunZone कक्षा; AI बच्चे का पढ़ना सुनकर कठिनाई पहचानता है और अगली गतिविधि उसके स्तर के अनुसार ढालता है; गणित में त्रुटि-विशेष के अनुसार अभ्यास; शिक्षकों के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड

उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) (संशोधन) नियम, 2026

- उपभोक्ता मामले विभाग ने उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 में संशोधन की घोषणा की
- संशोधित नियम **1 जनवरी 2027** से प्रभावी होंगे
- **उद्देश्य :** डिजिटल बाजार में उपभोक्ता संरक्षण और पारदर्शिता बढ़ाना, साथ ही अनुपालन-भार को संतुलित रखना

विधिक मापविज्ञान (भारतीय मानक समय) नियम, 2026

- सरकार ने विधिक मापविज्ञान (भारतीय मानक समय) नियम, 2026 अधिसूचित किए; इनसे भारतीय मानक समय (IST) देश का साझा, कानूनी रूप से मान्य और अनुरेखणीय (traceable) समय-संदर्भ बन गया है जो कि **'एक राष्ट्र एक समय'** की परिकल्पना के अनुरुप है।
- उपभोक्ता मामले विभाग ने 27 अगस्त 2026 को अधिसूचित किया; 29 अगस्त को राजपत्र में प्रकाशन; प्रकाशन के **180 दिन बाद** (अर्थात् फरवरी 2027 के अंतिम सप्ताह से) लागू
- नियम विधिक मापविज्ञान अधिनियम, 2009 के तहत बने; मसौदा नियम 2025 में जारी हुए थे

SARAL AI

- CSIR-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान ने अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के 'SARAL AI' टूल को अपनाकर पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध को आकर्षक और सुलभ वीडियो में बदलने की पहल की है
- **SARAL:** Simplified And Automated Research Amplification and Learning_ ANRF के मार्गदर्शन में IIIT हैदराबाद द्वारा विकसित जनरेटिव-AI प्लेटफॉर्म है।

अनुसंधान एवं नवाचार परितंत्र

'बायो-निवेश'

- डॉ. जितेंद्र सिंह ने **स्टार्टअप्स और निवेशकों** के साथ **संयुक्त गोलमेज बैठक** में 'बायो-निवेश' मंच का शुभारंभ किया।
- **स्वरूप:** जैव-प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद की पहल पर बना रणनीतिक, दो-तरफा मंच, ताकि होनहार बायोटेक नवोन्मेषकों तक निजी पूंजी शीघ्र पहुँचे
- **पहला संस्करण:** 20 उच्च-संभावना वाले बायोटेक/डीप-टेक स्टार्टअप (नवाचार, विकास-चरण, बाजार-संभावना और विनियामक तैयारी के आधार पर चयनित) तथा लगभग 50 निवेशकों का चुनिंदा समूह
- **'पाँच वर्ष में पाँच बड़ी कंपनियाँ':** कुछ बड़ी एंकर कंपनियाँ खड़ी करने का सुझाव, जिनकी छत्रछाया में अन्य स्टार्टअप पनप सकें

Springboard ACADEMY

'उभरता विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार कॉन्क्लेव' (ESTIC) 2026

- **अवधि:** 27-29 अक्टुबर, 2026 (प्रस्तावित)
- **आयोजन स्थान:** भारत मंडपम (नई दिल्ली)
- **उद्घाटन:** 27 अक्टूबर को प्रधानमंत्री द्वारा (प्रस्तावित)
- **थीम:** 'सृजनात्मक मन, उत्प्रेरित होता विज्ञान, सशक्त बनती प्रौद्योगिकियाँ'
- **नोबेल विजेता:** प्रो. जोआखिम फ्रैंक, सर रिचर्ड जे. रॉबर्ट्स और प्रो. कोस्त्या (कॉन्स्टेंटिन) नोवोसेलोव की उपस्थिति प्रस्तावित।
- **आयोजन:** प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के मार्गदर्शन में CSIR; नोडल प्रयोगशाला CSIR-NIIST, तिरुवनंतपुरम; 13 मंत्रालय सहभागी
- **12 विषयगत क्षेत्र:** उन्नत विनिर्माण, ऊर्जा, सिंथेटिक बायोलॉजी, महासागर-समुद्री तकनीक, क्वांटम संचार, सेमीकंडक्टर, एग्री-टेक, जनरेटिव व स्वायत्त AI, रोबोटिक्स, उन्नत स्वास्थ्य-सेवा, इमर्सिव तकनीक और अंतरिक्ष विज्ञान
- **पहला संस्करण:** 3-5 नवंबर 2025, भारत मंडपम; इसी में प्रधानमंत्री ने रु. 1 लाख करोड़ की RDI योजना का शुभारंभ किया था

पदार्थ विज्ञान, क्वांटम एवं मूलभूत अनुसंधान

पेप्टाइड से बनी 'पीजोइलेक्ट्रिक' जैव-सामग्री

- DST (जैव प्रौद्योगिकी विभाग) के स्वायत्त संस्थान सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज, बेंगलुरु ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, कोलकाता और जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलुरु के साथ मिलकर पेप्टाइड से अत्यधिक प्रभावी पीजोइलेक्ट्रिक जैव-सामग्री बनाने की सरल रणनीति खोजी।
- **खोज:** जल में पेप्टाइड नैनोफाइबर सामान्यत: नगण्य पीजोइलेक्ट्रिक प्रतिक्रिया देते हैं; केवल 1% उपयुक्त सह-विलायक (co-solvent) मिलाने से उनकी सुपरमॉलिक्यूलर संरचना सुव्यवस्थित और गैर-केंद्रसममित हो जाती है।
- **महत्व:** सीसा-आधारित जैसे विषाक्त व कठोर पदार्थों के स्थान पर जैव-अनुकूल और जैव-निम्नीकरणीय विकल्प; स्व-ऊर्जित पेसमेकर व प्रत्यारोपण योग्य चिकित्सा उपकरण संभव।

माइक्रोजेल्स

- रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (RRI) बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने सितंबर 2026 के अध्ययन में दिखाया कि घने रूप से संकुलित माइक्रोजेल्स जैसे **'सॉफ्ट ग्लास-सदृश पदार्थों'** को संक्षिप्त तापीय झटके देकर उनकी आंतरिक तापीय स्मृति मिटाई जा सकती है और उन्हें नियंत्रित रूप से पुनर्गठित किया जा सकता है।

3-D प्रिंटेड रोगी-विशिष्ट बोन ग्राफ्ट के व्यावसायीकरण हेतु वित्तीय सहायता

- Technology Development Board (TDB) ने 9 सितंबर 2026 को पालघर (महाराष्ट्र) स्थित **मेसर्स सेरामैट प्रा. लि.** को कैल्शियम फॉस्फेट आधारित मानक और **रोगी-विशिष्ट बोन ग्राफ्ट 3-D प्रिंटिंग** से बनाने की परियोजना हेतु वित्तीय सहायता दी

फाउंडेशन फॉर क्वांटम कंप्यूटिंग इनोवेशन (FQCI)

- **स्वरूप:** राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के अंतर्गत IISc बेंगलुरु (क्वांटम कंप्यूटिंग का थीमैटिक हब) द्वारा स्थापित गैर-लाभकारी कंपनी
- **लक्ष्य:** स्वदेशी क्वांटम प्रोसेसर का विकास-3 वर्ष में 20-50 भौतिक क्यूबिट, 5 वर्ष में 50-100 और 8 वर्ष में 50-1,000 क्यूबिट के मध्यम-स्तरीय क्वांटम कंप्यूटर
- **नेटवर्क:** देश के 21 संस्थान (IIT दिल्ली, IIT बॉम्बे, IIT मद्रास, TIFR, IISER आदि) और 52 शोधकर्ता

हरित अवसंरचना एवं निर्माण प्रौद्योगिकी

स्टील स्लैग सड़क का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

- छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में बनी 1.85 किमी लंबी (चार-लेन, कुल 7.4 लेन-किमी) सड़क को **'प्रसंस्कृत स्टील स्लैग** एग्रीगेट से बनी **विश्व की सबसे लंबी सड़क'** का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त हुआ।
- यह उपलब्धि CSIR-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और **जिंदल स्टील लिमिटेड** ने संयुक्त रूप से हासिल की; घोषणा केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने की।

महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **INS कुलिश** 12 सितंबर 2026 को रीम (कंबोडिया) पहुँचा और 20 सितंबर 2026 को **INS सह्याद्रि** के साथ **सुबिक खाड़ी (फिलीपींस)** में आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (ADMM-Plus – ASEAN Defence Ministers Meeting-Plus) संयुक्त सहयोग गतिविधि के लिए पहुँचा
- **INS त्रिशूल मिस्र के अलेक्जेंड्रिया बंदरगाह पर पहुँचा और ENS बर्नीस के साथ PASSEX (Passage Eñercise) में भाग लिया। (14–17 सितंबर 2026)**
- भारत-मोरक्को संयुक्त रक्षा समिति की **पहली** बैठक, **नई दिल्ली** में 8 सितम्बर, 2026 को आयोजित की गई।
- 21 सितंबर 2026 को रक्षा मंत्रालय ने **एक्यूरेट इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्रा. लि.** के साथ रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में अनुबंध किया, जिसमें **T-72 व T-90** टैंकों के लिए **सहायक विद्युत इकाइयों** की खरीद का प्रावधान है-
  - T-90 'भीष्म' और T-72 'अजेय': भारतीय सेना के मुख्य युद्धक टैंक
- 15 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में **'वार्ता से विकास'** थीम पर **'विमर्श 2026'** DRDO-उद्योग सहयोग बैठक हुई।
- **भारतीय वायुसेना (IAF) के प्रदर्शन दल:**सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम का मेरठ में पहला एयर शो (19–20 सितंबर 2026) हुआ। और 'सारंग' हेलीकॉप्टर टीम मिस्र के **अल अलामीन अंतरराष्ट्रीय एयरशो** (8–10 सितंबर, दूसरा संस्करण) में भाग लिया।
- 20 बालिका कैडेटों ने स्पीति (हिमाचल) को चांगथांग (लद्दाख) से जोड़ने वाला परांग ला (5,578 मी) दर्रा पार किया जिसे राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) का **'अपराजिता-परांग ला 2026'** नाम दिया गया।
- 8 सितंबर 2026 को **दूरसंचार विभाग** ने बताया कि उसका **वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (FRI – Financial Fraud Risk Indicator)** 22 मई 2025 को लॉन्च होने के बाद पंद्रह महीनों में रु. 5,000 करोड़ से अधिक की संदिग्ध धोखाधड़ी रोकने में सहायक रहा।
- **ओपनएआई का फ्रंटियर AI मॉडल 'GPT-6 एस्ट्रा' लॉन्च।**
- **रमन अनुसंधान संस्थान** (RRI – Raman Research Institute), बेंगलुरु, **कैलगरी विश्वविद्यालय** और **लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी** के वैज्ञानिकों ने दिखाया कि सटीक समय पर किया गया एक **'फ्लिप'** ऑपरेशन **क्वांटम एंटैंगलमेंट** को लंबे समय तक बचा सकता है, वह भी हार्डवेयर बदले बिना, अध्ययन आंशिक रूप से राष्ट्रीय क्वांटम मिशन से वित्तपोषित था
- DST के स्वायत्त संस्थान पाउडर धातुकर्म एवं नई सामग्री हेतु अंतरराष्ट्रीय उन्नत अनुसंधान केंद्र (ARCI – International Advanced Research Centre for Powder Metallurgy and New Materials), हैदराबाद ने **टाइटेनियम मिश्रधातु** और **जिरकोनिया** को एक ही संरचना में जोड़कर ऐसा डेंटल इम्प्लांट विकसित किया है जो शल्य-प्रक्रिया की जटिलता घटाता है।
- सेंटर फॉर नैनो एंड सॉफ्ट मैटर साइंसेज **(CeNS)**, **बेंगलुरु** के शोधकर्ताओं ने प्राकृतिक अमीनो अम्ल **एस्पार्टिक एसिड** को प्रकाश-अवशोषी कार्बनिक अणु **पेरिलीन डाइइमाइड** से जोड़कर **सौर ऊर्जा से हाइड्रोजन बनाने का बेहतर,** पूर्णत: धातु-मुक्त मार्ग विकसित किया।
- JNCASR, बेंगलुरु के शोधकर्ताओं ने **कॉपर चाल्कोजेनाइड** में असामान्य, तरंग-सदृश ऊष्मा-परिवहन खोजा, जिससे अत्यंत कम तापीय चालकता और उच्च ताप-विद्युत दक्षता प्राप्त होती है।
- **CSIR-CRRI, ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स (OSEPL)** और **ओम्स पॉलिमर मॉडिफाइड बिटुमेन (ओम्स इंडिया)** ने राष्ट्रीय **राजमार्ग-716** (चेन्नई-तिरुपति, पैकेज-I) पर डेंस बिटुमिनस मैकेडम परत में **60% रीक्लेम्ड एस्फाल्ट** पेवमेंट का सफल क्षेत्र-स्तरीय प्रदर्शन किया।
- वस्त्र मंत्रालय ने भारत के 'गोल्डन फाइबर' (जूट) के तकनीकी विविधीकरण के अंतर्गत **जूट जियोटेक्सटाइल** की भूमिका पर प्रकाश डाला गया जो कि हरित तकनीकी वस्त्र का उदाहरण है।
- 14–18 सितंबर 2026 (पाँच दिवसीय) को विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में **बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र** ने **बेंगलुरु** में हाइब्रिड मोड में **'विद्युत क्षेत्र की नई एवं उभरती प्रौद्योगिकियाँ'** विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया, BEC ने 1 अप्रैल 2025 से बेंगलुरु में कार्य शुरू किया।

- 8 सितंबर 2026 को केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, **विदिशा में कैंसर डे-केयर केंद्र** का उद्घाटन किया, **सहयोगी संस्थाः** टाटा मेमोरियल सेंटर , परमाणु ऊर्जा विभाग।
- डॉ. जितेंद्र सिंह ने **नई दिल्ली** स्थित Biotechnology Research and Innovation Council (BRIC)-राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान में **'स्पीडसीड फेनोटाइपिंग एवं संसाधन अनुकूलन हेतु एकीकृत लक्षण विश्लेषण' (S-P-R-O-U-T-)** सुविधा का उद्घाटन किया।
- **प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के छह वर्ष पूरे होने के संदर्भ में उन्नत मत्स्यपालन प्रौद्योगिकियों की चर्चा हुई,** पुनः परिसंचरण जलकृषि प्रणाली और बायोफ्लॉक प्रमुख है।
- **9-12 सितंबर 2026** को नौसेना कमान, **विशाखापत्तनम** में **कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव** का तीन दिवसीय **टेबल-टॉप** अभ्यास आयोजित हुआ जिसका फोकस समुद्री आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी तथा अवैध, असूचित एवं अनियमित मत्स्यन की रोकथाम
- ONGC एनर्जी सेंटर ने **जुलाई 2026** में लद्दाख के चांगथांग क्षेत्र की **पूगा घाटी** में 14,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर लगभग 1,000 मीटर गहरे **देश के पहले दो भूतापीय कुओं** की कमीशनिंग की।
- भारत सरकार के **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी)** के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) द्वारा अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआइ) कोष के अंतर्गत **200 करोड़ रुपये** की वित्तीय सहायता के लिए चेन्नई, तमिलनाडु स्थित **मेसर्स अग्निकुल कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे **स्वदेशी और पुनः उपयोग योग्य अंतरिक्ष परिवहन प्रणालियों** की एक नई पीढ़ी के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।
- चीन ने 45 घंटों में तीन उपग्रह प्रक्षेपण स्थलों से 4 रॉकेट लॉन्च करने का रिकॉर्ड बनाया।
- रूस का मालवाहक उपग्रह यान **'progress 96'** अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (ISS) पहुँचा।
- चन्द्रमा का सबसे पुराना ज्ञात प्रभाव बेसिन **'ऑस्ट्राले बेसिन'** की चन्द्रयान-1 ने खोज की।
- **MG हेक्टर टॉमहॉक PHEV (Plug-in Hybrid Electric Vehicle):** भारत की पहली मुख्यधारा प्लग इन हाइब्रिड SUV।
- **रूस : RS-24** 'यार्स' अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) का परीक्षण
- **स्वदेशी बहु-गैस संवेदक मंच के विकास** के लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के अन्तर्गत RDI निधि के तहत् महाराष्ट्र के नागपुर स्थित **मैसर्स मल्टी नैनो सेंस टेक्नोलॉजिज प्रा. लि.** के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए है।
- वर्ष 2026 का **अर्द्धवार्षिक (दूसरा)** नौसेना कमांडर सम्मेलन नौसेना भवन, नई दिल्ली में 29 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया गया।
- **एयर वाइस मार्शल शक्ति शर्माः** रक्षा सेवाओं में दो-सितारा रैंक पाने वाली पहली महिला (गैर-चिकित्सा) अधिकारी 1 सितंबर 2026 को उन्होंने असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (शिक्षा) का पदभार संभाला।
- **आहुति Mk II:** भारत का सबसे तेज मल्टीरोटर UAV (498 किमी/घंटा की प्रमाणित अधिकतम गति) है। जिसका **विकासकर्ता Apollyon Dynamics – BITS पिलानी हैदराबाद परिसर** में इनक्यूबेटेड स्टार्टअप है।

Springboard Academy

05 खेल–समसामयिकी

तेनजिंग नॉर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2024

- ये पुरस्कार साहसिक गतिविधियों के क्षेत्र में व्यक्तियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देते हैं तथा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में **'धैर्य, जोखिम उठाने, टीम भावना और त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता'** की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदान किए जाते हैं।

नाम	श्रेणी
बलजीत कौर	लैंड एडवेंचर
स्कालजांग रिगजिन	लैंड एडवेंचर
रिमो साहा	वाटर एडवेंचर
शिव प्रसाद चमोली	लाइफटाइम अचीवमेंट

- पुरस्कार विजेताओं को **'राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025'** के साथ **''राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति द्वारा तेनजिंग नॉर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार''** प्रदान किए जाएंगे।
- प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक **'प्रतिमा, प्रमाण–पत्र तथा 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि'** प्रदान की जाएगी।

चाइना मास्टर्स 2026

- **आयोजन :** शेनझेन, चीन

इवेंट	विजेता	उप–विजेता
पुरुष सिंगल्स	• जेसन गुनावान (हांगकांग)	• ली चेउक यिउ (हांगकांग)
महिला सिंगल्स	• एन से–यंग (दक्षिण कोरिया)	• तोमोका मियाजाकी (जापान)
पुरुष डबल्स	• सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी • चिराग शेट्टी (भारत)	• हे जिटिंग • रेन जियानग्यु (चीन)
महिला डबल्स	• सुमिरे नकाडे • मियू ताकाहाशी (जापान)	• बाओ लिजिंग • काओ जिहान (चीन)
मिक्स्ड डबल्स	• फेंग यान्झे • हुआंग डोंगपिंग (चीन)	• हू पैंग रॉन • लाई पेई जिंग (मलेशिया)

- **सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी–चिराग शेट्टी** चीन मास्टर्स पुरुष युगल खिताब जीतने वाली प्रथम भारतीय जोड़ी बनी।

ITF पुरुष विश्व टूर M15–2026

- **स्थान:** बाली, इंडोनेशिया

विजेता	करण सिंह–भारत
उपविजेता	आइजैक बेक्रॉफ्ट–न्यूजीलैंड

विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज स्टेज 3–2026

- **आयोजन:** साबरमती रिवरफ्रंट, अहमदाबाद, गुजरात में 5–9 सितंबर तक आयोजित।
- प्रथम बार भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के एक चरण की मेजबानी की।
- **पदक तालिका में भारत ने कुल** 15 पदक (4 स्वर्ण, 3 रजत, 8 कांस्य) जीतकर द्वितीय स्थान हासिल किया।
  - **स्वर्ण पदक विजेताओं के नाम–**

इवेंट	एथलीट
महिलाओं का कंपाउंड व्यक्तिगत	शीतल देवी
पुरुषों का कंपाउंड डबल्स	टोमन कुमार एवं श्याम सुंदर स्वामी (राजस्थान)
पुरुषों का रिकर्व डबल्स	हरविंदर सिंह और विजय सुंडी
रिकर्व मिक्स्ड टीम	भावना एवं हरविंदर सिंह

  - **रजत पदक विजेताओं के नाम–**

इवेंट (स्पर्धा)	एथलीट
महिला रिकर्व युगल	भावना एवं पूजा
W1 मिश्रित टीम	स्वाति चौधरी एवं आदिल मोहम्मद नजीर अंसारी
दृष्टिबाधित	तन्वी प्रवीण इंगले

- **विशेष तथ्यात्मक जानकारी–**
  - शीतल देवी ने अपना पहला व्यक्तिगत वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज खिताब जीता (144–144 के स्कोर के बाद शूट–ऑफ में कजाकिस्तान की ऐजादा सीडान को पराजित किया)।
  - शीतल देवी एवं राकेश कुमार ने क्वालीफिकेशन में 1400 अंक के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

♦ धन्ना राम गोदारा, राजस्थान-पैरा रिकर्व पुरुष वर्ग में प्रतिस्पर्धा की। '(कोई पदक नहीं जीता।)'

6वें विश्व नोमेडिक खेल 2026

- **आयोजनः** किर्गिस्तान (बिश्केक एवं चोलपोन-अता)
- **उद्घाटन समारोहः** 31 अगस्त 2026 (बिश्केक एरीना)- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें भाग लिया।
- **विशेष तथ्यात्मक जानकारी**–
  - ♦ 43 पारंपरिक खेलों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें कोक-बोरू, विभिन्न कुश्ती शैलियाँ, घुड़सवारी स्पर्धाएँ, रस्साकशी, बौद्धिक खेल आदि शामिल थे।
  - ♦ यह खानाबदोशों के पारंपरिक खेलों पर केंद्रित पहला प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल आयोजन था।
- **पदक तालिका**

स्थान	देश	कुल पदक
1	कजाकिस्तान	74
2	किर्गिस्तान	77
3	रूस	33

- **भागीदारी**–भारत ने 87 सदस्यीय दल भेजा, जिसमें खिलाड़ी और सांस्कृतिक प्रतिनिधि शामिल थे। नागालैंड की टीम ने **'क्लासिक टग ऑफ वॉर'** में भारत का प्रतिनिधित्व किया और **'6वाँ स्थान'** हासिल किया। यह खेलों में इस स्पर्धा में भारत की **'पहली भागीदारी'** थी।

महिला टी20 एशिया कप 2026

- **मेजबानः** यूएई-दुबई (28 अगस्त-13 सितंबर)
- **विजेताः** भारत-कुल 8वाँ खिताब
- **उप-विजेताः** श्रीलंका टीम
- **फाइनलः** दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम
  - ♦ **भारतः** 183/5-शेफाली वर्मा 68 रन
  - ♦ **श्रीलंकाः** 111 रन पर ऑल आउट
  - ♦ इस मैच में शेफाली वर्मा ने महिला एशिया कप इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक बनाया (24 गेंदों में)।

AHF जूनियर एशिया कप 2026

- **आयोजनः** मोकी, चीन (4-13 सितंबर)
- भारत ने स्वर्णिम डबल पूरा किया।

पुरुष जूनियर एशिया कप

- **विजेताः** भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से पराजित किया।
- **प्रमुख गोल स्कोररः**
  - ♦ अजीत यादव, अनमोल एक्का (कप्तान)
  - ♦ प्रभदीप सिंह, आशु मौर्य
- **विशेष तथ्यात्मक जानकारी**–
  - ♦ भारत का कुल 6वाँ खिताब (रिकॉर्ड)।
  - ♦ लगातार चौथा खिताब एवं FIH जूनियर विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई किया।

महिला जूनियर एशिया कप

- **विजेताः** भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से पराजित किया जिसमें गोल स्कोर सानिका चंद्रकांत माने रही।
  - ♦ भारत का **'लगातार तीसरा खिताब (हैट्रिक)'**
  - ♦ FIH जूनियर विश्व कप 2027 के लिए क्वालीफाई किया एवं भारत पूरे टूर्नामेंट में **'अपराजित'** रहा।

BRICS नई दिल्ली घोषणा 2026-खेल पहल

- **BRICS नई दिल्ली घोषणा ने भारत के दो प्रमुख खेल प्रस्तावों का समर्थन कियाः**
  1. खेल प्रौद्योगिकी पर कार्य समूह (<u>Working Group on Sports Technology</u>) का गठन।
  2. खेल सामग्री विनिर्माण सम्मेलन (<u>Sports Goods Manufacturing Conclave</u>) का आयोजन।

यूएस ओपन 2026

- **आयोजनः** USTA बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर, न्यूयॉर्क में 30 अगस्त-13 सितंबर तक।
- **थीमः** 'सेलिब्रेटिंग आवर न्यूयॉर्क स्टोरी'

श्रेणी	विजेता	उप-विजेता
पुरुष एकल	• अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)	• बेनशेल्टन (USA)
महिला एकल	• एलेना रिबाकिना (कजाकिस्तान)	• आर्यना सबालेंका (बेलारूस)
पुरुष युगल	• क्रिश्चियन हैरिसन नील स्कूप्स्की	• केविन क्राविट्ज • टिम पुट्ज
महिला युगल	• कैटरीना सिनियाकोवा • टेलर टाउनसेंड	• ऐशलीन क्रूगर • रॉबिन मोंटगोमरी
मिश्रित युगल	• करोलिना मुचोवा याकुब मेन्सिक	• बेलिंडा बेनसिच • फ्लावियो कोबोली

ATP चैलेंजर टूर-स्पोर्ट फेस्टिवल चैलेंजर 2026

- **आयोजन:** फान थियेट, वियतनाम
- **पुरुष युगल फाइनल परिणाम**
  - **विजेता:** एस.डी. प्रज्वल देव (भारत) एवं कॉन्स्टेंटिन बिट्टून कूजमाइन (फ्रांस)
  - **उप-विजेता:** यामातो सुएओका एवं नाओकी ताजिमा (जापान)

जापान पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026

- **आयोजन:** टोक्यो, जापान
- **भारत:** 9 पदक (2 स्वर्ण, 2 रजत, 5 कांस्य)

पदक	''खिलाड़ी''	इवेंट
स्वर्ण	प्रमोद भगत	पुरुष सिंगल्स SL3
स्वर्ण	चिराग बरेठा एवं वेई मिंग ताई (सिंगापुर)	पुरुष डबल्स SU5
रजत	प्रमोद भगत एवं सुकांत कदम	पुरुष डबल्स SL3-SU5
रजत	सुकांत कदम	पुरुष सिंगल्स SL4

हुंडई तीरंदाजी विश्व कप फाइनल 2026

- **आयोजन:** साल्टिलो, मेक्सिको में 12-13 सितम्बर तक।
- **पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत**
  - **विजेता:** धीरज बोम्मादेवरा (भारत)
  - **उप-विजेता:** नाकानिशी जुन्या (जापान)
- धीरज बोम्मादेवरा विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाले **'प्रथम भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज'** बने।

वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप 2026-बुडापेस्ट

- **संस्करण:** प्रथम
- **आयोजन:** नेशनल एथलेटिक्स सेंटर, बुडापेस्ट, हंगरी
- **आयोजक:** वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा।
- **स्पर्धाएँ:** कुल 28 फाइनल-13 पुरुष व्यक्तिगत + 13 महिला व्यक्तिगत स्पर्धाएँ + 2 मिश्रित रिले।
- **प्रमुख विशेषताएँ**
  - कुल **'28 अल्टीमेट चैंपियन'** बने।
  - कुल **'65 महासंघों के 352 एथलीटों'** ने प्रतियोगिता में भाग लिया।
  - चैंपियनशिप में रिकॉर्ड **'1 करोड़ अमेरिकी डॉलर (US$10 मिलियन)'** की पुरस्कार राशि थी, जो एथलेटिक्स में अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है।
- प्रत्येक व्यक्तिगत स्पर्धा के विजेता को **'1,50,000 अमेरिकी डॉलर'** मिले।
- पारंपरिक चैंपियनशिप के विपरीत, इसमें **'स्वर्ण/रजत/कांस्य पदक प्रदान नहीं किए गए'**; विजेताओं को विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफी प्रदान की गई।

भारत से संबंध

- भारत उन **'18 देशों'** में शामिल नहीं था, जिनके एथलीटों ने अल्टीमेट चैंपियन का खिताब जीता।
- इसके बावजूद, यह प्रतियोगिता भारत के शीर्ष एथलीटों के लिए महत्त्वपूर्ण थी, क्योंकि अल्टीमेट चैंपियनशिप को **'निमंत्रण-आधारित वैश्विक प्रतियोगिता'** के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया के प्रमुख एथलीटों को एक साथ लाया गया।

2026 WSPS विश्व चैंपियनशिप

- **आयोजन:** चांगवोन इंटरनेशनल शूटिंग रेंज, चांगवोन, दक्षिण कोरिया में 7-16 सितम्बर तक।
- भारत ने कुल 6 पदक जीते, जिसमें 1 स्वर्ण, 2 रजत, 3 कांस्य पदक शामिल है।
- यह चैम्पियनशिप लॉस एंजिल्स 2028 पैरालम्पिक खेलो के लिए आधिकारिक कोटा आवंटन प्रतियोगिता थी।
- पदक तालिका में शीर्ष मेजबान दक्षिण कोरिया ने कुल 21 पदको के साथ टॉप किया।

पदक	इवेंट	खिलाड़ी
स्वर्ण	महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 (टीम) – R2	मिली शाह, मोना अग्रवाल, अवनि लेखरा
रजत	पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 (टीम) – R1	राकेश निदागुंडी, आनंद कृष्णा, स्वरूप उन्हालकर
रजत	महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 (व्यक्तिगत) – R2	मोना अग्रवाल (LA 2028 कोटा भी हासिल किया)
कांस्य	महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 (व्यक्तिगत) – R2	अवनि लेखरा
कांस्य	महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 (व्यक्तिगत) – P2	भक्ति शर्मा

Springboard ACADEMY

- **17 सदस्यीय भारतीय टीम में चयनित राजस्थान के खिलाड़ी:-**
  - **अवनी लेखरा (जयपुर)**-दो बार की पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता (AR-2 एवं AR-8 स्पर्धाएँ)
  - **मोना अग्रवाल**-पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता (महिला राइफल)
  - **रुद्रांश खंडेलवाल (भरतपुर)**-अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता (P-1, P-4, P-5 स्पर्धाएँ)

भारतीय एथलेटिक्स फाइनल सीरीज 2026

- **आयोजन:** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली
- **आयोजक:** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) एवं दिल्ली एथलेटिक्स द्वारा।
- **स्पर्धाएँ:** एक ही शाम के सत्र में 30 फाइनल
- **राष्ट्रीय रिकॉर्ड**
  - **तान्या चौधरी-महिला हैमर थ्रो:** 68.35 मीटर, सरिता सिंह (2017) द्वारा बनाए गए 65.25 मीटर के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा।
  - **निर्भय चौधरी-पुरुष हैमर थ्रो:** 71.02 मीटर, 2016 में नीरज कुमार द्वारा बनाए गए 70.73 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। वे ''कानूनी रूप से 71 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले पहले भारतीय'' बने।

दलीप ट्रॉफी 2026

- **फाइनल आयोजन:** एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई
- **परिणाम:** पहली पारी की बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन विजेता रहा (मैच ड्रॉ रहा)
- **फाइनल स्कोर**

टीम	1st Innings – ''पहली पारी''	2nd Innings – ''दूसरी पारी''
ईस्ट जोन	708	388/7 घोषित (पारी घोषित)
दक्षिणी क्षेत्र	336	–

- **ईशान किशन (ईस्ट जोन के कप्तान):** 270 और 80 रन (मैच में कुल 350 रन-दलीप ट्रॉफी के एक मैच में सर्वाधिक रन)। **प्लेयर ऑफ द मैच।**

21वीं राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** गुरु नानक स्टेडियम, लुधियाना
- **आयोजक:** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया।
- **राजस्थान का परिणाम:**
  - साहिल (बालक)-1000 मीटर में **स्वर्ण पदक**, 2:25.25 के नए मीट रिकॉर्ड के साथ।
  - दीपिका (बालिका)-1000 मीटर में **कांस्य पदक**।

नॉर्थ जोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** OASES शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर, राजस्थान
- **अवधि:** 2-9 सितंबर 2026 तक।
- **खेल:** शॉटगन शूटिंग-ट्रैप एवं स्कीट
- **राजस्थान का परिणाम:**

श्रेणी	''एथलीट (Athlete)	''पदक''
सीनियर मास्टर पुरुष	अजय सिन्हा	स्वर्ण
मास्टर पुरुष	केसरी सिंह भाटी	स्वर्ण
मास्टर पुरुष	इमरान फारूकी	रजत
मास्टर पुरुष	अजय सिंह राठौड़	कांस्य
पुरुष	सिद्धार्थ घुरावल	स्वर्ण
पुरुष	जयव्रत सिंह राणावत	रजत
पुरुष	अमन बराड़	कांस्य
जूनियर पुरुष	देव सिंह	स्वर्ण
यूथ पुरुष	युगंधर शेखावत	रजत
यूथ पुरुष	बिलाल मोहम्मद	कांस्य
यूथ पुरुष	लोकेन्द्र सिंह	कांस्य
महिला	अंकिता	स्वर्ण
महिला	तेजस्वी परमार सोढ़ा	रजत
यूथ महिला	तेजस्वी परमार सोढ़ा	स्वर्ण

डबल ट्रैप स्पर्धा

''श्रेणी Category	एथलीट	स्वर्ण
पुरुष	रवि पूनिया	रजत
पुरुष	गौरव सिकलीगर	कांस्य
पुरुष	राघवेंद्र सिंह	रजत
जूनियर पुरुष	दिव्यादित्य सिंह	कांस्य
जूनियर पुरुष	राघवेंद्र सिंह	रजत
युवा पुरुष	राघवेंद्र सिंह	स्वर्ण

स्कीट स्पर्धा

श्रेणी Category	खिलाड़ी (Athlete)	स्वर्ण
युवा महिलाएँ	शिवांगी राठौड़	स्वर्ण
महिलाएँ	शिवांगी राठौड़	रजत
महिलाएँ	अविकेश्वरी राठौड़	कांस्य
महिलाएँ	जान्हवी सोनी	स्वर्ण

नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 (जयपुर)

श्रेणी	विजेता	परिणाम
अंडर–19 बालिका एकल	स्नेहा लांबा (राजस्थान)	स्वर्ण
अंडर–19 मिश्रित युगल	भानु प्रताप सिंह एवं काव्या स्वामी (राजस्थान)	स्वर्ण (हरियाणा को हराकर)

स्पोर्ट्स जीनोमिक्स कार्यक्रम

- गुजरात भारत का प्रथम राज्य बन गया है। जिसने **स्पोर्ट्स जीनोमिक्स कार्यक्रम** शुरू किया है।
- इस कार्यक्रम के तहत खिलाड़ियों का **DNA डेटाबेस** तैयार किया जाएगा। लगभग **24 खेलों** को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है।
- **उद्देश्य:** DNA प्रोफाइलिंग के माध्यम से प्रतिभा की पहचान करना है।

हैंडबॉल: पूजा राठौड़ (जोधपुर)

- **उपलब्धि:** 'भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय महिला हैंडबॉल रेफरी' बनीं। उन्हें स्पेन में आयोजित होने वाली 'चौथी विश्व व्हीलचेयर हैंडबॉल चैंपियनशिप' (16-20 सितंबर) के लिए रेफरी नियुक्त किया गया है।
  - पूर्व में भी **राष्ट्रीय स्तर की रेफरी, कोच और शारीरिक शिक्षा शिक्षिका** हैं।
  - यह पहली बार है जब किसी भारतीय महिला को IHF (अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल महासंघ) बैज प्राप्त हुआ है।

महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- भारत ने ताशकंद में बांग्लादेश को 3–0 से हराकर 20 वर्षों बाद AFC U20 एशियन कप के लिए क्वालीफाई किया; इससे पहले भारत ने 2006 में इसमें भाग लिया था।
- सब-जूनियर राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप (फाइनल) में **जयपुर ने हनुमानगढ़ को 4–3** से (पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से) हराया।
- **जूनियर बॉयज फुटबॉल चैंपियनशिप** के सेमीफाइनल में राजस्थान, **अरुणाचल प्रदेश से 1–3** से हार गया।
- पुणे वर्ष 2032 में UCI रोड विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इसके साथ ही पुणे साइकिलिंग की प्रतिष्ठित वैश्विक रोड चैंपियनशिप'' आयोजित करने वाला भारत का पहला शहर बन जाएगा।
- 11 वर्षीय भारतीय मूल की बोधना सिवानंदन (इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए) समरकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित 46वें शतरंज ओलंपियाड'' में इतिहास की ''सबसे कम उम्र की महिला ग्रैंडमास्टर बनीं।
- **एशियन गेम्स बॉक्सिंग:** दिनेश बुजवासी (अजमेर) को **एशियन गेम्स 2026** के लिए भारतीय बॉक्सिंग टीम का **कोच** चुना गया।
- **कबड्डी:** जयपुर के तेजस्वी को IKF (इंटरनेशनल कबड्डी फेडरेशन) का **महासचिव** चुना गया।

06 महत्त्वपूर्ण–दिवस

ग्लोबल दिवस

दिन	दिवस	विवरण
2 सितंबर	विश्व नारियल दिवस	• **थीमः** अनिश्चितता के समय में नारियलः खाद्य, ऊर्जा और आजीविका की सुरक्षा
6 सितंबर	अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस	• भारत में MoEFCC ने इसे पंचकूला, हरियाणा में मनाया, जहाँ एशिया का पहला गिद्ध प्रजनन सुविधा केन्द्र है।
7 सितंबर	नीले आकाश के लिए स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस''	• **थीमः** जलवायु कार्रवाई के लिए स्वच्छ वायु • संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 2019 में 7 सितंबर को नामित किया; पहली बार 2020 में मनाया गया।
8 सितंबर	अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस	• **थीम** : लोगों, पृथ्वी और समृद्धि के लिए साक्षरता • यूनेस्को द्वारा 1967 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है; 2026 में इसकी 60वीं वर्षगांठ है।
10 सितंबर	विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस''	• **थीम** : आत्महत्या के बारे में दृष्टिकोण में बदलाव
15 सितंबर	अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस''	• **थीम** : जब हर आवाज मायने रखती है, तो लोकतंत्र परिणाम देता है • संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के प्रस्ताव द्वारा स्थापित।
16 सितंबर	विश्व ओजोन दिवस	• **थीम** : एक ठंडे ग्रह के लिए वैश्विक कार्रवाई • मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल, 1987 पर हस्ताक्षर किए जाने की स्मृति में मनाया जाता है।
17 सितंबर	विश्व रोगी सुरक्षा दिवस	• **थीम** : "गैर–संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल"। भारत में राष्ट्रीय रोगी सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई।
18 सितंबर	विश्व बाँस दिवस	• **थीम** : सीमाओं से परे बाँस
21 सितंबर	अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस	• **थीम** : शांति में निवेश करें–सभी के लिए, हर जगह, हर दिन
22 सितंबर	विश्व राइनो (गैंडा) दिवस	• **थीम** : **"पाँचों को जीवित रखें"**
23 सितंबर	सितंबर विषुव (Equinox)	• दिन और रात की लंबाई बराबर होती है क्योंकि सूरज ठीक भूमध्य रेखा के ऊपर होता है। • उत्तरी गोलार्ध में पतझड़ और दक्षिणी गोलार्ध में वसंत ऋतु की शुरुआत होती है।
27 सितंबर	विश्व पर्यटन दिवस	• **थीम** : पर्यटन के पुनर्रचना के लिए डिजिटल एजेंडा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता। • इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने **राष्ट्रीय डिजिटल पर्यटन स्टैक** और **वैकल्पिक गंतव्यों के लिए राष्ट्रीय मिशन–देखो अपना देश अभियान 2.0** का शुभारंभ किया।
28 सितंबर	विश्व रेबीज दिवस	• **थीमः** एक साथ और मजबूत (Stronger together) • लुई पाश्चर की पुण्यतिथि का प्रतीक है जिन्होंने पहला सफल रेबीज टीका विकसित किया था।

दिन	दिवस	विवरण
5 सितंबर	शिक्षक दिवस	• डॉ. एस. राधाकृष्णन (1888) की जयंती, भारत के **दूसरे राष्ट्रपति**।
7 सितंबर	स्वच्छ वायु दिवस	• **थीमः** जलवायु कार्रवाई के लिए स्वच्छ वायु।
11 सितंबर	राष्ट्रीय वन शहीद दिवस	• खेजड़ली बलिदान, 1730 से संबंधितय **अमृता देवी बिश्नोई** और अन्य बिश्नोई समुदाय के लोगों ने खेजड़ी वृक्षों की रक्षा की।
14 सितंबर	हिंदी दिवस	• 14 सितंबर 1949 : संविधान सभा ने ''**देवनागरी लिपि में हिंदी**'' को संघ की ''**राजभाषा**'' के रूप में अपनाया।
15 सितंबर	अभियंता दिवस	• **थीमः "नवाचार और डिजिटलीकरण के माध्यम से सतत भविष्य के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग"** • सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती (1861)।
17 सितंबर	विश्वकर्मा जयंती / पूजा	• भगवान विश्वकर्मा को समर्पित।
23 सितंबर	11वाँ आयुर्वेद दिवस	• **थीमः** स्वस्थ कल के लिए आयुर्वेद • मुख्य राष्ट्रीय समारोह **नागपुर, महाराष्ट्र** में आयोजित।

07 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

पुस्तकें	विवरण
संकल्प से सिद्धि का मोदी युग	• **लेखकः** घनश्याम तिवारी • उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा विमोचित; (27 अगस्त) पिछले 12 वर्षों में भारत की शासन एवं विकास यात्रा पर चर्चा करती है।
भूपेन हजारिकाः Hundred Years of Wandering Songs	• **सम्पादक** : अंकुरण दत्ता एवं नानी गोपाल महंत • असम में उपराष्ट्रपति द्वारा विमोचित (7 सितम्बर) यह 'ब्रह्मपुत्र के कवि' भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी से संबंधित है।
भारत इनोवेट्स	• **विमोचनः** केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी (9 सितम्बर) • 14 से 16 जून 2026 तक नीस, फ्रांस में भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष के तहत आयोजित भारत इनोवेट्स के प्रथम संस्करण का दस्तावेजीकरण किया गया।
अदम्यः कार्य, जीवन और नेतृत्व पर एक कामकाजी महिला के नोट्स	• **लेखकः** अरुंधति भट्टाचार्य • भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व अध्यक्ष की संस्मरण पुस्तक; मुंबई में **अपराजिता शीर्षक** से हिंदी संस्करण का विमोचन किया गया। (10 सितम्बर)
भारत के संविधान के 75 वर्षः द्वंद्व, सक्रियता, विस्तार और पुनरुद्धार''	• सम्पादकः कल्पना कन्नाबिरन 12 सितम्बर • हैदराबाद में विमोचितय भारतीय संविधान के 75 वर्ष तथा संवैधानिक/सामाजिक आंदोलनों के संदर्भ में महत्वपूर्ण।
यात्राः दुःख से आनंद तक	• लेखकः डॉ. कृष्ण अवतार • उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा देहरादून स्थित राजभवन में विमोचित। (14 सितम्बर)
तरंगिणी सार संग्रह बेहतर परिणामों के लिए एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल	• 11वें आयुर्वेद दिवस (23 सितम्बर) के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA) द्वारा विमोचित।
द डिसअपीयरर्स	• लेखकः मार्लन जेम्स • बुकर पुरस्कार 2026 के लिए सूचीबद्ध। (1 सितम्बर)